

// फासलों का अहसास तब हुआ, जब मैंने कहा... ठीक हूं और उसने मान लिया। //

दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

लकड़ी के कीड़े पूरी कुर्सी खा जाते हैं, और कुर्सी के कीड़े पूरा देश।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 05 फरवरी, 2025 | माघ शुक्ल पक्ष: अष्टमी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 35 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12












## न्यूज़ ब्रीफ

### हरियाणा रोडवेज की 22 बसे रोजाना कुंभ के लिए संचालित होगी: विज



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा परिवहन विभाग द्वारा राज्य के प्रत्येक जिला से प्रयागराज में आयोजित किए जा रहे कुंभ के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी। मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में विज ने कहा कि हर जिले से एक बस कुंभ के लिए संचालित की जाएगी और यह बस सेवा हर जिले से प्रतिदिन चलेंगी। विज ने कहा कि बुधवार से यह बस सेवा ही जिला से आरंभ कर दी जाएगी और इस प्रकार से हरियाणा रोडवेज की 22 बसे रोजाना कुंभ के लिए संचालित होगी। दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव के नतीजे 8 तारीख को आने हैं और यह तारीख वही तारीख है जब 8 तारीख को हरियाणा के भी चुनाव के नतीजे आए थे और इन नतीजों की तरह ही दिल्ली के नतीजे भी होंगे।




हरियाणा मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

# पंचायती जमीनों पर बीस साल पुराने कब्जाधारी बनेंगे मालिक

## वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर होगी रजिस्ट्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती जमीनों पर बीस वर्ष से कब्जा करके बैठे लोग अब उस जमीन के मालिक बन सकेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि आज की बैठक में विलेज कॉमन लैंड एक्ट 1961 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में हजारों की संख्या में लोग ऐसे हैं जो वर्षों से पंचायती जमीनों पर मकान बनाकर रह रहे हैं। यमुना तथा मारकंडा नदियों के किनारों पर तो बाढ़ा के चलते पंचायती जमीनों पर गांव ही बसे हुए हैं। ऐसे सब लोगों को राहत देते हुए सरकार ने उन्हें मालिकाना हक देने का फैसला किया है। सैनी ने बताया कि 20 साल से अधिक पुराने कब्जाकार अब कलेक्टर रेट के अनुसार अदायगी करके 500 वर्ग गज तक के एरिया कर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। सैनी ने बताया कि यह कलेक्टर रेट वर्ष 2004 की दरों के अनुसार लिए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने सभी कब्जाधारकों को एक साल का समय दिया है। एक साल की अवधि के भीतर यह मकान फीस अदा करके अपने नाम करवाने होंगे। सैनी ने बताया कि पहले इस तरह के मामले मंत्रिमंडल की बैठक में आते थे और उन पर अंतिम निर्णय लिया जाता था लेकिन अब नियमों में बदलाव करते हुए निदेशक विकास एवं पंचायत विभाग को अधिकृत कर दिया गया है। जमीनों के पंजीकरण के मामले निदेशक स्तर पर ही निपटाए जाएंगे।

विस्तृत खबर पेज-3 पर



### हरियाणा सरकार ने आढ़तियों के लिए जारी किए तीन करोड़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के आढ़तियों को बड़ी राहत प्रदान की है। सरकार ने रबी खरीद में हुए नुकसान की भरपाई के लिए तीन करोड़ दस लाख रुपये जारी कर दिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि रबी फसल खरीद के दौरान आढ़तियों को नमी वाले उत्पादों की खरीद करनी पड़ी थी। जिसके चलते उन्हें आढ़तियों को वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा था। इस संबंध में कई आढ़तियों के शिष्टमंडल भी मुख्यमंत्री से मिल चुके थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आढ़तियों की मांग पर केवल वन टाइम सहायता के लिए सरकार ने तीन करोड़ दस लाख रुपये की सहायता राशि को स्वीकृति प्रदान की है। सीएम ने साफ किया कि यह योजना केवल इस वर्ष के लिए ही मान्य होगी। इसके लिए राज्य सरकार कुल 3,09,95,541 रुपये की राशि वहन करेगी। कुल राशि में से 77,22,010 रुपये खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा वहन किए जाएंगे, जबकि 1,71,16,926 रुपये की राशि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) द्वारा वहन की जाएगी तथा 61,56,605 रुपये हरियाणा राज्य भंडारण निगम (एचएसडब्ल्यूसी) द्वारा वहन किए जाएंगे।

नाराज विज को मनाने पहुंचे भाजपा प्रभारी

## सीएम नायब सैनी ने तोड़ी चुप्पी बोले- विज वरिष्ठ कर सकते हैं हमें सचेत

हरियाणा के परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच चल रहे मतभेद को समाप्त करने के लिए भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचे। पूनिया ने विज के साथ उनके कार्यालय में करीब दो घंटे तक बैठक की। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद हुई इस मीटिंग के दौरान अनिल विज ने प्रभारी को अपनी सारी नाराजगी और शिकायतों से अवगत कराया। विज ने आरोप लगाये थे कि अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते। पत्रकारों ने विज से जब यह सवाल किया कि आल इज वेल (सब ठीक है), तो विज ने कहा, आल विल बी वेल (सब ठीक हो जाएगा)। इससे पहले हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भी अनिल विज करीब आधा घंटा देरी से पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अनिल विज नाराज नहीं हैं। वे हमारे वरिष्ठ नेता हैं। हम कैबिनेट की मीटिंग में एक साथ ही थे। सभी मुद्दों पर बातचीत हुई। डिपार्टमेंट की मीटिंग भी हमने साथ की। विज द्वारा सीएम को लेकर दिये बयान के बारे में नायब सैनी ने कहा कि यह उनका अधिकार है। वह हमें सचेत कर सकते हैं। अफसरों द्वारा मंत्रियों की बात नहीं सुनने के विज के आरोपों को नायब सैनी ने नकार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी होती है। सभी अधिकारी बात मानते हैं, विधायकों की बात भी मानते हैं और मंत्रियों की बात भी मानते हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव

# दिल्ली में वोटिंग आज पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

- सुबह 7 बजे से वोटिंग की शुरुआत होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी
- 13,766 पोलिंग सेंटर बनाएं गए, 1.56 करोड़ वोटर्स करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

अर्थ प्रकाश / नरेश वत्स


फाइल फोटो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर महीनों से चल रहे इस प्रचार संग्राम का समापन हो गया। अब बुधवार को हाई प्रोफाइल सीट नई दिल्ली, कालकाजी, जंगपुरा, पटपड़गंज समेत प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों पर मतदान किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग की टीमें मंगलवार को पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो गई हैं। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों ने अपनी ताकत झोंक दी थी। राजधानी दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में कुल 13,766 पोलिंग सेंटर बनाएं गए हैं। जहां 1.56 करोड़ वोटर्स अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन पोलिंग बूथों पर 83.76 लाख पुरुष और 72.36 लाख महिला मतदाता हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार बुधवार को दिल्ली विधानसभा के लिए वोट डाले जाएंगे। इस दिन सुबह 7 बजे से वोटिंग की शुरुआत होगी, जो शाम 5 बजे तक चलेगी। हालांकि अगर 5 बजे के बाद भी वोट डालने के लिए लाइन में लोग मौजूद रहेंगे तो वो अपना वोट डाल सकेंगे। दिल्ली विधानसभा के साथ ही यूपी के मिल्कीपुर और तमिलनाडु के इरोड पूर्व सीट पर उपचुनाव हो रहे हैं।

### एग्जिट पोल पर निर्वाचन आयोग की रोक

चुनाव आयोग ने वोटिंग के दौरान किसी तरह के भी एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। आयोग की मानें तो 5 फरवरी को सुबह 7 बजे से लेकर शाम को 6.30 बजे तक एग्जिट पोल सर्वे पर पूरी तरह से रोक है। वोटिंग प्रक्रिया पूरी तरह से खत्म होने के बाद एग्जिट पोल सामने आ सकेगा।






बजट सत्र | राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोले पीएम, विपक्ष को दिया जवाब

# जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी : मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में भाषण दिया। अपनी स्पीच में उन्होंने नाम लिए बिना गांधी परिवार, केजरीवाल और विपक्ष के नेताओं के आरोपों के जवाब दिए। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा था कि इसमें कुछ नया नहीं था। राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। मोदी ने इसके जवाब में कहा कि कुछ नेताओं का फोकस घरों में जकूजी पर स्टाइलिश शॉवर्स पर है, लेकिन हमारा फोकस हर घर जल पहुंचाने पर है। 16 करोड़ से ज्यादा घरों में जल का कनेक्शन नहीं था। हमने 5 साल में 12 करोड़ परिवारों को नल से जल देने का काम किया है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में विस्तार से वर्णन किया है। जो लोग गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर अपना मनोरंजन करते रहते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में एक बार फिर जाति जनगणना की मांग दोहराई थी। इसके जवाब में मोदी ने कहा कि पिछले 30 साल से ओबीसी समाज के सांसद एक होकर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा देने की मांग कर रहे थे। यह मांग हमने पूरी की। कोई मुझे बताए क्या एक ही समय में संसद में एसी या एसटी वर्ग के एक ही परिवार के तीन सांसद हुए हैं क्या? पीएम ने यह तंज गांधी परिवार पर कसा। इस समय राहुल और प्रियंका लोकसभा में और उनकी मां सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं।

15 जनवरी को कांग्रेस के नए कार्यालय के उद्घाटन में राहुल गांधी ने कहा था कि हमें इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई लड़नी है। पीएम ने इसके जवाब में कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि आजकल कुछ लोग अर्बन नक्सल की भाषा खुलेआम बोल रहे हैं। अर्बन नक्सल जिन बातों को बोलते हैं, इंडियन स्टेट के सामने मोर्चा लेना। ये अर्बन नक्सल की भाषा लेने वाले इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा करने वाले न इंडियन स्टेट को समझ सकते हैं न देश की एकता को।

मोदी ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा, कि हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सर्वोपरि रखते हैं और इसलिए सरदार पटेल का दुनिया का सबसे बड़ा स्टैच्यू बनाते हैं। उनका स्मरण करते हैं। वो जनसंघ के नहीं थे।

विस्तृत खबर पेज-4 पर

# बड़ी घटना होने पर उस क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी : मान

- मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नरों और एस.एस.पीज को किया स्पष्ट
- संगठित अपराध और मादक पदार्थों के विरुद्ध किसी प्रकार की नरमी न अपनाई जाए
- पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नए सुधार किए जा हैं लागू

गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों को बख्शा न जाए

पुलिस अधिकारियों को अपराध से निपटने के लिए आम लोगों का सहयोग मांगने के लिए कहा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** राज्य में अपराध को काबू में रखने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को कहा कि जिस भी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होती है, तो उस क्षेत्र के संबंधित पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यहां पुलिस कमिश्नरों और एस.एस.पीज के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अपराध को काबू में रखने के लिए प्रभावी पुलिसिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस देश की सबसे बेहतरीन बलों में से एक है और देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए पंजाब पुलिस की शानदार परंपरा को हर हाल में कायम रखा जाना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोगों को न्याय मिलना चाहिए और राज्य में साम्प्रदायिक सद्भावना, शांति और भाईचारे की जड़ें मजबूत रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बड़े पुलिस सुधार लागू करेगी ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य में कठिनाइयों से हासिल की गई शांति को हर हाल में कायम रखा जाए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार पहले ही राज्य में पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर दे चुकी है और पंजाब पुलिस आज विश्वस्तरीय वाहनों से सुसज्जित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए और इस अपराध में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को गुप्त सूचनाएं एकत्रित करने और आम आदमी को न्याय दिलाने पर अधिक जोर देना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नशों के विरुद्ध लड़ाई को जन आंदोलन में बदलना चाहिए और इस उद्देश्य के लिए पंचायतों को प्रेरित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक सख्ती से तोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशों के खतरे के विरुद्ध किसी प्रकार की नरमी न बरतने की नीति अपनाई जानी चाहिए और इस घिनौने अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह रोजाना नशों के विरुद्ध कार्रवाई की निगरानी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर युवाओं को नशों के खतरे के प्रति जागरूक करने के लिए उपयुक्त रणनीति बनाई जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करों की संपत्तियां जब्त की जानी चाहिए और इसमें कोई ढील नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय आ गया है, जब हमें नशों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़नी चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में संगठित अपराध का सफाया करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और गैंगस्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और ऐसे लोगों के विरुद्ध उदाहरण स्थापित करने वाली कार्रवाई की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गैंगस्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि इन समाज-विरोधी तत्वों को रोका जा सके। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य में संगठित अपराध करने वालों को सिर उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें सबक सिखाया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने अपराध की दर को रोकने के लिए आम लोगों के साथ बेहतर तालमेल की भी वकालत की

मुख्यमंत्री ने राज्य भर में अपराध की दर को रोकने के लिए आम लोगों के साथ बेहतर तालमेल की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में अपराध को खत्म करने में मदद मिलेगी जिससे राज्य की शांति, प्रगति और खुशहाली को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। भगवंत सिंह मान ने आम लोगों के सक्रिय सहयोग से आतंकवाद के काले दिनों का मुकाबला करने में पंजाब पुलिस की शानदार भूमिका को याद किया। एक और मुद्दे पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आकस्मिक जांच करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य खामियां निकालना नहीं होना चाहिए बल्कि कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों को सुचारू बनाना होना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे पंजाब पुलिस की कुशलता और बढ़ेगी और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# भारतीय सशस्त्र बलों में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा : सीएम मान

एन.डी.सी. के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

मुख्यमंत्री ने सैनिकों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर राज्य सरकार अधिक ध्यान देगी। नेशनल डिफेंस कॉलेज के कमांडेंट एयर मार्शल हरदीप बैंस ए.वी.एस.एम., वी.एस.एम., के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब का गौरवशाली इतिहास है कि इसके युवाओं ने भारतीय सशस्त्र बलों में देश की सेवा की है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में यह प्रवृत्ति कम हुई है, लेकिन राज्य सरकार युवाओं को सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्थापित माई भागो आर्म्ड फोर्सेस प्रेपरेटरी इंस्टीट्यूट और सी-पाइट केंद्र इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता होने के साथ-साथ पंजाब को देश की शक्ति होने का भी गर्व है और पंजाब के लोग अपनी साहसिक और संघर्षशील भावना के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र धरती के प्रत्येक इंच को महान गुरुओं, संतों, पीरों और शहीदों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिन्होंने हमें अत्याचार, अन्याय और अन्याय का विरोध करने का मार्ग दिखाया है। भगवंत मान ने यह भी कहा कि राज्य की पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर की सीमा लगती है, जिससे सशस्त्र बलों का सहयोग आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा में सशस्त्र बलों, अर्ध-सैनिक बलों, पुलिस और यहां तक कि अग्निवीरों के अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए राज्य सरकार सैनिकों की ड्यूटी के दौरान शहीद होने की स्थिति में परिवार को एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देती है। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की सशस्त्र बलों, अर्ध-सैनिक बलों और पुलिस के जवानों और उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि राज्य द्वारा उठाया गया यह छोटा सा कदम एक तरफ पीड़ित परिवार की मदद करता है और दूसरी तरफ उनका भविष्य सुरक्षित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और कीमती जान बचाने के लिए देश में अपनी तरह की अनूठी पहल के तहत समर्पित सड़क सुरक्षा बल की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि लड़कियों सहित विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त नए भर्ती किए गए 1597 जवान, इस बल की रीढ़ की हड्डी के रूप में काम कर रहे हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस 144 वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। पिछले साल फरवरी में इस बल की शुरुआत के बाद से राज्य में हादसों में होने वाली मौतों में 48 प्रतिशत की कमी आई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन रोकने के साथ-साथ अपने निर्धारित क्षेत्रों में गश्त करता है। प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 से 7 फरवरी तक राज्य का दौरा कर रहे सैन्य, सिविल सेवा और विदेशी देशों के ब्रिगेडियर/संयुक्त सचिव स्तर के 6 विदेशी प्रतिनिधियों सहित 15 अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर पंजाब गौरव महसूस करता है।

# पंजाब में पूर्व विधायक पर 6 राउंड फायरिंग

## क्रेटा कार में सवार थे हमलावर, पुलिस कैमरों की जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फिरोजपुर, 4 फरवरी।** पंजाब कांग्रेस के नेता और पूर्व विधायक कुलबीर जीरा पर फायरिंग की गई। इस फायरिंग में उन्होंने खुद का बचाव किया। पूर्व विधायक ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई।

पुलिस की ओर से इलाके के वीडियो निकाले जा रहे हैं। फिरोजपुर के एसपीडी रणधीर सिंह ने मीडिया को बताया कि 112 पर 10-30 बजे कॉल जरूर आई थी। लेकिन फायरिंग का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस की टीमें हर एंगल से जांच कर रही हैं।

पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में जीरा ने कहा है कि वह बीती रात कहीं जा रहे थे, तभी एक क्रेटा कार ने उनका पीछा किया। इस दौरान छह राउंड फायरिंग की गई। लेकिन गोली किसी को नहीं लगी।

उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। शिकायत के बाद पुलिस उस इलाके में सक्रिय हो गई है, जहां पर फायरिंग की यह घटना सामने आई है।

### खडूर साहिब से लोकसभा चुनाव लड़ा

कुलबीर सिंह जीरा फिरोजपुर से पूर्व में विधायक रहे हैं। वह कांग्रेस के सीनियर मेंबर है। उन्होंने खडूर साहिब से लोकसभा चुनाव अमृतपाल सिंह के खिलाफ लड़े थे। हालांकि चुनाव में उन्हें सफलता नहीं मिली थी। इसके अलावा जून महीने में संपत्ति विवाद में भी उन पर फायरिंग हुई थी।

# प्राकृतिक आपदा व आपातकालीन उपायों के लिए स्कूलों को 4 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी : बैंस

स्कूलों में लगाए जाएंगे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और दिशा-निर्देशों वाले डिस्प्ले बोर्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों को आपातकालीन या प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित घटनाओं के दौरान प्रतिक्रिया करने के तरीकों के बारे में जागरूक करने और बिजली के करंट या आग लगने जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति से बचाव के लिए 4 करोड़ रुपये से अधिक के फंड जारी किए गए हैं।

यहां जारी एक प्रेस बयान में पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स



हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि एलिमेंट्री और सेकेंडरी स्कूलों को पुलिस-112, फायर-101, एंबुलेंस-108, महिला हेल्पलाइन-1091, ट्रैफिक हेल्पलाइन-1073 और चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 जैसे आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों वाले डिस्प्ले बोर्ड लगाने के लिए फंड का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि स्कूल प्रमुखों को स्कूल में आग लगने की घटना या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक निकासी योजना तैयार करने और आवश्यकता अनुसार आपातकालीन पैनिक अलार्म लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ को विद्यालय भवनों की नियमित जांच करने के लिए कहा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विद्युत उपकरण और तारें सही स्थिति में हैं।

किसी भी संकट से निपटने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए, स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए विशेषज्ञों को बुलाकर स्कूलों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि इस संबंध में किए जाने वाले खर्चे को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल के ई.ए.टी. मॉड्यूल के माध्यम से किया जाए और फंड की ऑनलाइन निगरानी के लिए इसे समय पर संबंधित पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा स्कूलों में सुरक्षित माहौल तैयार करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए, स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग राज्य के स्कूलों में विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए सुरक्षित वातावरण और उपयुक्त सुविधाओं को सुनिश्चित करने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के मिशन पर कार्य कर रहा है।

# नशा तस्करी में लिप्त पाए जाने के कारण परिवहन विभाग के दो कर्मचारी निलंबित : भुल्लर

इंस्पेक्टर और कंडक्टर को नशा तस्करी करने पर पुलिस ने किया था गिरफ्तार

विभाग का कोई भी कर्मचारी नशा तस्करी में लिप्त पाया गया तो बख्शा नहीं जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग के दो कर्मचारियों को नशा तस्करी में लिप्त पाए जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है और उनकी सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में और जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि नशा तस्करी में एक इंस्पेक्टर और एक कंडक्टर लिप्त पाए गए हैं। इन दोनों को जालंधर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, और उनके खिलाफ स्पेशल सेल, कमिश्नरेट, जालंधर द्वारा मामला दर्ज किया गया है।

पंजाब के परिवहन मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने के आरोप में पंजाब रोडवेज जालंधर-2 के



इंस्पेक्टर कीरत सिंह और कंडक्टर दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन दोनों कर्मचारियों के निलंबन संबंधी विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं।यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों कर्मचारियों के साथ पकड़ा गया तीसरा व्यक्ति अजीत सिंह राजू, जो नशा तस्करी में गिरफ्तार हुआ है, उसका परिवहन विभाग से कोई संबंध नहीं है। कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान का सपना राज्य से नशे को पूरी तरह खत्म करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की इस प्रतिबद्धता के तहत यदि विभाग का कोई भी कर्मचारी नशा तस्करी में लिप्त पाया जाता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई तुरंत अमल में लाई जाएगी।

# पंजाब ने ई-श्रम पोर्टल पर 57,75,402 श्रमिकों को किया पंजीकृत : सौंद

श्रम मंत्री ने ई-श्रम के तहत पंजीकृत श्रमिकों को मेडिकल बीमा, पेंशन और अन्य लाभ देने की वकालत की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया है कि श्रम विभाग ने भारत सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण के लिए शुरू किए गए ई-श्रम पोर्टल पर 57,75,402 श्रमिकों का पंजीकरण किया है। हाल ही में, सौंद ने नई दिल्ली में श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन में ई-श्रम के तहत पंजीकृत श्रमिकों को मेडिकल बीमा, उनके बच्चों के लिए वजीफा और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव पेश किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, पंजाब बिल्डिंग एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों की सुविधा के लिए पंजीकरण फॉर्म को सरल बनाया गया है और फॉर्म नंबर 27 का पंजाबी में अनुवाद जैसे कई सुधार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी श्रमिक के आवेदन पर कोई आपत्ति होती है, तो संबंधित निर्माण श्रमिक को इस संबंध में एसएमएस भेजा जाता है। इसके अलावा, अब श्रम निरीक्षकों को आवेदन प्राप्त होने के 14 दिनों के भीतर पंजीकरण/नवीनीकरण आवेदन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सौंद ने कहा कि पंजाब बिल्डिंग एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने वजीफा योजना, एलटीसी योजना और शगुन योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के नियमों और शर्तों को भी सरल बनाया है। उन्होंने आगे बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान अब तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 19,055 श्रमिकों को कुल 31.71 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इसी तरह, मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान निर्माण श्रमिकों में कुल 19.53 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।

श्रम मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष पंजाब श्रम कल्याण बोर्ड ने 5,980 लाभार्थियों के बीच कुल 15.36 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।


**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS — DRAW DATE:04/02/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 DIAMOND TUESDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)
4992

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)
9607

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1073 | 3633 | 3829 | 5516 | 5927 | 6177 | 6613 | 6756 | 9677 | 9707 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1005 | 1633 | 3069 | 3396 | 4444 | 4844 | 6467 | 7151 | 7525 | 7728 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0034 | 0094 | 0106 | 0137 | 0150 | 0208 | 0229 | 0271 | 0327 | 0365 |
| 0412 | 0510 | 0646 | 0659 | 0713 | 0719 | 0727 | 0748 | 0750 | 0789 |
| 0855 | 0964 | 1075 | 1150 | 1183 | 1240 | 1263 | 1316 | 1367 | 1398 |
| 1408 | 1416 | 1445 | 1468 | 1520 | 1562 | 1612 | 1630 | 1718 | 1759 |
| 1821 | 1849 | 1968 | 2022 | 2038 | 2209 | 2316 | 2327 | 2347 | 2373 |
| 2379 | 2383 | 2505 | 2537 | 2561 | 2753 | 2758 | 2816 | 2822 | 2843 |
| 2855 | 2880 | 2932 | 2972 | 2983 | 3144 | 3192 | 3205 | 3252 | 3307 |
| 3473 | 3487 | 3554 | 3560 | 3840 | 3899 | 3928 | 3967 | 4005 | 4026 |
| 4064 | 4094 | 4129 | 4298 | 4419 | 4457 | 4557 | 4581 | 4584 | 4669 |
| 4814 | 4873 | 4980 | 5130 | 5301 | 5333 | 5379 | 5424 | 5509 | 5572 |
| 5578 | 5599 | 5631 | 5663 | 5700 | 5746 | 5765 | 5774 | 5844 | 5887 |
| 6000 | 6053 | 6073 | 6253 | 6307 | 6379 | 6449 | 6523 | 6555 | 6583 |
| 6772 | 6790 | 6820 | 6855 | 6869 | 6993 | 7007 | 7011 | 7019 | 7022 |
| 7142 | 7187 | 7218 | 7246 | 7259 | 7297 | 7356 | 7363 | 7366 | 7404 |
| 7421 | 7455 | 7546 | 7601 | 7680 | 7791 | 7815 | 7916 | 8003 | 8009 |
| 8107 | 8143 | 8174 | 8192 | 8194 | 8231 | 8235 | 8255 | 8504 | 8549 |
| 8568 | 8658 | 8744 | 8765 | 8807 | 8826 | 8901 | 8952 | 8998 | 9004 |
| 9008 | 9015 | 9069 | 9074 | 9125 | 9129 | 9153 | 9175 | 9230 | 9241 |
| 9272 | 9414 | 9472 | 9528 | 9552 | 9581 | 9608 | 9718 | 9719 | 9739 |
| 9755 | 9803 | 9816 | 9821 | 9870 | 9875 | 9941 | 9955 | 9979 | 9998 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

Draw Time: 08:00 PM ONWARDS — DATE:04/02/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 200 MONTHLY LOTTERY

MRP Rs 200/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 1.50 Crore (On 6 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 5 Lakh, Total Prize Amount Rs. 1.65 Crore )
746535

2nd Prize Amount (1) Rs. 10 Lakh (On 6 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 50 Thousand, Total Prize Amount Rs. 11.50 Lakh )
741907

3rd Prize Amount (1) Rs. 5 Lakh (On 6 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50 Thousand + Sub Stockist Prize Amount Rs. 20 Thousand, Total Prize Amount Rs. 5.70 Lakh )
614408

4th Prize Amount (500) Rs. 5,000/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-,Total Prize Amount Rs. 5550 /- Each )

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0229 | 1063 | 2375 | 4114 | 4475 | 6513 | 6594 | 8215 | 8628 | 8934 |

5th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.30/-,Total Prize Amount Rs. 2230 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1806 | 3507 | 5464 | 5918 | 5966 | 6866 | 7195 | 7654 | 7851 | 9062 |

6th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.20/-,Total Prize Amount Rs. 1120 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0192 | 2363 | 2440 | 3530 | 4997 | 6211 | 6542 | 7219 | 9020 | 9948 |

7th Prize Amount (20000) Rs. 500/- (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.10/-,Total Prize Amount Rs. 560 /- Each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0001 | 0030 | 0056 | 0059 | 0068 | 0083 | 0090 | 0105 | 0114 | 0116 |
| 0161 | 0172 | 0223 | 0249 | 0268 | 0270 | 0288 | 0297 | 0304 | 0305 |
| 0306 | 0308 | 0383 | 0421 | 0435 | 0446 | 0468 | 0503 | 0509 | 0524 |
| 0560 | 0647 | 0648 | 0665 | 0669 | 0672 | 0675 | 0697 | 0703 | 0734 |
| 0767 | 0789 | 0817 | 0836 | 0854 | 0865 | 0881 | 0908 | 0922 | 0932 |
| 1003 | 1028 | 1106 | 1111 | 1134 | 1161 | 1175 | 1195 | 1201 | 1205 |
| 1236 | 1245 | 1251 | 1254 | 1258 | 1343 | 1352 | 1358 | 1364 | 1410 |
| 1431 | 1478 | 1502 | 1514 | 1561 | 1577 | 1620 | 1652 | 1664 | 1680 |
| 1686 | 1701 | 1733 | 1740 | 1795 | 1834 | 1835 | 1874 | 1878 | 1896 |
| 1932 | 1939 | 1948 | 1973 | 2004 | 2011 | 2050 | 2109 | 2189 | 2213 |
| 2237 | 2273 | 2281 | 2287 | 2355 | 2369 | 2398 | 2413 | 2430 | 2492 |
| 2502 | 2539 | 2594 | 2612 | 2670 | 2690 | 2706 | 2772 | 2797 | 2824 |
| 2835 | 2846 | 2860 | 2892 | 2939 | 2941 | 2959 | 2965 | 2985 | 3017 |
| 3054 | 3078 | 3092 | 3116 | 3141 | 3179 | 3203 | 3224 | 3255 | 3262 |
| 3266 | 3318 | 3361 | 3390 | 3403 | 3466 | 3469 | 3490 | 3533 | 3552 |
| 3555 | 3577 | 3578 | 3584 | 3594 | 3647 | 3648 | 3666 | 3669 | 3670 |
| 3736 | 3764 | 3775 | 3779 | 3817 | 3873 | 3895 | 3907 | 3910 | 3923 |
| 3951 | 3988 | 4001 | 4038 | 4075 | 4145 | 4153 | 4217 | 4287 | 4301 |
| 4336 | 4354 | 4391 | 4404 | 4452 | 4503 | 4513 | 4577 | 4586 | 4626 |
| 4669 | 4671 | 4673 | 4737 | 4761 | 4801 | 4890 | 4895 | 4907 | 4956 |
| 4960 | 4972 | 4983 | 5008 | 5014 | 5052 | 5088 | 5209 | 5228 | 5244 |
| 5274 | 5281 | 5283 | 5301 | 5315 | 5413 | 5441 | 5549 | 5558 | 5572 |
| 5575 | 5578 | 5596 | 5610 | 5679 | 5710 | 5762 | 5782 | 5801 | 5873 |
| 5883 | 5886 | 5890 | 5914 | 5916 | 6004 | 6040 | 6087 | 6090 | 6091 |
| 6116 | 6133 | 6149 | 6158 | 6160 | 6196 | 6207 | 6225 | 6228 | 6265 |
| 6318 | 6326 | 6340 | 6342 | 6365 | 6367 | 6375 | 6387 | 6416 | 6422 |
| 6433 | 6442 | 6468 | 6489 | 6515 | 6520 | 6538 | 6540 | 6590 | 6638 |
| 6644 | 6662 | 6695 | 6713 | 6761 | 6767 | 6809 | 6816 | 6827 | 6839 |
| 6841 | 6845 | 6912 | 6950 | 6953 | 7064 | 7084 | 7098 | 7130 | 7173 |
| 7176 | 7220 | 7239 | 7242 | 7278 | 7298 | 7314 | 7319 | 7346 | 7367 |
| 7384 | 7409 | 7437 | 7444 | 7459 | 7478 | 7558 | 7619 | 7644 | 7649 |
| 7658 | 7659 | 7662 | 7681 | 7683 | 7734 | 7736 | 7738 | 7762 | 7796 |
| 7856 | 7869 | 7964 | 8009 | 8022 | 8058 | 8101 | 8119 | 8157 | 8165 |
| 8230 | 8231 | 8258 | 8273 | 8274 | 8277 | 8302 | 8334 | 8339 | 8340 |
| 8342 | 8379 | 8380 | 8401 | 8419 | 8435 | 8506 | 8514 | 8546 | 8578 |
| 8581 | 8605 | 8640 | 8655 | 8723 | 8760 | 8762 | 8774 | 8865 | 8879 |
| 8936 | 8950 | 8965 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 9273 | 9354 |
| 9365 | 9366 | 9369 | 9402 | 9411 | 9439 | 9470 | 9471 | 9488 | 9495 |
| 9518 | 9555 | 9569 | 9573 | 9575 | 9585 | 9651 | 9707 | 9709 | 9746 |
| 9769 | 9804 | 9807 | 9816 | 9944 | 9972 | 9973 | 9977 | 9980 | 9993 |



ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ
ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਨੰ : 432002 ਰਾਹੀ ਪਲਾਟ ਨੰ: 4161 ਸਾਈਜ਼-300 Sq.Yard, Aerocity, SAS Nagar ਦੇ 100% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Gurmeet Singh Bajwa S/o Shivdev Singh Bajwa R/o F.No. 311, ATS Flats, Barwala Road, Dera Bassi, Distt. SAS Nagar, Pb. ਨੇ Sh. Inderjeet Singh S/o Balwinder Singh R/o H.No. 846 Sec. 79, Mohali ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 497 ਮਿਤੀ 09.05.2022 ਨੂੰ ਦਫਤਰ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, Mohali ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ, ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Sh. Inderjeet Singh S/o Balwinder Singh ਵੱਲੋਂ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੂੰ Ashwani Kumar Mittal S/o Puran Chand Mittal R/o H.No. 77, Urban Estate Sec. 26, Panchkula ਦੇ ਨਾਮ ਵੇਚਣ/ਟਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਪ੍ਰਤੀ ਬੇਨਤੀ ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਨੰ 432002 ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਸੁਪਰਡੰਟ, ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਪਲਾਟ ਨੰ: 4161 ਸਾਈਜ਼-300 Sq.Yard, Aerocity, SAS Nagar ਦੇ 100% ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ਵੇਚਣ/ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਸੁਪਰਡੰਟ ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰ ਹੋਈ ਜੀ ਪੀ ਏ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 4161 ਸਾਈਜ਼-300 Sq.Yard, Aerocity, SAS Nagar ਦੇ 100% ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ਵੇਚਣ/ਟਰਾਂਸਫਰ ਦੀ ਆਗਿਆ ਉਕਤ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਸੁਪਰਡੈਂਟ
ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

AP-9423



ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰ: 49, ਸੈਕਟਰ 63, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Mohinder Kumar Chopra S/o Nauhria Ram Chopra ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 02.08.2023 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। Tehsildar Dadri, Gautam Bhud Nagar ਵਲੋਂ ਜਾਰੀ ਪੱਤਰ ਨੰ: 2023 ਮਿਤੀ 23.09.2023 ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ :-

1. Mandeep Chopra Son
2. Sandeep Chopra Son

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 49, ਸੈਕਟਰ 63, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਅਸਟੇਟ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਪਲਾਟ ਨੰ: 49, ਸੈਕਟਰ 63, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ Tehsildar Dadri, Gautam Bhud Nagar ਵਲੋਂ ਜਾਰੀ ਪੱਤਰ ਨੰ: 2023 ਮਿਤੀ 23.09.2023 ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ

AP-9422



ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



RD No.95, ਦੇ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: SPL-333, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, Commercial Booth 10 Sq yd. ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Madaneshwer Singh Bararia S/o J. S. Bararia ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 20.05.2024 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। Municipal Councillor, Ward No. 12, Panchkula ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੀ ਸਵੈ ਘੋਸ਼ਣਾ ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ Madaneshwer Singh Bararia S/o J. S. Bararia ਦੇ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ :-

1. Saroj Braria Wife
2. Yogeshwar Singh Son
3. Mukeshwar Singh Braria Son

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵਲੋਂ RD No.95, ਦੇ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: SPL-333, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, Commercial Booth 10 Sq yd. ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਅਸਟੇਟ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ RD No.95, ਦੇ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: SPL-333, ਈਕੋਸਿਟੀ-1, Commercial Booth 10 Sq yd. ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ Municipal Councillor, Ward No. 12, Panchkula ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੀ ਸਵੈ-ਘੋਸ਼ਣਾ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ

AP-9421

# हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास में लगाई ऊंची छलांग : मुख्यमंत्री

## हरियाणा में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में ऊँची छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और 2014 के बाद राज्य के हर कोने में बुनियादी ढांचे से लेकर कल्याणकारी कार्यक्रमों में बहुत बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है और आमजन इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से महसूस भी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग भी उपस्थित थे। शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की घोषणा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी निकाय चुनाव को लेकर पूर्ण तैयारी है।



एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सभी निजी अस्पतालों को इलाज का पैसा लगातार रिफंड कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में इस योजना के तहत अब तक लगभग 20 लाख लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

### जब नीयत साफ हो, तो नतीजे भी प्रभावशाली होते हैं

मुख्यमंत्री ने केंद्र की तीसरी टर्म की सरकार के वर्ष 2025-26 बजट को विकसित भारत की मजबूत बुनियाद बताते हुए कहा कि ये बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को मजबूती देने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार चाहे कितना ही अच्छा काम कर ले लेकिन आलोचना करना विपक्ष की मजबूरी है। उन्हें अपनी राजनीति को जिंदा रखना है लेकिन विपक्ष का विरोध एक हद तक ही होना चाहिए जिससे कि समाज को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के सभी मामलों में ऊंची छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए पेश किया गया बजट आलोचकों के लिए जवाब भी है जो विकास को राजनीति के चश्मे से देखते हैं। सरकार ने इस बजट में दिखा दिया है कि जब नीयत साफ हो तो नतीजे भी प्रभावशाली होते हैं।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बुनियाद वाला बजट

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट को समावेशी और हर वर्ग के कल्याण के लिए बताते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बुनियाद है। विकसित भारत से अभिप्राय छः बिन्दुओं से है, जिसमें गरीबी से मुक्ति, शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा, गुणवत्तापरक, किफायती और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच, सार्थक रोजगार के साथ शत प्रतिशत कुशल कामगार, आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी और भारत को दुनिया का खाद्य टोकरा बनाने वाले हमारे किसानों का उत्थान शामिल है। उन्होंने केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के हर वर्ग के उत्थान का एक सशक्त माध्यम है।

### बजट में कृषि क्षेत्र और व्यापारियों के कल्याण पर भी किया गया है फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में किसानों, छोटे उद्योगों और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। बजट में 12 लाख तक की आय कर-मुक्त कर दी गई है, जिससे करोड़ों लोगों को फायदा होगा। किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। धन-धान्य कृषि योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे किसानों की आय में सुधार होगा। बजट में कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन रखा गया है जिससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत होगा। कपास के किसानों को कम ब्याज पर 5 लाख तक का लोन देने का निर्णय लिया गया। यह बजट किसानों के जीवन स्तर को सुधारने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। साथ ही, जुलाई 2024 के बाद जारी 100 से अधिक बीज किस्मों की व्यावसायिक उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस बजट से हरियाणा को भारी लाभ होगा क्योंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है, जिससे छोटे उद्योगों को और अधिक समर्थन मिलेगा। छोटे उद्योगों के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे जिसमें से पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। खिलौना उद्योग के लिए भी 'मेक इन इंडिया' के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी। पीएम स्वनिधि योजना की सफलता को देखते हुए, इसे और सशक्त बनाया जाएगा। बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी बड़े ऐलान किए गए हैं। अगले 5 वर्षो में मेडिकल एजुकेशन में 75,000 नई सीटें जोड़ी जाएंगी। बजट में एससी-एसटी वर्ग की 5 लाख महिलाओं के लिए नई स्कीम की घोषणा की, जिसमें उन्हें 2 करोड़ रुपये का टर्म लोन मिलेगा। साथ ही, स्टार्टअप्स को भी बढ़ावा देने के लिए ऋण सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है।

### हरियाणा वन्य जीव नियम, 2024 को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 2024 को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत वन्यजीव विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार के परमिट प्राप्त करने के लिए मानदंड स्थापित किए गए हैं। हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 1974 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत निरस्त कर दिया गया है, और हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 2024 को हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया। हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 2024 के तहत वन्यजीव विभाग से परमिट और अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में जनता के लिए दिशा-निर्देश और प्रक्रियाएं तैयार की गई हैं। ये नियम वन्यजीव शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान या वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित परमिट देने के लिए विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप प्रदान करते हैं। वे विशेष उद्देश्यों के लिए निर्दिष्ट पौधों के संरक्षण के लिए परमिट देने की प्रक्रियाओं और प्रारूपों को भी रेखांकित करते हैं। इसके अलावा, इन नियमों के तहत, अभयारण्यों की सीमाओं के भीतर भूमि पर सर्वेक्षण या जांच करने के लिए लोगों के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप भी बनाया गया है। इन नियमों में हथियार रखने वाले व्यक्तियों की पंजीकरण प्रक्रिया के लिए भी प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त, ये नए नियम वन्यजीव जानवरों, लेखों और ट्राफियों के व्यापार या वाणिज्य के लिए विस्तृत प्रक्रियाओं और निर्धारित प्रारूपों सहित पूरी प्रक्रिया को परिभाषित करते हैं। ये नियम कानून के तहत अपराधों का संज्ञान लेने के लिए शक्तियों और प्रक्रियाओं को भी परिभाषित करते हैं, साथ ही इसके लिए निर्धारित प्रारूप भी बनाते हैं।

### दिल्ली के लोगों में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान वहां के लोगों ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड योजना के लाभ से वंचित रहे हैं। दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक में ही जरूरतमंद लोगों को उलझा दिया जिसमें सिर्फ फर्स्ट एड की सुविधा ही मिलती है। स्वास्थ्य जरूरत के समय अस्पताल में एडमिट होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना के तहत कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अरविन्द केजरीवाल ने 10 सालों में दिल्ली के लोगों को सिर्फ लॉलीपॉप देने का काम किया। दिल्ली के लोगों में वर्तमान आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष है और वह 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस रोष को निकालने का काम करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### साई दर्शन शिरडी यात्रा का आयोजन

**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** साई बाबा के अनंत आशीर्वाद को प्राप्त करने और उनके दिव्य चरणों में नमन करने का सुनहरा अवसर अब आपके द्वार पर है। श्री साई रसोई सेवा समिति (रजि.) कैथल के सौजन्य से एक भव्य और अध्यात्मिक यात्रा 'साई दर्शन शिरडी यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को साई बाबा की पुण्यभूमि शिरडी की ओर ले जाएगी। यह यात्रा केवल एक सफर नहीं, बल्कि आत्मा के सच्चे मिलन की ओर एक कदम है। कैथल से साई नगर शिरडी जून के पावन महीने में रेलवे नियमों के अनुसार, टिकट 60 दिन पूर्व बुक किए जाएंगे। अतः समय रहते अपनी सीट आरक्षित करें। इस आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु शिरडी साई बाबा के मंदिर में जाकर उनके चरणों में नतमस्तक होंगे, उनकी शिक्षाओं को और अधिक गहराई से महसूस करेंगे, और उनकी कृपा दृष्टि का लाभ प्राप्त करेंगे। यह यात्रा न केवल बाहरी मार्ग है, बल्कि यह आत्मिक जागृति का मार्ग भी है। साई बाबा का संदेश 'सबका मालिक एक' हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति, प्रेम, करुणा और मानवता में है।

### गऊओं की सेवा करने से मिलता है मन को सुकून: हरदीप राणा



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम ने गौकर्ण गौ चिकित्सालय (बेसहारा गोवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा करनाल में गोवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए हरदीप राणा ने दिनेश गौकर्ण व उनकी समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा जो यहां पर गोवंश के रखरखाव की व्यवस्था की गई है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। क्योंकि गौवंशों की सेवा करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं अपने द्वारा किया गया सेवा भाव का कार्य मन को सुकुन देता है। इस अवसर पर हरदीप राणा ने समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से अपील की कि वह भी यहां आकर पुण्य के भागी बने और गौवंशों की सेवा करते रहे। सनातन धर्म में गऊओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। जानकारी देते हुए दिनेश गौकर्ण ने बताया कि जिन भी बच्चों के जन्मदिन होते है वो अपने माता-पिता के साथ यहां आकर हरा चारा, सब्जियां, गुड आदि खिलाकर अपना जन्मदिन मनाते है। इस अवसर पर संस्थापक हरदीप राणा, अनुराधा काम्बोज, संजय वर्मा, सुशील राणा, अनिल चौहान, कर्ण उपस्थित रहे।

### नरिंदर पाल सिंह का निधन

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव स. इंद्रपाल सिंह के बड़े भाई नरिंदर पाल सिंह का निधन तीन फरवरी को हो गया था। उनकी आत्मिक शाति के लिए कीर्तन और अंतिम अरदास सात फरवरी शुक्रवार को दोपहर 12 से एक बज कर तीस मिनट तक गुरुद्वारा गु रु सिंह सभा माडल टाउन में होगी। उनके निधन पर शहर की तमाम सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है।



### जरूरतमंद महिला को दी आर्थिक मदद



**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने जनसुनवाई कार्यक्रम में आई हलके की जनता से कहा कि हमें गरीब लोगों की किसी न किसी रूप में सहायता अवश्य करनी चाहिए। यदि हम किसी जरूरतमंद एवं असहाय की मदद करते हैं, भगवान हमारी मदद किसी न किसी रूप में अवश्य करते हैं। यह शब्द विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने गांव रामपुरा निवासी गरीब एवं असहाय महिला दर्शना देवी को 10 हजार रुपये का चैक देते हुए कहें। जनसुनवाई कार्यक्रम में रामपुरा गांव से आई दर्शना देवी ने विधायक के समक्ष बताया कि उनका बेटा अनिल कुमार काफी समय से बीमार चल रहा है और बीमारी की वजह से उनके बेटे अनिल कुमार की किडनियां खत्म हो गई है और उनके इलाज पर लाखों रुपये खर्च हो गए है और अब स्थिति यह है कि उनके पास अपने बेटे का इलाज कराने के लिए कोई प्रबंध नहीं है और न ही उसके पास आमदनी का कोई साधन है। विधायक ने दर्शना देवी की बात को सुनकर उनकी मदद करने का आश्वासन दिया और मौके पर ही 10 हजार रुपये की राशि का चैक बतौर आर्थिक सहायता प्रदान किया और कहा कि वे सरकार की ओर से भी उनकी मदद करवाने में पूरा सहयोग प्रदान करेगें। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर नीतियां एवं योजनाएं बनाई है। भाजपा सरकार गरीब व असहाय व्यक्तियों के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं चलाई गई ताकि इन्हें समय पर सहायता मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ-साथ हमें भी गरीब एवं असहाय व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए।

# हरियाणा में निकाय चुनाव का बज उठा बिगुल, आचार संहिता लागू

- 8 नगर निगमों, 4 नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं में होंगे चुनाव
- चुनाव आयुक्त ने जारी किया शेड्यूल, जानिए कब वोटिंग और कब रिजल्ट

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**पंचकूला, 4 फरवरी।** हरियाणा में एक बार फिर राजनीतिक माहौल गर्म होने वाला है। प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव 2025 की घोषणा हो गई है। जहां इसके साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई। मंगलवार को स्टेट इलेक्शन कमिशनर धनपत सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 8 नगर निगम समेत अलग-अलग स्थानीय निकायों के लिए चुनाव का शेड्यूल जारी किया। उन्होंने बताया कि, निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया (पानीपत को छोडकर) 11 फरवरी से शुरू होगी, जो 17 फरवरी तक चलेगी। वहीं निकाय चुनाव के लिए 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी, जबकि 12 मार्च को रिजल्ट जारी किया जाएगा। बता दें कि, हरियाणा में 8 निगम निगमों (फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर) में मेयर और सभी वार्ड मेंबर का चुनाव होगा।

वहीं सोनीपत और अंबाला में मेयर उपचुनाव होगा। इसके अलावा 4 नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं में अध्यक्ष और सभी वार्ड मेंबर का चुनाव होगा। वहीं 1 नगर परिषद (सोहना, जिला गुरुग्राम) और 2 नगर पालिकाओं (असंध जिला करनाल और इस्माइलाबाद जिला कुरुक्षेत्र) में उपचुनाव होगा। हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी किया गया है।

पानीपत नगर निगम के लिए कल नोटिस जारी होगा। वहां की मतदाता सूची 19 फरवरी को मतदाता तैयार होगी। 21 फरवरी से नामांकन शुरू होगा जो 27 तक चलेगा। पांच दिन तक 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन दाखिल होंगे। पानीपत नगर निगम में। 28 फरवरी को साढ़े 11 बजे आरओ पानीपत के नामांकन पत्रों की जांच होगी। वैध पाए जाने वाले यदि को नाम वापिस लेना चाहता है तो 1 मार्च को तीन बजे तक वापिस ले सकेगा। उसी दिन चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। 1 मार्च को ही 3 बजे के बाद पानीपत नगर निगम के उम्मीदवारों की सूची और पोलिंग स्टेशन की लिस्ट लगाई जाएगी। लस्ट 9 मार्च 2012 को चुनाव होगा। 1 मार्च से लेकर 7 मार्च तक डोर टू डोर। 8 मार्च को पब्लिक मीटिंग नहीं कर पाएंगे। आवश्यक होने पर पानीपत में यदि चुनाव आवश्यक हुआ तो 11 मार्च को पुनः चुनाव होगा। सभी आठ नगर निगमों, उप चुनावों, और चार नगर परिषदों की मतगणना होगी।

### कहां कहां कब चुनाव

2 मार्च को फरीदाबाद, मानेसर, करनाल, गुरूग्राम, हिसार, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर आम चुनाव होंगे। मेयर और सभी वार्डों के चुनाव होंगे। दो उपचुनाव अंबाला नगर निगम के मेयर चुनाव जो 8 अक्तूबर से रिक्त है। पूर्व मेयर कालका विधानसभा से शक्तिरानी शर्मा विधायक बन चुकी हैं। सोनीपत में भी मेयर पद का उपचुनाव विधायक निखिल मदान के विधायक बनने के बाद से खाली था। चार नगर परिषद पटोदी, गुरूग्राम, थानेसर, सिरसा और अंबाला सदर का चुनाव भी इनके साथ ही होने जा रहा है। 21 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और वार्ड मैंबर के चुनाव होंगे। जिला वार देखें तो अंबाला जिला के बराड़ा, भिवानी जिला के भिवानीखेड़ा, लाहारू, सिवानी, गुरूग्राम में फरूखनगर, हिसार में नारनौल, झज्जर जिले में बेरी, जींद जिले में जुलाना, कैथल जिले में कलायत, सीवन, पुंडरी, करनाल जिले में इंद्री और निलोखेड़ी, महेंद्रगढ़ जिले में अटेली मंडी और गनीना, नूंह जिला में तरावड़ू, पलवल जिले में हथीन, रोहतक में कलानौर, सोनीपत खरखौदा और यमुनानगर में रादौर चुनाव भी इनके साथ ही कराए जाने हैं।

### उपचुनाव के बारे में जानें

उपचुनाव में दो मेयर और सोनीपत और अंबाला के साथ ही नगर परिषद के सोहना के अध्यक्ष पद का चुनाव, जींद कमेटी सफीदों के वार्ड नंबर 16 के मैंबर, करनाल के असंध कमेटी के अध्यक्ष, तरावड़ी वार्ड नंबर 5 में मैंबर, कुरूक्षेत्र के इस्माइलाबाद कमेटी के अध्यक्ष और लाडवा के वार्ड नंबर 11 के मैंबर का चुनाव होना है। उपायुक्त ने बताया कि संबधित उपायुक्तों को कल यानी 5 फरवरी को नोटिस लगाने होंगे। पानीपत को छोड़कर नामांकन 11 फरवरी से 17 तक नामांकन दाखिल होंगे। इस दौरान 12 फरवरी और 16 को अवकाश रहेगा। 18 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से रिटर्निंग अफसर नामांकन पत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद 19 फरवरी को नाम वापिस लिए जाएंगे। यह प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। इसी दिन तीन बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉटमेंट होंगे। साथ ही 19 पोलिंग स्टेशन की लिस्ट पोस्ट कर दी जाएगी। उसके बाद उनके पास 28 फरवरी तक चुनाव प्रचार का समय रहेगा। 1 मार्च को डोर टू डोर प्रचार कर सकते हैं। 2 मार्च को चुनाव होगा। किसी भी कारण से चुनाव नहीं होता तो 4 तक होगा। सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक।

# निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने संगठन चुनाव टाला

- आज पंचकूला में होगी कोर कमेटी की बैठक
- मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में लड़े जाएंगे निकाय चुनाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** हरियाणा में निकाय चुनाव के ऐलान के साथ ही भाजपा एक्टिव मोड में आ गए है। जिसके चलते भाजपा ने संगठन चुनावों की प्रक्रिया को कुछ समय के लिए टाल दिया है। जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को भी होल्ड कर दिया है। बुधवार को पार्टी ने चंडीगढ़ व पंचकूला में अहम बैठकें बुला ली हैं।

सोमवार को देररात तक मुख्यमंत्री आवास में चली बैठक में यह फैसला लिया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी के अलावा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, भाजपा महामंत्री कृष्ण बेदी, सुरेंद्र पूनिया, अर्चना गुप्ता मौजूद रहे। इस बैठक में सहमति बनी की निकाय चुनाव के चलते अभी भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को रोक दिया जाए। जिसके चलते जिला अध्यक्षों के चुनाव निकाय चुनाव के बाद करवाने पर भी गहन मंथन किया गया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव पहले ही होल्ड पर डाल चुकी है।

बीती रात हुई बैठक में यह साफ हो गया है कि निकाय चुनाव प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। क्योकि अब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी निकाय चुनाव के बाद ही होगा। पार्टी द्वारा मंगलवार को जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री आवास भाजपा की बड़ी बैठक होगी। जिसमें पार्टी के सभी विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष तथा जिला प्रभारी मौजूद रहेंगे।

इस बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया भी भाग लेंगे। इस बैठक में निकाय चुनाव के संबंध में विधायकों तथा संगठन के पदाधिकारियों को बकायदा टास्क देकर फील्ड में उतारा जाएगा। बुधवार को ही सीएम आवास की बैठक के बाद पार्टी ने पंचकूला स्थित मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक बुला ली है। इस बैठक में पार्टी के कोर कमेटी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में निकाय चुनाव, सरकार व संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

### हार्वर्ड यूनिवर्सिटी बोस्टन में कान्फ्रेंस में हिस्सा लेंगी कैथल की बेटी अमनदीप गिल

**कैथल (अप्रस)।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी बोस्टन की ओर कैथल की बेटी अमनदीप गिल को एक कान्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण मिला है। यह कान्फ्रेंस छह फरवरी से नौ फरवरी तक होगी और वह इसके लिए रवाना हो चुकी हैं। अमनदीप गिल के पिता इंद्रजीत गिल कैथल जिला के जाने-माने बास्केटबाल खिलाड़ी रह चुके हैं और अब वह भारतीय रेलवे में कार्यरत है। इंद्रजीत रेलवे में नौकरी के दौरान रेलवे की बास्केटबाल टीम में कई राष्ट्रीय सर्विसेज टूर्नामेंट प्रतियोगिताओं में शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके है। इंद्रजीत गिल ने बताया कि उनकी बेटी अमनदीप गिल ने अपनी स्कूली पढ़ाई दिल्ली से हासिल की। दिल्ली विश्वविद्यालय से उसने बीकाम आनर्स और एमकॉम की डिग्री ली। साथ ही नेट की परीक्षा पास की।

# एसएमआर इंटरनेशनल स्कूल ने वार्षिकोत्सव मनाया



अर्थ प्रकाश/दीवान

**सफीदों, 4 फरवरी।** नगर के एसएमआर इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक रामकुमार गौतम ने शिरकत की। वहीं विशिष्टातिथि के रूप में कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी, संजय विनायक जोशी तथा पूर्व विधायक कलीराम पटवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया गया। स्कूल के संस्थापक रामेश्वर दास गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। समारोह में अरुणाचल प्रदेश का नृत्य ,पश्चिमी नृत्य, हिंदी नाटक, नंद महोत्सव और हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करके छात्र-छात्राओं ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि विधायक रामकुमार गौतम ने 10वीं व 12वीं से पास मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, कैश प्राइज और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 11वी कक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को 3100 रूपए व गोल्ड मेडल देकर जबकि, आठवीं के प्रत्येक विद्यार्थी को 2100 रुपए व गोल्ड मेडल और अन्य 11 बच्चों को 1100 रुपए व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों और अनुशासन का विकास होता है। जीवन में संस्कार व अनुशासन का बड़ा महत्व है। इसके बिना व्यक्ति का जीवन में भटकाव बना रहता है। संस्कार से ही अनुशासन की सीख मिलती है। अनुशासन में रहने वाले व्यक्ति का हर काम समय पर होता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन हमारी विशिष्टता का एक अंश है।

# 60 सवारियों से भरी प्राइवेट बस खेतों में पलटी, टीचर सहित दर्जनों सवारियां जखमी

- आसपास के लोगों ने की जख्मी यात्रियों की मदद, घंटों रहा यातायात बाधित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 फरवरी।** गांव किच्छाना से जाखौली जाने वाले लिंक रोड पर बुगी को रास्ता देने को लेकर 60 सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस साथ लगते खदानों व खेतों में पलट गई। इससे दर्जन भर सवारियों को चोटे आई है। जिसमें एक टीचर सहित चार लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। इनका इलाज कैथल के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कैथल असंध मार्ग पर चलने वाली एक प्राइवेट बस जब गांव किच्छाना से जाखौली की तरफ जा रही थी तो सामने से आ रहे एक बुगी को रास्ता देने के चक्कर में बस सड़क किनारे खदानों में उतर गई। जिससे बस का पहिया धसने से बस साथ लगते गेहू के खेत में पलट गई। जिसमें काफी लोगों को चोट आई



इतने में काफी लोग दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। जिन्होंने बस में सवारियों को बाहर निकाला कुछ लोगों को जाखौली, देबवन के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। इनमें एक टीचर सहित चार लोगों को ज्यादा चोट बताई जा रही है जिनका इलाज कैथल के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। जाखौली से किच्छाना कुई तक कैथल असंध मार्ग पर निर्माण कार्य को लेकर किच्छाना कुई पर बैरियर लगाकर रास्ता बंद किया हुआ है। जिससे सभी वाहन गांव किठाना से जाखौली लिंक मार्ग से होकर कैथल असंध जाती हैं। इसके अलावा कुछ बसे गांव कोटडा से जाखौली होकर कैथल जा रही हैं। इससे सड़क ज्यादा चौड़ी न होने के कारण हमेशा हादसे का अंदेशा रहता है।

**आसपास के लोगों ने की यात्रियों की मदद:** जाखौली के पास हुए सड़क हादसे में बस पलट गई। सवारियों से भरी बस पलटने के बाद



आसपास के लोगों ने घायल सवारियों की ममद की। राहगीरों व आसपास के लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ना केवल बचाव कार्य शुरू किया बल्कि डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्होंने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**घंटों रहा यातायात बाधित:** बस पलटने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। राहगीरों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए रास्ते बदल बदलकर आना जाना पड़ा। इसके बाद तितरम पुलिस दलबल सिंह मौके पर पहुंची। उन्होंने क्रेन की सहायता से पलटी बस को वहां से हटाया और रास्ते को खुलवाया। इसके बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली।

# नगर निगम का सूखा मिटाने की हुई शुरुआत

# मेयर ने प्रशासक से शहर की आवश्यक सेवाओं के लिए मांगी वित्तीय सहायता

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** चंडीगढ़ की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने मंगलवार को प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर उनसे जनहित से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और नगर निगम चंडीगढ़ की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ इसके कर्मचारियों के कल्याण का आग्रह किया।

महापौर ने प्रशासक को बताया कि नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) शहर के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने और विकसित करने, स्वच्छता सुनिश्चित करने और बिना लाभ, बिना हानि के आधार पर आवश्यक सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालाँकि, अपने अथक प्रयासों के बावजूद, निगम को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इन महत्वपूर्ण कार्यों को जारी रखने में उसकी क्षमता बाधित हो रही है।

उन्होंने आगे बताया कि एमसीसी की स्थापना के साथ ही चंडीगढ़ प्रशासन के कई विभाग, जिनमें इंजीनियरिंग विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी और अग्निशमन एवं आपातकालीन विंग शामिल हैं, इसके अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित हो गए। इसके अतिरिक्त, अधिसूचित क्षेत्र समिति, मनीमाजरा के कर्मचारी और जिम्मेदारियां भी एमसीसी के दायरे में आ गईं। इंजीनियरिंग विभाग में सार्वजनिक स्वास्थ्य, बी एंड आर, बागवानी और विद्युत विंग शामिल हैं।

मेयर ने कहा कि एमसीसी चंडीगढ़ प्रशासन से मिलने वाली अनुदान सहायता पर अत्यधिक निर्भर है। उन्होंने बताया कि यद्यपि एमसीसी संपत्ति कर और जल बिलों के माध्यम से कुछ राजस्व अर्जित करती है, लेकिन ये धनराशि शहर में नागरिक सुविधाओं के रखरखाव की बढ़ती लागत को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

उन्होंने फरवरी और मार्च 2025 के लिए वेतन, पेंशन, बिजली बिल, ईंधन लागत और अन्य आवश्यक व्यय को पूरा करने के लिए 170 करोड़ रुपये के तत्काल अतिरिक्त अनुदान का आग्रह किया। उन्होंने प्रशासक से अनुरोध किया कि वे चंडीगढ़ प्रशासन को इन निधियों को जारी करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके। नागरिक सेवाओं का सुचारू संचालन।

इसके अलावा, उन्होंने बेहतर वित्तीय नियोजन और संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सक्षम करने के लिए, वित्तीय वर्ष 2025-26 में मासिक संवितरण के बजाय त्रैमासिक आधार पर अनुदान जारी करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ के निवासियों को विश्व स्तरीय नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन से शहर के निरंतर विकास के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

महापौर ने कहा कि प्रशासक ने चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही एक बैठक बुलाने के निर्देश दिए, जिसमें चंडीगढ़ नगर निगम की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### महापौर ने प्रशासक के समक्ष ये प्रमुख मुद्दे उठाए

**सड़क अवसंरचना:** एमसीसी 2,000 किलोमीटर सड़कों का रखरखाव करती है, जिसमें प्रमुख और आंतरिक सड़कें, साथ ही पार्किंग स्थल भी शामिल हैं। सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष 270 किलोमीटर सड़कों का निर्माण या मरम्मत की जाती है, फिर भी इस कार्य से कोई प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त नहीं होता है।

**हरित स्थान और सौंदर्यीकरण:** निगम 1,800 पड़ोस पार्कों, 100 से अधिक बड़े पार्कों और हरित पट्टियों के साथ-साथ 1.75 लाख पेड़ों और झाड़ियों का रखरखाव करता है। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए अधिकांश पार्कों में खुले में जिम स्थापित किए गए हैं - और यह सब एमसीसी के खर्च पर हो रहा है, तथा इसके बदले में कोई आय नहीं हो रही है।

**स्वच्छता और पशु कल्याण:** एमसीसी कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण और आवारा पशुओं की नसबंदी के लिए जिम्मेदार है। यह पशु आश्रयों और आवारा गायों के लिए चारे की आपूर्ति का भी प्रबंधन करता है, जिस पर काफी लागत आती है।

**स्ट्रीट लाइटिंग और बिजली की मरम्मत:** एमसीसी चंडीगढ़ प्रशासन से किसी भी वित्तीय सहायता के बिना प्रमुख सड़कों (वी-3, वी-4, वी-5 और वी-6) पर स्ट्रीट लाइट के रखरखाव का पूरा खर्च वहन करती है।

**वित्त पोषण की कमी और लागत में कटौती के उपाय:** अपनी बढ़ती जिम्मेदारियों के बावजूद, एमसीसी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए केवल 560 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है, जबकि चौथे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार 1,651.75 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। पिछले पांच वर्षों में अनुदान में केवल 4.53त्न की औसत दर से वृद्धि हुई है, जबकि वार्षिक व्यय में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### महापौर ने कहा कि वित्तीय संकट के जवाब में, एमसीसी ने लागत में कटौती के ये उपाय लागू किए

* आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या में कटौती (1,200 पद हटाए गए)।
* अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वाहन व्यय को न्यूनतम करना।
* क्राइसेन्थेमम शो 2024 जैसे आयोजनों में लागत में कटौती।
* जनरल हाउस की बैठकों के खर्च में 50 प्रतिशत की कमी करना।
* वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मनोरंजन व्यय का 50 प्रतिशत स्वैच्छिक समर्पण।

इसके अतिरिक्त, एमसीसी ने जल शुल्क, संपत्ति कर और विक्रेता शुल्क के बकाएदारों से 14.15 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक वसूल किए हैं, यहां तक कि भुगतान न करने के कारण 6,841 विक्रेता साइटों को भी रद्द कर दिया है। हालांकि, प्रमुख संपत्ति कर चूककर्ताओं में सरकारी विभाग भी शामिल हैं, जिनके कई मामले मुकदमेबाजी में फंसे हुए हैं।

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 09 डिग्री से. |
| सूर्योदय | 7.12 बजे |
| सूर्यास्त | 6.02 बजे |
| सोना 24 कैरेट | 85,350.00 |
| सेंसेक्स | 78,583.81 |
| अमेरिका | 87.07 |
| केनेडियन | 60.39 |
| आस्ट्रेलिया | 54.11 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### विदेश का वर्क परमिट दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के थाना 26 पुलिस ने विदेश का वर्क परमिट दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 11 की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उसका कुछ समय पहले उसका संपर्क सेक्टर 7 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के कर्मियो से हुआ था। उन्होंने पीड़िता को झांसे में लेते हुआ कहा था कि वह उसका लक्ज़मबर्ग का वर्क परमिट दिलवा देंगे। पीड़िता उनके झांसे में आ गई।और उसने उक्त आरोपियो को कुल 8 लाख 76 हजार रुपए दे दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद उसने संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें। ना तो उसे विदेश का वर्क परमिट दिलवाया।और न ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान साहिल और अन्य के रूप में हुई है।

### बाप बेटे पर हमला कर जख्मी करने के मामले में आरोपियों पर केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 39 पुलिस ने बाप बेटे पर हमला कर जख्मी करने के मामले में आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 41 निवासी जतिंदर ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। बीते शनिवार को वह अपने परिवार सहित किसी काम से आकर घर की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 41 स्थित मंदिर के पास पहुंचा तो वही पर खड़े आरोपियों ने बिना किसी कारण बाप बेटे पर हमला कर जख्मी कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों जख्मियों को ईलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कपिल, पवन, विजय और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यह केवल सलाहकार परिषद नहीं, बल्कि शहर के विकास के लिए सहयोगात्मक भागीदारी का एक मंच है: प्रशासक

पुनर्गठित प्रशासक सलाहकार परिषद की पहली बैठक आयोजित

कहा हम विशेषज्ञों और निवासियों के साथ मिलकर एक बेहतर शहर बनाने के लिए काम करेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 5 फरवरी।** पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी नीतियों को विकसित और लागू करना है जो न केवल शासन को बेहतर बनाएं बल्कि हमारे नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करें।

प्रशासक की अध्यक्षता में प्रशासक सलाहकार परिषद (एएसी) की बैठक आज होटल माउंटव्यू में आयोजित की गई। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव, आईएएस राजीव वर्मा ने कहा कि प्रशासक सलाहकार परिषद शहर की प्रगति में तेजी लाने के लिए प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के लिए नीतिगत मुद्दों और पहलों पर चर्चा करने का एक मंच है। उन्होंने एएसी के सदस्यों से शहर के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खेल, पर्यटन और परिवहन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करने और सुझाव देने को कहा।

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शहर से संबंधित विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि एएसी के सदस्यों ने बेहतर पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए शासन ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता में सुधार, मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनका बेहतर उपयोग करने तथा शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के संबंध में विभिन्न सुझाव दिए। निवेश, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप नीति, कौशल और उद्योग से संबंधित मुद्दों के बारे में विभिन्न इनपुट दिए गए।

सदस्यों ने चंडीगढ़ को 'झुग्गी मुक्त', 'भिखारी मुक्त' बनाने और शहर में रहने वाले दिव्यांगों और बुजुर्ग आबादी के लिए एक व्यापक नीति की आवश्यकता के लिए भी बहुमूल्य सुझाव दिए। सार्वजनिक सुरक्षा, उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली और मजबूत साइबर अपराध रोकथाम उपायों को बढ़ाने के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए। इसके अलावा, शहर के निवासियों की लगातार उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए सीएचबी की आवासीय इकाइयों में जरूरत आधारित बदलाव, एफएआर में वृद्धि, भवन उपनियमों में संशोधन, छोटे औद्योगिक भूखंडों के रूपांतरण आदि के मुद्दे भी उठाए गए। इस बात पर भी चर्चा की गई कि शहर के विकास को नागरिकों की बदलती गतिशीलता और आवश्यकताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा, चंडीगढ़ को एक मॉडल के रूप में विकसित करने के संबंध में 'शिक्षा केंद्र', 'खेल केंद्र' और 'चिकित्सा पर्यटन केंद्र' जैसे कई सुझाव दिए। वृक्षारोपण में वृद्धि और अधिक हरित स्थानों के विकास के माध्यम से शहर के हरित आवरण का विस्तार करने के संबंध में विभिन्न पहलों पर भी चर्चा की गई।

यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि हमें चंडीगढ़ को एक आधुनिक शहर में बदलने के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है, जो शहरी विकास, स्थिरता और नागरिक केंद्रित शासन के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करे। प्रशासक ने अभिनव नीति समाधानों को अपनाकर शहर के परिवर्तन में अग्रणी सामुदायिक भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए चंडीगढ़ के विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रशासक ने आगे कहा कि चंडीगढ़ हमेशा प्रगतिशील विकास का प्रतीक रहा है और हमारा प्रयास वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को एकीकृत करना, प्रौद्योगिकी को अपनाना, नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करना होना चाहिए ताकि हम चंडीगढ़ को एक ऐसे शहर में बदल सकें जो सभी क्षेत्रों में पूरे देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करे। एएसी के सभी सदस्यों ने चंडीगढ़ को प्रगतिशील, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहर बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में मेयर हरप्रीत कौर बबला, विवेक प्रताप सिंह, आईएएस, राज्यपाल के प्रधान सचिव, सुरेंद्र सिंह यादव, आईपीएस, डीजीपी चंडीगढ़, मंदीप बराड़, आईएएस, गृह सचिव, दीप्रवा लाकड़ा, आईएएस, सचिव वित्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### मेयर ने सलाहकार परिषद की बैठक में प्रशासक से समस्याओं के समाधान की भी की अपील

चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से चंडीगढ़ के गांवों के निवासियों और किसानों के सामने आने वाली ज्वलंत समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। सलाहकार परिषद की बैठक के दौरान महापौर ने चंडीगढ़ के 24 गांवों में लाल डोरा के बाहर रहने वाले निवासियों के लिए नियमित जल कनेक्शन की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इन निवासियों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध होने के बावजूद, वर्तमान में महंगे पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। महापौर ने इस बात पर जोर दिया कि पानी एक बुनियादी आवश्यकता है और उन्होंने यूटी प्रशासन से नगर निगम को कानूनी जल कनेक्शन की सुविधा के लिए जल उपनियमों में संशोधन करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, महापौर ने चंडीगढ़ के गांवों के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर लैंड पूलिंग नीति के कार्यान्वयन की पुरजोर वकालत की। प्रस्ताव, जिसे 2022 में एमसी हाउस द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था, का उद्देश्य एक संरचित और कानूनी तंत्र के माध्यम से लगभग 2,900-3,000 एकड़ भूमि विकसित करना है। यह नीति न केवल अवैध अतिक्रमणों पर अंकुश लगाएगी, बल्कि किसानों और प्रशासन दोनों के लिए जीत-जीत वाला समाधान प्रदान करेगी। जिससे भूमि मालिकों के हितों की रक्षा करते हुए योजनाबद्ध शहरी विकास सुनिश्चित होगा, भूमि पूलिंग नीति के प्रमुख लाभों में लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवादों और मुकदमेबाजी का समाधान, चंडीगढ़ के विकास के लिए नए क्षेत्रों का विकास व शहर के लगभग 70,000 भूस्वामियों/किसानों को आर्थिक सुरक्षा शामिल हैं।

# नगर परिषद ने एक हफ्ते में प्रॉपर्टी टैक्स से इकत्र किये डेढ़ करोड़ रुपए

टैक्स ना भरने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आएगी नगर परिषद

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग




**जीरकपुर, 4 फरवरी।** प्रॉपर्टी टैक्स ना चुकाने वाले लोगों के खिलाफ नगर परिषद अब सख्ती करने वाली है। नगर परिषद द्वारा समय समय पर लोगों को टैक्स भरने के लिए अपील भी की जाती है और उन्हें छुट भी दी जाती है। लेकिन इस सबके बावजूद जो लोग टैक्स नही भर रहे हैं अब नगर परिषद उनके खिलाफ सख्ती करने के मूड में है। पिछले एक सप्ताह में नगर परिषद द्वारा दस होटल मालिकों को नोटिस भेजा था। जिनमें से छह होटल मालिकों ने टैक्स भर दिया है और जिन चार होटल मालिकों ने नगर परिषद के टैक्स के नोटिस का कोई जवाब नही दिया है। नगर परिषद ने उनके खिलाफ एक नोटिस जारी कर एक हफ्ते का समय दिया है अन्यथा उनकी प्रॉपर्टी सील कर दी जाएगी। वहीं पिछले एक सप्ताह की बात करें तो नगर परिषद ने एक करोड़ 52 लाख सात हजार पांच सो बारह रूपये प्रॉपर्टी टैक्स इकत्र किया है। जिसमें एक टैक्स पेयर से नगर परिषद ने 84 लाख रूपये टैक्स वसूल किया है। यहां यह भी बताना अनिवार्य है की पिछले वर्ष 2023 से 2024 में नगर परिषद ने 23 करोड़ 55 लाख रूपये टैक्स इकत्र किया था। वहीं पिछले वर्ष नगर परिषद ने वन टाइम सेंटलमेंट पॉलिसी के तहत टैक्स पेयर से 14 करोड़ 11लाख रूपये वसूल किए थे। इस बार नगर परिषद का टारगेट पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा टैक्स इकठा करने का है। जिस पर अलग अलग तरीकों से काम किया जा रहा है।

नगर परिषद द्वारा लोगों की सुविधा के लिए सेल्फ असेसमेंट पॉलिसी के तहत टैक्स भरने की सुविधा भी इस बार लोगों के लिए जारी की है। जिस का मतलब यह है के यदि किसी प्रॉपर्टी का रिकार्ड नगर परिषद के पास नहीं है तो वह लोग खुद अपनी प्रॉपर्टी की असेसमेंट करके टैक्स भर सकते है। लेकिन यदि सेल्फ असेसमेंट में कोई गलती या झूठी जानकारी पाई जाती है तो नगर परिषद अन लोगों से डबल टैक्स वसूलने की हकदार है। जिस प्रॉपर्टी का रिकार्ड नगर परिषद के पास है उसका टैक्स लेने की जिम्मेवारी नगर परिषद खुद पूरी कर रही है। इसके लिए टैक्स ना भरने वालों को नगर परिषद द्वारा नोटिस भेजकर टैक्स वसुला जा रहा है और ना भरने वालों के प्रॉपर्टी कुर्क, सील या अटैच की जा सकती है। जिसके जुर्माने व खर्चे की जिम्मेवारी उस टैक्स पेयर की होगी।

हम समय समय लोगों की अपील करते रहते हैं और कई स्कीमें निकालकर या टैक्स में छुट देकर टैक्स जमा करवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है। वन टाइम स्कीम भी निकाली जाती है। इसके इलावा जो लोग बिलकुल भी टैक्स नही भर रहे हैं, इस बार उमने उनको नोटिस भेजकर सूचित किया है। यदि वह लोग फिर भी नही भरते तो उनकी प्रॉपर्टी, कुर्क, सील या अटैच की जा सकती है। जिसके जिम्मेवारी उनकी खुद की होगी। इस बार हमने लोगों की सुविधा के लिए सेल्फ असेसमेंट पॉलिसी भी अडॉप्ट की है।

**अशोक पथरिया, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।**

# मोहाली में दो गुटों के बीच झगड़ा, 2 युवक की हालत गंभीर

## तलवार और पत्थरों से किया हमला, 3 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 4 फरवरी।** मोहाली में एक मामूली विवाद ने भयंकर रूप ले लिया, जब दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर तलवारों, ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने युवकों को नशा बेचने से रोका था, जिससे उन पर हमला किया गया।

घटना गांव जगतपुरा की गुरु नानक कॉलोनी की है, जहां रमेश के सिर पर तलवार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा मनी नामक एक अन्य युवक भी इस हिंसक झड़प में घायल हुआ। दोनों घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।



फेज-11 थाना पुलिस ने घायल रमेश के बयान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जगतपुरा निवासी अक्षय, मोहाली निवासी हिम्मत सिंह और पटियाला निवासी जोध सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हमले में इस्तेमाल की गई तलवार भी बरामद कर ली है।

डीएसपी सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल के अनुसार, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों गुट एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं। फेज-11 थाना प्रभारी गगनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है।

# नगर निगम सदन की 7 फरवरी की बैठक में होगा एफ एंड सीसी का चुनाव

निर्विरोध नहीं हो पायेगा चुनाव

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ की 345वीं सदन बैठक में कुल तीन प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी। इसके अंतर्गत आगामी 7 फरवरी को मेयर हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में निगम सदन की होने वाली पहली बैठक में पांच सदस्यीय वित्त एवं अनुबंध समिति (एफ एंड सीसी) के लिए निर्वाचन होगा।

यह समिति वर्ष 2025 की एक वर्ष की अवधि के लिए गठित की जायेगी।

इसके अलावा वर्ष 2025 के लिए तीन कमेटियों का गठन भी किया जायेगा। बैठक में विगत 24 दिसंबर 2024 के मिनट की कार्रवाई कन्फर्म की जायेगी। निगम सदन की बैठक असेंबली हॉल में सुबह 11 बजे होगी।

गत दिवस यानि सोमवार 3 फरवरी को वित्त एवं अनुबंध कमेटी के लिए पांच सदस्यीय कमेटी के चुनाव में भागीदारी करने के लिए कुल 6 पार्षदों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इसलिए एफ एंड सीसी के लिए चुनाव अब निर्विरोध रूप से हो पाना संभव नहीं है।



भाजपा के पार्षद सौरभ जोशी और जसमनप्रीत सिंह एफ एंड सीसी के लिए नामांकन दाखिल करते हुए। **फोटो: अजीत कौशल**



कांग्रेस के गुरप्रीत सिंह गाबी नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर गुरिंदर सिंह सौढ़ी के पास एफ एंड सीसी के लिए नामांकन दाखिल करते हुए। **फोटो: अजीत कौशल**



आम आदमी पार्टी के योगेश ढींगरा व सुमन एफ एंड सीसी के लिए नामांकन दाखिल करते हुए। **फोटो: अजीत कौशल**

### इन पार्षदों ने किया नामांकन

नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन भाजपा के सौरभ जोशी और जसमनप्रीत सिंह ने नामांकन भरे। इसी प्रकार कांग्रेस की ओर से पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने नामांकन दाखिल किया। किंतु आम आदमी पार्टी की तरफ से तीन पार्षदों ने समिति के लिए नामांकन भरे। इनमें पार्षद योगेश ढींगरा, पार्षद पूनम और सुमन देवी के नाम शामिल हैं। बताना जरूरी है कि वित्त एवं अनुबंध समिति के लिए कुल पांच सदस्य होते हैं। किंतु इस बार 6 पार्षदों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। इसलिए इसमें चुनाव होना तय है। पर यदि किसी एक पार्षद ने अपना नाम वापस ले लिया तो निर्विरोध रूप से पांच सदस्य चुन लिए जाएंगे।

### पूनम ने की बगावत

बता दें कि आम आदमी पार्टी की पार्षद पूनम ने बागी होकर एफ एंड सीसी के लिए नामांकन भरा है। इसलिए एफ एंड सीसी के लिए आगामी 7 फरवरी को होने वाला चुनाव भी दिलचस्प होगा। क्योंकि वित्त एवं अनुबंध समिति के लिए कुल 5 सदस्य होते हैं। परंतु आम आदमी पार्टी से पार्षद पूनम ने बागी होकर नामांकन भर दिया है। इसलिए अब यह चुनाव भी काफी दिलचस्प होने वाला है। यदि किसी एक पार्षद ने अपना नामांकन वापस ले लिया तो निर्विरोध चुनाव की घोषणा भी हो सकती है।

### आप में सब कुछ ठीक नहीं

आम आदमी पार्टी के पार्षद योगेश ढींगरा और सुमन देवी ने अधिकारिक रूप से पार्टी की तरफ से नामांकन भरे। परंतु पार्षद पूनम ने बगावत कर अपने नामांकन दाखिल किए। इनके नाम का प्रस्ताव पूर्व मेयर कुलदीप कुमार ने किया, जबकि सेकेंड किया पार्षद मुनव्वर ने। इसलिए आम आदमी पार्टी के भीतर अब भी सब कुछ ठीक नहीं है।

सम्पादकीय

# महाकुंभ में हुए हादसों का पूर्ण सच सामने आना जरूरी

**समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस प्रकरण में पारदर्शिता की मांग की है। उनका यह आग्रह उचित भी है, क्योंकि अभी तक सरकार की ओर से 30 से ज्यादा मौतों की सूचना नहीं दी गई है। जबकि हादसा स्थल पर सैकड़ों की तादाद में जूते-चप्पल और कपड़े पड़े हुए थे। यह सब किसका सामान था। आजकल मीडिया लगातार ऐसी खबरें दे रहा है, जिसमें लोग बता रहे हैं कि उनके परिजनों के साथ किस प्रकार घटना घटी। कितने ही लोग अब भी लापता हैं, आखिर वे कहां चले गए। जबकि महाकुंभ में सरकार की ओर से हजारों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और जगह-जगह सूचना केंद्र बने हैं। पुलिस कर्मचारियों की भारी सुरक्षा है, स्वयंसेवक काम कर रहे हैं और मीडियाकर्मी भी मौजूद हैं।**

प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन इस बार जिस तरह से विवादों में आया है, वह चिंताजनक है। मेले में भगदड़ से हुई मौतों का सही आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है और विपक्ष अगर इस पर सवाल उठा रहा है तो यह स्वीकार्य होना चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं सांसद अखिलेश यादव ने लोकसभा में इस मामले को उठाते हुए जिस प्रकार से यूपी सरकार को घेरा है, वह समयोचित है, हालांकि इतने बड़े आयोजन में किसी न किसी अनहोनी की आशंका सदैव बनी रहती है। यूपी सरकार की महाकुंभ के आयोजन को लेकर तैयारियों की गंभीरता इसी बात से समझी जा सकती है कि स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रात-दिन मेले के संबंध में रिपोर्ट लेते हुए निगरानी कर रहे थे। जाहिर है, मेले में जो हुआ वह बेहद दुखद है और जिनकी जिंदगी बीत गई, उनके परिजनों को इसकी पूर्ति नहीं हो सकती। लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति न हो, यह जरूरी है। बेशक, यूपी सरकार की वह खुमारी भी इस हादसे के बाद टूट गई, जिसमें वह यह मानकर बैठी थी कि सब कुछ सही हो रहा है और अधिकारी लोग सब कुछ अच्छे से मैनेज कर रहे हैं। हालांकि यह शाश्वत सत्य भी है कि अधिकारियों को भी मैनेज किए जाने की जरूरत होती है और यह काम राजनीतिक स्तर पर होता है। वसंत पंचमी पर महाकुंभ में फिर करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे, लेकिन इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। क्या यह नहीं माना जाना चाहिए कि अगर नौकरशाही अलर्ट पर होगी तो सब कुछ सही होगा लेकिन अगर अधिकारियों ने यह मान लिया कि सब कुछ सही हो रहा है, ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं है तो हादसे होंगे ही।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस प्रकरण में पारदर्शिता की मांग की है। उनका यह आग्रह उचित भी है, क्योंकि अभी तक सरकार की ओर से 30 से ज्यादा मौतों की सूचना नहीं दी गई है। जबकि हादसा स्थल पर सैकड़ों की तादाद में जूते-चप्पल और कपड़े पड़े हुए थे। यह सब किसका सामान था। आजकल मीडिया लगातार ऐसी खबरें दे रहा है, जिसमें लोग बता रहे हैं कि उनके परिजनों के साथ किस प्रकार घटना घटी। कितने ही लोग अब भी लापता हैं, आखिर वे कहां चले गए। जबकि महाकुंभ में सरकार की ओर से हजारों सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और जगह-जगह सूचना केंद्र बने हैं। पुलिस कर्मचारियों की भारी सुरक्षा है, स्वयंसेवक काम कर रहे हैं और मीडियाकर्मी भी मौजूद हैं।

यानी अगर कोई गुम होता है तो अपने आसपास सूचना देकर अपने परिजनों तक पहुंच सकता है। लेकिन अगर कोई सूचना ही नहीं दे पाएगा तो उसका रिकार्ड भी कैसे सामने आएगा। कहा जा रहा है कि मॉर्चरी में अनेक शव बगैर पहचान के पड़े हैं। राज्यसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने तो मौतों का आंकड़ा हजारों में बता दिया। इस पर सभापति ने उनसे इसका प्रमाण मांगा। तब उन्होंने कहा कि सरकार अगर आंकड़ा सामने लाती है तो वे भी खुद को करेक्ट करना चाहेंगे। जाहिर है, विपक्ष पहले से मुद्दों की तलाश में था और महाकुंभ में किसी अनहोनी की आशंका पहले से संभावित थी। इसकी शुरुआत उस दिन हो गई थी, जब मेले में बने स्टॉल, कॉटेज जल गए थे। उस समय भी विपक्ष ने बदइंतजामी का आरोप लगाया था, हालांकि इसके बाद मौनी अमावस्या पर जो भीड़ स्नान के लिए पहुंची, उसको नियंत्रण करने में हुई लापरवाही ने भगदड़ की ऐसी घटना को अंजाम दे दिया, जिससे कलंक के छींटे सरकार के दामन पर गिरे और मामला विवादित हो गया। अब विपक्ष की ओर से इस मामले पर अगर सर्वदलीय बैठक बुलाई जा रही है तो इस पर विचार होना चाहिए। जाहिर है, विपक्ष राजनीति कर रहा है लेकिन यह राजनीति उन दुखियारे परिवारों के लिए है, जिन्होंने अपनों को खो दिया। कहा जा रहा है कि उन मृतकों के लिए शोक नहीं करना चाहिए लेकिन कोई यह तो बताए कि क्या महाकुंभ में वे लोग यह सोच कर गए थे कि उन्हें पुण्य नहीं मौत मिलेगी।

गौरतलब है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समर्थन में अनेक नेता महाकुंभ में हुई लापरवाही को षड्यंत्र बता रहे हैं। भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने तो कहा भी है कि इस प्रकरण की जांच जारी है और सच जल्द सामने आएगा। जाहिर है, सरकार के पास अपना तंत्र होता है, अगर ऐसा षड्यंत्र रचा जा रहा था तो उसकी भनक उसे लगनी चाहिए थी। साजिश किसने रची, क्यों रची। इसका सच क्या है, यह भी एक रहस्य ही रहेगा। मेले में भगदड़ की न्यायिक जांच जारी है। इस जांच में कुछ तो सामने आएगा। सरकार को यह मानना चाहिए कि आयोजन में किसी न किसी स्तर पर लापरवाही रही है। बेशक, आगामी आयोजनों के दौरान सुधार की गुंजाइश रखी जानी चाहिए, लेकिन अपनी कमी के चलते दूसरों के जीवन से हुए खिलवाड़ का पूर्ण सच भी सामने आना चाहिए।

# किचन में ही हैं कैंसर बचाव के प्रभावी मसाले



हर साल चार फरवरी को 'कैंसर- डे' मनाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य है दुनिया भर में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना लोगों को शिक्षित करना और इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना।



यह दिन कैंसर से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लिए समर्थन और एकजुटता का प्रतीक है। इस लेख के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व कैंसर से बचने के लिए सरल उपायों के बारे में कुछ विवरण है।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। एक आंकड़े के अनुसार विश्व में 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं, भारत में सालाना बढ़ते कैंसर मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है, जिसके गंभीर परिणाम यह भी हैं कि अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिखकर आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। इसमें बताया कि देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इस पर तेजी से कार्य चल रहा है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित की गई हैं और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

आंकड़े बताते हैं कि कैंसर से भारत में साल 2020 में 7,70,230, वर्ष 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की कैंसर से मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या साल 2022 में 14,61,427 रही। वहीं, 2021 में यह 14,26,447, जबकि 2020 में 13,92,179 रही। सबसे ज्यादा कैंसर के मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। यहां साल 2020 में इनकी संख्या 2,01,319 थी, जबकि 2021 में 2,06,088 और 2022 में 2,10,958 मरीज मिले हैं। वहीं, सबसे कम कैंसर मरीज केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में हैं। यहां 2020 में 27, जबकि 2021 और 2022 में 28-28 मरीज मिले हैं।

आईसीएमआर ने लिखा कि भारत में एक चुनौती कैंसर स्क्रीनिंग की कम कवरेज है। केवल कुछ ही जिले स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार स्क्रीनिंग को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं, जबकि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) जैसे फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर कैंसर स्क्रीनिंग कर सकते हैं। इसे बढ़ावा देने और सही प्रशिक्षण देकर जमीनी स्तर पर बदलाव लाए जा सकते हैं।

प्रशिक्षण के साथ-साथ आप अपने लाइफ स्टाइल मैं बदलाव और अपने ही रसोई में रखें

देसी मसालों का प्रयोग कर कैंसर रोकथाम के उपाय कर सकते हैं, जो बहुत ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

पद्मभूषण से सम्मानित कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेश आडवाणी के अनुसार किचन में मौजूद मसालों का सही तरह से प्रयोग करके कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। हाल ही में अमेरिका में की गई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक हमारे घरों में उपयोग किए जाने वाले मसालों में कैंसर से लड़ने के बहुत प्रभावी गुण पाए गए हैं।

पहले हम बात करते हैं, हमारे रसोई घर में प्रयोग होने वाली हल्दी की, हल्दी में करक्यूमिन नाम का पदार्थ होता है, जो कैंसर को रोकता है। हल्दी प्रोस्टेट, पाचनतंत्र और गर्दन के कैंसर से बचाव में काफी सहायक है ।यह ब्रेन ,ब्रेस्ट और कोलन कैंसर के खिलाफ भी प्रभावी है। हल्दी में एंटीआक्सीडेंट होते हैं। प्रतिदिन हल्दी की आधा चम्मच से एक चम्मच तक लेना कैंसर बचाव में उपयोगी हो सकता है।

इसके बाद बात करते हैं, अदरक की। अदरक में पाए जाने वाला जींजरोल केमिकल एंटीऑक्सीडेंट और सूजन रोधी गुणों के लिए माना जाता है। यह फ्री रेडिकल्स को नष्ट कर कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकते हैं । यह कोलन पेनक्रियाज और ओवेरियन कैंसर रोकने में बेहद सहायक है। एक से दो ग्राम तक अदरक पाउडर या 1 से 2 इंच लंबे अदरक का प्रतिदिन प्रयोग करना कैंसर रुकावट में बेहद उपयोगी पाया गया है।

रसोई में रखी गई काली मिर्च की बात करें तो इसमें फ्लेवोनॉयड्स और फेनोलिक एसिड पाए जाते हैं। रिसर्च में पाया गया है कि यह दोनों शरीर में कैंसर के विकास को रोक सकते हैं ।इसमें पाइपरीन भी होता है जो करक्यूमीन के अवशोषण को 2000त्न तक बढ़ा देता है। हल्दी के साथ काली मिर्च का चम्मच का चौथाई हिस्सा मिलाकर प्रतिदिन खाने के प्रयोग में लाया सकता है।

इसी प्रकार से लहसुन की बात की जाए तो इसमें सल्फर के कंपाउंड्स पाए जाते हैं यह कोलोरेक्टल कैंसर के जोखिम को कम करता है। एलिसन योगिक भी इसमें होता है जो डी एन ए क्षति रोकने और कैंसर सेल्स की ग्रोथ कम करने में सहायक है। लहसुन की एक दो कच्ची कली या तीन से चार पक्की हुई कलियों का प्रयोग करना बेहद लाभकारी है।

इसी तरह से रसोई में प्रयोग होने वाली दाल चीनी की बात की जाए तो यह कैंसर से बचाव में बहुत ही लाभकारी पाई गई है। इसमें सिनामालडिहाइड और और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो कैंसर सेल्स का विकास रोक सकते हैं। ब्लड शुगर को नियंत्रित रखकर कैंसर के रिस्क को कम करने में मददगार होते हैं। प्रोस्टेट कैंसर की रोकथाम में दालचीनी बहुत उपयोगी पाई गई है। दालचीनी काआधा से एक चम्मच तक पाउडर प्रतिदिन लिया जा सकता है।

देश के 2025- 26 के बजट में कैंसर जैसी भयंकर बीमारी के इलाज और रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए गए है।स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए भी कई बड़े ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जुड़ी 36 दवाओं पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इन्हें पूरी तरह से ड्यूटी फ्री बनाया जाएगा।

वित्त मंत्री ने बजट में यह भी ऐलान किया है कि अगले तीन सालों में देशभर के सभी जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। इस वित्त वर्ष में ही ऐसे 200 सेंटर खोले जाएंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी ऐलान किया कि मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। इस प्रकार से भारत की जनता को पर्याप्त मात्रा में डॉक्टरों की उपलब्धि हो पाएगी। यह सरकार का प्रभावी प्रयास कहा जा सकता है । फिर भी कैंसर से बचाव व रोकथाम के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। साथियों आप जहां कहीं भी हैं कैंसर जागरूकता में अपना योगदान दे ,तभी 4 फरवरी के कैंसर दिवस की सार्थकता बढ़ेगी।

**-सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### शहर में दो नौजवानों द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़। नगर में गत रात्रि के दौरान दो युवकों द्वारा आत्म हत्या कर लेने का समाचार है, जिनमें से एक सुखना झील में छलांग लगाकर व दूसरे द्वारा अपनी गर्दन में चाकू मार कर हत्या कर लेने की जानकारी मिली है। आज सवेरे रविन्द्र सिंह उर्फ टीटू नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। इस चुवक की उम्र 30 वर्ष बताई जाती है तथा मकान नंबर 3099 सेक्टर 28डी का निवासी बताया जाता है ये अपने पीछे दो बच्चों को अनाथ छोड़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविन्द्र सिंह की पत्नी कुछ माह पहले बीमारी के कारण स्वर्ग सिधार गई थी। जिससे ये युवक अत्याधिक निराशा रहने लगा तथा बहुत प्रयत्न करने पर किसी तरह उसे भूल न पाया। अन्य दूसरी घटना में यहां के सेक्टर 22 के 35 वर्षीय युवक नरेन्द्र मोहन जोकि सेक्टर 23 में टाइपिस्ट की दुकान चलाता था, ने सुखना झील में छलांग लगाकर आत्महत्या की। बताया जाता है कि इसे काफी दिनों से दिमागी परेशानी थी, इसके भी दो बच्चे बताए जाते है।

### मध्यावधि चुनाव जरूरीः शर्मा

चंडीगढ़। भाजपा के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष कृष्ण लाल शर्मा ने देश में अराजकता फैलाने में प्रधानमंत्री नरसिंह राव को दोषी ठहराते हुए कहा है कि अराजकता को बचाने के लिए लोकसभा के मध्यावधि चुनाव करवाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। वे आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अभी तक अयोध्या के बारे में किसी भी घोषणा को लागू नहीं कर पाये है। अयोध्या के मामले पर श्वेत पत्र की घोषणा एक मजाक बनकर रह गई है और इस मुदद पर अभी से इंका में विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रधामंत्री से मांग भी की है कि यदि कोई श्वेत पत्र जारी करने की सोचते है तो उसमें गत 27 हुलाई से 8 दिसंबर तक की सभी घटनाओं का वास्तविक चित्रण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या मसले पर उनकी पार्टी भी एक श्वेत पत्र जारी करने के बारे में विचार कर रही है। पंजाब मसले पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अब चूंकि पंजाब में हालात सामान्य होते जा रहे है अतः इस राज्य के लंबित पड़े मामलों को जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1630: सिख गुरु हर राय जी का जन्म।

1679: जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौता पर हस्ताक्षर किया।

1783: इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गए।

1870: फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।

1900: अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पनामा नहर संधि हुई।

1916: हिंदी और संस्कृत के महान कवि जानकी बल्लभ शास्त्री का जन्म हुआ।

1917: मैक्सिको का मौजूदा संविधान लागू हुआ।

1922: चौरी चौरा में थाने पर भीड़ के हमले में 22 पुलिसकर्मियों की मौत। इस घटना ने महात्मा गांधी के अहिंसा आंदोलन को कुछ समय के लिए पटरी से उतार दिया।

1924: रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसायण रायल ग्रीनविच से हुआ।

1937: चार्ली चैप्लिन के अभिनय से सजी पहली टॉकी 'मॉडर्न टाइम्स' को रिलीज किया गया।

1953: ब्रिटेन में चीनी और इससे बने उत्पादों के सीमित वितरण का नियम समाप्त।

1971: अपोलो 14 चांद की सतह पर उतरा। इस उड़ान के दौरान कई तरह की तकनीकी खराबियां आईं।

1976: अभिनेता अभिषेक बच्चन का जन्म हुआ।

1985: पुर्तगाल के विश्वप्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जन्म। बहुत कम लोगों को पता है कि रोनाल्डो का पुरा नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो दोस सांतोस अवीरो है।

1990: भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का मेरठ में जन्म हुआ।

1994: सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे।

2008: महर्षि महेश योगी का निधन। उन्हें भारत के प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक नेताओं में शुमार किया जाता है।

2020: यूक्रेन स्कैंडल मामले में अमेरिकी सीनेट ने डोनाल्ड ट्रम्प पर चल रही महाभियोग की कार्रवाई को निरस्त किया। ट्रम्प पर अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने महाभियोग पास किया था।

## बोल ब्यूटीफुल

**अदार पूनावालाः** टैरिफ वार का तर्क समझ नहीं आता। आखिर टैरिफ बढ़ाकर अपने ही देश में वस्तुओं के दाम बढ़ाने से क्या हासिल हो सकता है?



**कमलेश सिंहः** कुछ लोग कह रहे है बजट में बिहार के लिए बहार है, क्योंकि वहां चुनाव है। अरे इस देश में चुनाव में ही गरीबों का भला होता है। चुनाव ही सही, राजनीति ही सही। अगर एक पिछड़े राज्यका कुछ इंतजाम हो जाए तो उस पर देश को पीछे घसीटने का इल्जाम थोड़ा कम लगाएंगे लोग।

**रंगनाथ सिंहः** एक महीने पहले लग रहा था कि दिल्ली का चुनाव खानापूर्ति भर है और नतीज सबको पता है। पिछले एक डेढ़ महीने में भाजपा ने ऐसा माहौल बना दिया है कि नतीजों का इंतजार रहेगा। कांग्रेस ने भी जिस तरह कुछ खास सीटें पर फोकस किया है, वह भी रोचक है।

**पल्लवी घोषः** प्रधानमंत्री ने दिल्ली में साबरमती रिवरफ्रंट की तरह यमुना रिवरफ्रंट बनाने का वादा किया है। अगर ऐसा होता है तो दिल्ली को एक बहुत सुकून भरी सुंदर जगह मिलेगी जहां कुछ वक्त बिताया जा सके।

## मुद्दा

# केंद्र के खिलाफ मार्च से पक्के मोर्चा लगाएंगे किसान

केंद्र सरकार के खिलाफ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए किसान संगठन अगले महीने से पक्का मोर्चा लगाएंगे।

इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा अपनी जनरल बॉडी की बैठक में सर्वसम्मति से कृषि ड्राफ्ट को तीन काले कृषि कानूनों का नया संस्करण मानते हुए पूरी तरह खारिज कर चुका है।





इस ड्राफ्ट को रद्द कराने के लिए किसान संगठन पूरी ताकत से लड़ेंगे; सांसदों के कार्यालयों के समक्ष बैठकों का आयोजन किया जाएगा, सभी फसलों के लिए सी2+50 प्रतिशत फॉर्मूले पर एमएसपी की कानूनी गारंटी, सभी किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए कर्ज माफी और 9 दिसंबर, 2021 की लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की जाएगी।

किसान संगठन 5 मार्च से राज्यों की राजधानियों, जिला एवं उप-मंडल स्तर पर पक्के मोर्चे स्थापित करेगा और विधानसभाओं से कृषि ड्राफ्ट को खारिज करने के प्रस्ताव पारित कराने की मांग करेगा।

इसके साथ ही 4 श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग पर किसान संगठन ने श्रमिकों के संघर्ष को पूरा समर्थन दिया है।

बैठक में 12 राज्यों के 73 किसान संगठनों के 165 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता हन्नान मोल्लाह, जोगिंदर सिंह उग्रहान, राकेश टिकैत, रेवुला वेंकैया, सत्यवान और डॉ. सुनीलम ने की।

जनरल बॉडी ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार की राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति फ्रेमवर्क को तीन काले कृषि कानूनों का नया संस्करण मानते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया। इसे किसान विरोधी और राज्य सरकारों के खिलाफ साजिश करार दिया गया।

सभी किसान नेताओं ने इस नीति को सरकारी मंडियों पर सीधा हमला बताते हुए माना कि सरकार मंडियों का निजीकरण करके बहुराष्ट्रीय कंपनियों और कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने की साजिश रच रही है। यह नीति स्थानीय ग्रामीण मंडियों को एफपीओ, ई-नाम और ठेका खेती के माध्यम से बड़े कृषि प्रोसेसिंग उद्योगों के लिए सस्ते कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की चाल है। साथ ही, यह खेती को फ्यूचर ट्रेड और शेयर मार्केट से जोड़ने की कोशिश भी है। यह सब डब्ल्यूटीओ और वर्ल्ड बैंक की सिफारिशों के अनुरूप किया जा रहा है।

कृषि ड्राफ्ट में एमएसपी की घोषणा, सरकारी खरीद और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्न भंडारण का कोई प्रावधान नहीं है। यह केवल बफर स्टॉक तक सीमित है, जो किसानों के हितों के खिलाफ एक बड़ी साजिश है।

ऐसे में किसान संगठन ने घोषणा की है कि 5 मार्च से सभी राज्यों में पक्के मोर्चे स्थापित किए जाएंगे और राज्य विधानसभाओं से कृषि ड्राफ्ट को खारिज करने के प्रस्ताव पारित कराने की मांग की जाएगी। इस सिलसिले राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर विधानसभाओं का विशेष सत्र बुलाने और प्रस्ताव पारित करने की मांग भी की जाएगी।

यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई राज्य सरकार इस अनुरोध को मानने से इनकार करती है, तो ऐसे राज्यों की राजधानियों, जिलों और उप-मंडलों में किसान पक्के मोर्चे शुरू करेंगे। इसके अलावा, महापंचायतें और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, ताकि इस नीति के खिलाफ देशभर में जन जागरण किया जा सके। प्रत्येक राज्य की समन्वय समिति इस पर विस्तृत योजना तैयार करेगी।

इसी मुद्दे पर 8 और 9 फरवरी को सांसदों के कार्यालयों/निवास के सामने जनप्रतिनिधिमंडल का आह्वान किया है, ताकि सांसदों से आग्रह किया जा सके कि वे किसानों और देश के साथ खड़े हों और उन्हें कृषि ड्राफ्ट को खारिज करने की आवश्यकता और अन्य मांगों के महत्व को समझाया जा सके।

संयुक्त किसान संगठन की जनरल बॉडी ने एनडीए सरकार के चार श्रम संहिताओं को लागू करने के हालिया प्रयास की कड़ी निंदा की और भारत भर में ट्रेड यूनियनों और श्रमिकों द्वारा किए जा रहे प्रतिरोध का समर्थन किया है।

हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा ने लंबे संघर्ष के बाद केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया था, लेकिन एमएसपी पर कानूनी गारंटी के मामले में अभी कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है.कृषि ड्राफ्ट रद्द कराने के मामले में किसान संगठन कितने सफल रहते हैं, यह आने वाला समय तय करेगा।

**रिपोर्ट:सुमित्रा**

# जबलपुर में स्थित मंदिर जहां देवी लक्ष्मी की मूर्ति हर दिन बदलती है अपना रंग



भारत में अनेकों ऐसे मंदिर हैं जो अपने चमत्कारों की वजह से विश्व प्रसिद्धि हासिल किए हुए हैं। ऐसा ही मां लक्ष्मी का एक मंदिर जबलपुर में स्थित है जिसे पचमठा के नाम से जाना जाता है। इस अद्भुत मंदिर में भक्तों का बहुत विश्वास है। इसका निर्माण गोंडवाना शासन की रानी दुर्गावती के खास सेवादार रहे दीवान अधार सिंह के नाम से बने अधारताल तालाब में करवाया गया था। इस मंदिर में मां लक्ष्मी के साथ और भी देवी-देवता विराजमान हैं। ये मंदिर अपने आप में ही अनोखा व अद्भुत मंदिर कहलाता है, जिसका कारण है मंदिर में स्थापित देवी लक्ष्मी की मूर्ति। मां लक्ष्मी का पचमठा मंदिर तांत्रिक साधना के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि परिसर के चारों तरफ़ श्रीयंत्र की विशेष रचना है। दीवाली के दिन यहां देशभर से तांत्रिक अपनी तंत्र विद्या का प्रयोग करने आते हैं। मान्यता के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 1100 साल पहले हुआ था। क्योंकि मंदिर के अंदर देवी लक्ष्मी के साथ-साथ अन्य कई देवी- देवताओं की प्रतिमाएं भी है, इसलिए लोगों की आस्था यहां विराजमान सभी देवताओं के लिए बराबर है। जिसमें से राधा-कृष्ण एक हैं। बता दें कि यहां राधा-कृष्ण उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। यहां पूरे सालभर भक्तों का आना जाना लगा रहता है, लोग अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते हैं लेकिन दिवाली के दिन इस मंदिर का नज़ारा देखते ही बनता है। मंदिर की सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि यहां विराजमान मां लक्ष्मी की प्रतिमा दिन में तीन बार रंग बदलती है। जिसके अनुसार सुबह को प्रतिमा का रंग सफ़ेद होता है, दोपहर को पीला और शाम को नीला हो जाता है। इस बात को न मानने वाले लोग खुद यहां आकर इस चीज़ का अनुभव करते हैं और दंग रह जाते हैं।

इसके साथ ही आपको बता दें कि पचमठा नामक प्रसिद्ध स्थान की एक खास बात यह भी है कि सूरज की पहली किरण मां लक्ष्मी के चरणों पर पड़ती है। माना जाता है कि मंदिर में आने वाला हर भक्त कभी भी खाली हाथ नहीं जाता। हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन देवी लक्ष्मी को समर्पित है इसलिए इस दिन यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। लोक मान्यता के अनुसार जो कोई भी 7 शुक्रवार यहां श्रद्धा से मां के चरणों में अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करता है उसकी हर मनोकामना जरूर पूरी होती है।

कहा जाता है कि मां जिस पर भी खुश हो जाती हैं वो मालामाल हो जाता है और उसको कभी भी धन की कमी नहीं आती।

# मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का है महाकुंभ: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का महाकुंभ है, जिसमें इसमें शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं। सब साधु-साध्वियां अपने वार्षिक कार्यक्रमों और उपलब्धियों का लिखित और मौखिक विवरण प्रस्तुत करते हैं। श्रेष्ठ कार्यों के लिए गुरु द्वारा विशेष प्रोत्साहन मिलता है। कहीं किसी का प्रमाद, मर्यादा के अतिक्रमण का प्रसंग उपस्थित होता है तो उसका उचित प्रतिकार होता है। संघ की यह स्पष्ट नीति है कि किसी की कोई गलती हो जाए तो उसको न छुपाओ, न फैलाओ, किन्तु उसका सम्यक् परिमार्जन करो, प्रतिकार करो। आचार्य भिक्षु ने अपने धर्मसंघ की एकता और पवित्रता बनाए रखने के लिए कर्तव्य-अकर्तव्य, विधि-निषेध की सीमा स्थापित की, जिसे मर्यादा नाम से जाना जाता है। इन्हीं मर्यादाओं को सुदृढ़ बनाने एवं इनको हर वर्ष दोहराने के उद्देश्य से मर्यादा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। ये शब्द मनीषी संत मुनि विनय कुमार आलोक ने 161वे मर्यादोत्सव पर एकत्रित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए सेक्टर-24 सी अणुव्रत भवन में कहे।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे ज्वांइट सेक्रेटरी जरनल एडमिस्ट्रेशन पंजाब सिविल सेक्रेटरी तेजदीप सिंह ने शिकरत की। कार्यक्रम में जैन तेरापंथी सभा चंडीगढ के अध्यक्ष वेद प्रकाश जैन, मंत्री प्रदीप जैन, विजय गोयल, श्रीमती शांता चोपडा, प्रेम नाहर इत्यादि बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने हिस्सा लिया।



मनीषीसं ने आगे कहा मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव एवं विलक्षण पर्व है। विश्व में मर्यादा महोत्सव कहीं भी मनाया नहीं जाता, मात्र एक तेरापंथ धर्मसंघ ऐसा है यहां ये उत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। मुझे बताया गया है कि तेरापंथ धर्मसंघ की ऐतिहासिक परम्परा से जुड़ा यह पर्व लौकिक पर्व नहीं है। इस दिन राग-रंग, नाच गाना, विशाल भोज, मनोरंजन का कोई आयोजन नहीं होता है। सिर्फ सामुदायिक चेतना, शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं।

मर्यादाओं को सुदृढ़ बनाने एवं इनको हर वर्ष दोहराने के उद्देश्य से मर्यादा महोत्सव का आयोजन किया जाता हैं। मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव एवं विलक्षण पर्व है। तेरापंथ धर्मसंघ की ऐतिहासिक परम्परा से जुड़ा यह पर्व लौकिक पर्व नहीं है। इस दिन राग-रंग, नाच गाना, विशाल भोज, मनोरंजन का कोई आयोजन नहीं होता है। सिर्फ सामुदायिक चेतना के अभ्युत्थान की संयोजना में धर्मसंघ का दिल और दिमाग नए आदर्शों को अनुशासना से जोड़ता है। इस पर्व पर साधुता की तेजस्विता, कर्तृत्व की कर्मण्यता और निर्माण की निष्ठा का प्रशिक्षण होता है। पूरे धर्मसंघ की आचार्य द्वारा सारणा-वारणा की जाती है।

मनीषीसंत ने आगे कहा तेरापंथ धर्मसंघ तेजस्वी संघ है, यह तैजस की आराधना का केन्द्र हैं। उसकी तेजस्विता के स्रोत हैं- आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण और आत्म संयम की प्रबल भावना। एक आचार, एक विचार और एक समाचारी के लिए तेरापंथ प्रख्यात है। वह संघ स्वस्थ और चिरंजीवी होता है, जिसका प्रत्येक सदस्य स्वस्थ संतुष्ट हो, प्रसन्न हो। मर्यादाओं के निर्माण के पीछे आचार्य श्री भिक्षु का यही पवित्र दृष्टिकोण रहा था। उन्होंने लिखा- न्याय, संविभाग और समभाव की वृद्धि के लिए मैंने ये मर्यादाएं लिखी है।

### समर्पण, श्रद्धा, भक्ति का प्रतीक है मर्यादा: तेजदीप सिंह

ज्वांइट सेक्रेटरी जरनल एडमिस्ट्रेशन पंजाब सिविल सेक्रेटरी तेजदीप सिंह ने कहा तेरापंथ धर्मसंघ तेजस्वी संघ है, यह तैजस की आराधना का केन्द्र हैं। उसकी तेजस्विता के स्रोत हैं– आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण और आत्म संयम की प्रबल भावना। एक आचार, एक विचार और एक समाचारी के लिए तेरापंथ प्रख्यात है। वह संघ स्वस्थ और चिरंजीवी होता है, जिसका प्रत्येक सदस्य स्वस्थ संतुष्ट हो, प्रसन्न हो। मर्यादाओं के निर्माण के पीछे आचार्य श्री भिक्षु का यही पवित्र दृष्टिकोण रहा था। उन्होंने लिखा– न्याय, संविभाग और समभाव की वृद्धि के लिए मैंने ये मर्यादाएं लिखी है। आपसी कलह और सौहार्द की कमी संगठन की जड़ों को कमजोर बनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र को साइबर अटैकों से बचाने के लिए बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण शुरू

एनपीटीआई दे रहा है सरकारी व निजी संस्थानों के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** बिजली के क्षेत्र को साइबर अटैकों और ब्लैक आउट जैसी स्थिति से बचाने के लिए विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉरपोरेट कार्यालय सेक्टर 33 में एक सप्ताह के बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एनपीटीआई की महानिदेशक डा. तृप्ता ठाकुर के दिशा निर्देशन में साइबर सुरक्षा पर 7 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) में सलाहकार एवं वैज्ञानिक-जी ए. के. त्रिपाठी ने की। इस प्रशिक्षण में अदानी पावर, एमएनआरई, एनआईएसई, एनआईडब्ल्यूई, एसएसएस-एनआईबीई, एसईसीआई और इरेडा सीएसपीजीसीएल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत करीब 41 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भाग लेने वाले सबसे ज्यादा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से हैं जो पहली बार प्रशिक्षण ले रहे हैं। बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर रिस्क मैनेजमेंट, मोड ऑफ अटैक, नेटवर्क सिक्युरिटी, एप्लीकेशन सिक्युरिटी और बेस्ट प्रक्टिस एंड अवेयरनैश जैसे साइबर सुरक्षा से जुडे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे। इन सत्रों के दौरान सभी प्रतिभागियों को साइबर सिक्युरिटी लैब में भी प्रक्टिकल ट्रैनिंग दी जाएगी। इन सत्रों में साइबर हमले के तरीकों के बारे में बताया जाएगा, जिसमें मैलवेयर (साफ्टवेयर को नुकसान पहुँचाना या अक्षम करना), फिशिंग (नकली संचार जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत डेटा प्रकट करने के लिए धोखा देते हैं), रैनसमवेयर (सॉफ्टवेयर जो फाइलों को लॉक करता है और उन्हें रिलीज करने के लिए भुगतान की मांग करता है) जो सिस्टम को ओवरलोड करके उन्हें अनुपयोगी बना देते हैं। बिजली के बुनियादी ढांचे पर ऐसे हमलों के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। एमएनआरई में सलाहकार एवं वैज्ञानिक-जी ए. के. त्रिपाठी ने बताया कि अक्षय ऊर्जा पावर प्लांटों को साइबर अटैकों से बचाना बहुत जरूरी है।

# सारे ही पांच तत्व के पुतले हैं



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आज इन्सान को यही पैगाम दिया जा रहा है कि अपना मूल पहचान। यह पहचान अगर स्थापित हो जायेगी फिर चाहे पगड़ी है, चाहे टोपी है इससे कोई सरोकार नहीं है। फिर हज़रत मोहम्मद जी की जय बुलाता है या फिर राम जी की जय बुलाता है इससे कोई सरोकार नहीं है। फिर नीले लिबास ओढ़े हुए हैं या सफेद ओढ़े हुए हैं कोई भी लिबास, किसी भी रंग का पहना हुआ है फिर इससे कोई सरोकार नहीं है। संस्कृत बोलता है या फारसी बोलता है या उर्दू बोलता है इससे कोई सरोकार नहीं है। ये सारी चीजें, ये सारी जो पहचाने हैं, ये सारे जो अस्तित्व हैं ये फिर धूमिल पड़ जाते हं फिर प्रमुखता से वो आत्मभाव हमारा प्रबल हो जाता है। वही आत्मभाव कि-

इक्को नूर है सभ दे अन्दर नर है चाहे नारी ए। ब्राह्मण खतरी वैश हरिजन इक दी खलकत सारी ए।

और

एक नूर ते सभु जगु उपजिआ, कउन भल को मंदे। लोगा भरमि न भूलहु भाई। खालिकु खलक खलक महि खालिकु पूरि रहिओ सब ठांई।

तथा

कुआँ तो एक है पानी भरे अनेक, बर्तनों में भेद है, पर पानी सब में एक।

कि वाकई ही जो एक ही है जो सब घट में है, हर घट में है, जेसे- माटी एक अनेक भांति करि साजी साजनहारे।

ना कछु पोच माटी के भांडे, ना कछु पोच कुंभारे।

कुम्हार भी जिसके हाथों नेये सुराही, ये घड़े बनाये हैं, अलग-अलग आकार दिये हैं, अलग-अलग रुप दिये हैं वो कुम्हार भी एक ही है उसी के हाथों ने सुराही बनाई, उसी के हाथों ने घड़े बनाये और मिट्टी भी एक ही इस्तेमाल की कि कुम्हार भी एक और मिट्टी भी एक।

पांच तत्व का पुतला नानक मेरो नाई।

सबमें पांच तत्व लगे हुए हैं, सारे ही पांच तत्व के पुतले हैं, इसकी संयोजन में जो हमारे जिस्म हैं, ये पांच तत्व से बने हुए हैं।

## पंचांग

बुधवार, 5 फरवरी, 2025, सूर्योदयः 07:07 ए एम, सूर्यास्तः 06:04 पी एम, चन्द्रोदयः 11:20 ए एम, चन्द्रास्तः 01:30 ए एम, फरवरी 06, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः अष्टमी - 12:35 ए एम, फरवरी 06 तक, नक्षत्रः भरणी - 08:33 पी एम तक, योगः शुक्ल - 09:19 पी एम तक, करणः विष्टि - 01:31 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 12:35 ए एम, फरवरी 06 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः मेष - 02:16 ए एम, फरवरी 06 तक, राहुकालः 12:35 पी एम से 01:57 पी एम, गुलिक कालः 11:13 ए एम से 12:35 पी एम, यमगण्डः 08:29 ए एम से 09:51 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:57 पी एम, अमृत कालः 04:00 पी एम से 05:31 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** इस बार अपने परिश्रम से मदद प्राप्त कर पाएंगे। छात्रों और श्रमिक वर्ग के लिए दिन शुभ नहीं है, किन्तु आपको अपने लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं की प्राप्ति के प्रति गतिशील रहना चाहिए।

**वृषः** नौकरीपेशा वाले लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसको आप आसानी से पूरा कर पाएंगे, योजनायें सफल होंगी।

**कर्कः** आर्थिक स्थिति में कुछ बड़े बदलाव होने के योग हैं। जिनसे आप खुश भी रहेंगे। आपकी महत्वाकांक्षा बढ़ी हुई रहेगी।

**सिंहः** आज आप भावनात्मक रूप से परेशान हो सकते हैं। परिवार में झगड़े बढ़ सकते हैं और सहयोगियों के साथ विवाद संभव है।

**कन्याः** आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा।

**तुलाः** आपको प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलेगी। नवीन वस्त्र आभूषण क्रय करने का मन बनेगा।

**वृश्चिकः** नौकरी, करियर और पैसों के लिहाज से दिन अच्छा है। नई नौकरी या प्रमोशन की कोशिश में है, तो आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं।

**धनुः** आप लंबित कार्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे। सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कुछ विशेष उपलब्धि संभव है।

**मकरः** रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**कुंभः** प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी। बिजनेस में नए कॉन्टैक्ट बनेंगे।

**मीनः** आज आप मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

# मोतीलाल नेहरु खेलकूद विद्यालय राई को 9वीं बार ग्रीन स्कूल अवार्ड से किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई को 9वीं बार ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा इंडिया हैबिटैट सेंटर दिल्ली में किया गया! विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की महानिदेशक सुनीता नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की वहीँ प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता और थ्री इडियट्स फिल्म के प्रेरणास्रोत सोनम वांगचुक विशिस्ट अतिथि के तौर पर क्रय्कर्म में मौजूद रहे! देशभर से करीबन 15000 स्कूलों ने इसमें हिस्सा लिया ।

स्कूल के एसटीपी संयंत्र में पानी के पुनर्चक्रण के लिए टिकाऊ जल प्रथाओं के लिए स्कूल को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। स्कूल को पहले भी स्टर्लिंग पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

स्कूल का प्रतिनिधित्व प्रधानाचार्य एवं निदेशक मौशमी घोषाल ने किया। मौसमी घोषाल, इको क्लब प्रभारी श्रीमती दिनेश कुमारी, श्रीमती अर्चना मलिक और पांच इको क्लब के छात्र सदस्य पुरूस्कार लेने समारोह में पहुंचे! सुश्री सुनीता नारायण ने स्कूल द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि मोतीलाल नेहरु खेलकूद विधालय राई भविष्य में भी सतत विकास में योगदान देना जारी रखेगा।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में रोहित बल के साथ सबसे शानदार फैशन उत्सव का आयोजन

अम्बाला। फैशन, ग्लैमर, चमक-धमक और उत्सवों की एक बेजोड़ दुनिया ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 के उद्घाटन संस्करण में गुरुग्राम में जीवंत हो उठी। यह शानदार आयोजन भारत के एकमात्र सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के असाधारण जीवन का उत्सव था। रोहित बल के साथ इस उल्लेखनीय साझेदारी ने फैशन टूर को कई शानदार प्रस्तुतियों का साक्षी बनाया, जिसका अद्भुत समापन उनकी कलात्मक प्रतिभा, शिल्पकला और उस दृष्टिकोण के सम्मान के साथ हुआ जिसने भारतीय कॉउचर की परिभाषा को बदल दिया। फैशन आइकन सोनम कपूर ने इस विशेष शो में शोस्टॉपर बनकर रोहित बल के जीवन का जश्न मनाया।फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से इस टूर ने रोहित बल की बेमिसाल फैशन समझ, कला के प्रति उनके जुनून, कश्मीरी जड़ों और उनकी अद्वितीय शख्सियत को प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

# 9 फरवरी को होने वाली सोनीपत हॉफ मैराथन को लेकर लोगों में उत्साह: डा. मनोज कुमार

## अब तक 22 हजार से ज्यादा लोग करवा चुके है अपना रजिस्ट्रेशन

सोनीपत हॉफ मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने लघु सचिवालय में ली अधिकारियों व एसोसिएशन की बैठक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा मैराथन के रूप में चलाई जा रही अनोखी पहल की इस कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा 09 फरवरी को दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में सोनीपत हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन में भाग लेने के लिए जिला के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है अब तक जिला के 22 हजार से ज्यादा लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों व मण्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के बड़े बच्चों को मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें ताकि सभी इस मैराथन में भाग लेकर नशे के विरूद्ध इस लड़ाई के साक्षी बनते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लें और दूसरे लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मण्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी व मार्केट कमेटी के सचिव मण्डी में सभी आढतियों और अन्य लोगों का मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं ताकि मैराथन में अधिक लोगों की भागीदारी हो सके। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में स्थित बड़ी औद्योगिक इकाईयों के कर्मचारियों की मैराथन में भागीदारी सुनिश्चित करवाने के लिए इकाईयों के मालिकों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार करें और उन्हें मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनकी औद्योगिक इकाईयों में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को आयोजन स्थल तक लाने व ले जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उचित वाहनों का बदोबस्त किया जा चुका है। उन्होंने एसडीएम अमित कुमार को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर बनाई जा रही पार्किंग में जिला के सभी ब्लॉकों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित करें ताकि लोगों को वापिस जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन सभी व्यवस्थाओं को देखने के लिए एक कमेटी गठित करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मैराथन रूट पर जगह-जगह सांस्कृतिक व अन्य स्टेज बनाएं गए है ताकि मैराथन को भव्य रूप दिया जा सके और मैराथन में दौड़ने वाले धावकों का हौंसला बढ़ाया जा सके। इन स्टेजों पर विभिन्न शिक्षण संस्थाएं अपने सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगी।



### चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि एसोसिएशन आफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसिज (एम्स) द्वारा प्रमाणित रूट पर मैराथन के लिए पोर्टल पर 21 किलोमीटर फुल व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब (टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे।

### मैराथन का यह रहेगा रूट मैप

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 09 फरवरी को आयोजित होने वाली सोनीपत हॉफ मैराथन मुरथल यूनिवर्सिटी से शुरू होकर मुरथल रोड़ से अग्रसेन चौक, महाराणा प्रताप चौक, बहालगढ़ रोड़ से होते हुए दिवान फार्म सेक्टर-7 तक होते हुए वापिस मुरथल यूनिवर्सिटी में समाप्त होगी।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया, सीआरपीएफ से महिला इस्पेक्टर वृषाली, आईटीबीपी से इस्पेक्टर अक्षय डाका व विरेन्द्र यादव सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के मद्देनजर धारा 163 लागू की: विक्रम सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 के दौरान 07 फरवरी से 23 फरवरी तक मेला परिसर में अप्रिय घटना से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 स्थलों को अस्थायी क्षेत्र घोषित किया गया है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लोग मेले के दौरान किसी भी प्रकार के हथियारों के साथ न आएं इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा लेकिन यदि कोई मेले के सुचारू संचालन में बाधा, गड़बड़ी या हस्तक्षेप पैदा करने का प्रयास करता है अथवा इसके अलावा, तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस युग में, ड्रोन जैसे मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) मेले में प्रयोग करता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अशांति और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को छोड़कर मेला परिसर के अंदर किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 परिसर को ड्रोन जैसे यूएवी (वीवीआईपी और वीआईपी की सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों/सीआईडी को छोड़कर) के लिए नो फ्लाई जोन के रूप में मेला संचालन के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

# जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे किए घोषित

चंडीगढ़। जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्र लिमिटेड , जो जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा है और भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी वाणिज्यिक बंदरगाह ऑपरेटर है, ने आज तीसरी तिमाही और 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए अपने परिणामों की घोषणा की।कंपनी ने 1,265 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया , जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए 670 करोड़ रुपये का रहा , जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 336 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है ।तिमाही के दौरान, कंपनी ने 29.4 मिलियन टन कार्गो वॉल्यूम संभाला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। पारादीप में कोयला टर्मिनल में बढ़ी हुई क्षमता उपयोग, पीएनपी पोर्ट और लिक्विड स्टोरेज टर्मिनल, यूएई के योगदान से वॉल्यूम में वृद्धि हुई। पारादीप में लौह अयस्क टर्मिनल में कम कार्गो वॉल्यूम से वृद्धि आंशिक रूप से ऑफसेट हुई। तीसरे पक्ष की मात्रा में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 31प्रतिशत के साथ अधिक मजबूत रही तथा समग्र मात्रा में तृतीय-पक्ष की हिस्सेदारी एक वर्ष पूर्व के 39 प्रतिशत की तुलना में 49 प्रतिशत रही।

# जबलपुर में स्थित मंदिर जहां देवी लक्ष्मी की मूर्ति हर दिन बदलती है अपना रंग



भारत में अनेकों ऐसे मंदिर हैं जो अपने चमत्कारों की वजह से विश्व प्रसिद्धि हासिल किए हुए हैं। ऐसा ही मां लक्ष्मी का एक मंदिर जबलपुर में स्थित है जिसे पचमठा के नाम से जाना जाता है। इस अद्भुत मंदिर में भक्तों का बहुत विश्वास है। इसका निर्माण गोंडवाना शासन की रानी दुर्गावती के खास सेवादार रहे दीवान अधार सिंह के नाम से बने अधारताल तालाब में करवाया गया था। इस मंदिर में मां लक्ष्मी के साथ और भी देवी-देवता विराजमान हैं। ये मंदिर अपने आप में ही अनोखा व अद्भुत मंदिर कहलाता है, जिसका कारण है मंदिर में स्थापित देवी लक्ष्मी की मूर्ति। मां लक्ष्मी का पचमठा मंदिर तांत्रिक साधना के लिए प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि परिसर के चारों तरफ़ श्रीयंत्र की विशेष रचना है। दीवाली के दिन यहां देशभर से तांत्रिक अपनी तंत्र विद्या का प्रयोग करने आते हैं। मान्यता के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 1100 साल पहले हुआ था। क्योंकि मंदिर के अंदर देवी लक्ष्मी के साथ-साथ अन्य कई देवी- देवताओं की प्रतिमाएं भी है, इसलिए लोगों की आस्था यहां विराजमान सभी देवताओं के लिए बराबर है। जिसमें से राधा-कृष्ण एक हैं। बता दें कि यहां राधा-कृष्ण उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। यहां पूरे सालभर भक्तों का आना जाना लगा रहता है, लोग अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते हैं लेकिन दिवाली के दिन इस मंदिर का नज़ारा देखते ही बनता है। मंदिर की सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि यहां विराजमान मां लक्ष्मी की प्रतिमा दिन में तीन बार रंग बदलती है। जिसके अनुसार सुबह को प्रतिमा का रंग सफ़ेद होता है, दोपहर को पीला और शाम को नीला हो जाता है। इस बात को न मानने वाले लोग खुद यहां आकर इस चीज़ का अनुभव करते हैं और दंग रह जाते हैं।

इसके साथ ही आपको बता दें कि पचमठा नामक प्रसिद्ध स्थान की एक खास बात यह भी है कि सूरज की पहली किरण मां लक्ष्मी के चरणों पर पड़ती है। माना जाता है कि मंदिर में आने वाला हर भक्त कभी भी खाली हाथ नहीं जाता। हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन देवी लक्ष्मी को समर्पित है इसलिए इस दिन यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। लोक मान्यता के अनुसार जो कोई भी 7 शुक्रवार यहां श्रद्धा से मां के चरणों में अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करता है उसकी हर मनोकामना जरूर पूरी होती है।

कहा जाता है कि मां जिस पर भी खुश हो जाती हैं वो मालामाल हो जाता है और उसको कभी भी धन की कमी नहीं आती।

# मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का है महाकुंभ: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का महाकुंभ है, जिसमें इसमें शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं। सब साधु-साध्वियां अपने वार्षिक कार्यक्रमों और उपलब्धियों का लिखित और मौखिक विवरण प्रस्तुत करते हैं। श्रेष्ठ कार्यों के लिए गुरु द्वारा विशेष प्रोत्साहन मिलता है। कहीं किसी का प्रमाद, मर्यादा के अतिक्रमण का प्रसंग उपस्थित होता है तो उसका उचित प्रतिकार होता है। संघ की यह स्पष्ट नीति है कि किसी की कोई गलती हो जाए तो उसको न छुपाओ, न फैलाओ, किन्तु उसका सम्यक् परिमार्जन करो, प्रतिकार करो। आचार्य भिक्षु ने अपने धर्मसंघ की एकता और पवित्रता बनाए रखने के लिए कर्तव्य-अकर्तव्य, विधि-निषेध की सीमा स्थापित की, जिसे मर्यादा नाम से जाना जाता है। इन्हीं मर्यादाओं को सुदृढ़ बनाने एवं इनको हर वर्ष दोहराने के उद्देश्य से मर्यादा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। ये शब्द मनीषी संत मुनि विनय कुमार आलोक ने 161वे मर्यादोत्सव पर एकत्रित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए सेक्टर-24 सी अणुव्रत भवन में कहे।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे ज्वाइंट सेक्रेटरी जरनल एडमिस्ट्रेशन पंजाब सिविल सेक्रेटरी तेजदीप सिंह ने शिकरत की। कार्यक्रम में जैन तेरापंथी सभा चंडीगढ के अध्यक्ष वेद प्रकाश जैन, मंत्री प्रदीप जैन, विजय गोयल, श्रीमती शांता चोपडा, प्रेम नाहर इत्यादि बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने हिस्सा लिया।



मनीषीसं ने आगे कहा मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव एवं विलक्षण पर्व है। विश्व में मर्यादा महोत्सव कहीं भी मनाया नहीं जाता, मात्र एक तेरापंथ धर्मसंघ ऐसा है यहां ये उत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। मुझे बताया गया है कि तेरापंथ धर्मसंघ की ऐतिहासिक परम्परा से जुड़ा यह पर्व लौकिक पर्व नहीं है। इस दिन राग-रंग, नाच गाना, विशाल भोज, मनोरंजन का कोई आयोजन नहीं होता है। सिर्फ सामुदायिक चेतना, शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं।

मर्यादाओं को सुदृढ़ बनाने एवं इनको हर वर्ष दोहराने के उद्देश्य से मर्यादा महोत्सव का आयोजन किया जाता हैं। मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव एवं विलक्षण पर्व है। तेरापंथ धर्मसंघ की ऐतिहासिक परम्परा से जुड़ा यह पर्व लौकिक पर्व नहीं है। इस दिन राग-रंग, नाच गाना, विशाल भोज, मनोरंजन का कोई आयोजन नहीं होता है। सिर्फ सामुदायिक चेतना के अभ्युत्थान की संयोजना में धर्मसंघ का दिल और दिमाग नए आदर्शों को अनुशासना से जोड़ता है। इस पर्व पर साधुता की तेजस्विता, कर्तृत्व की कर्मण्यता और निर्माण की निष्ठा का प्रशिक्षण होता है। पूरे धर्मसंघ की आचार्य द्वारा सारणा-वारणा की जाती है।

मनीषीसंत ने आगे कहा तेरापंथ धर्मसंघ तेजस्वी संघ है, यह तैजस की आराधना का केन्द्र हैं। उसकी तेजस्विता के स्रोत हैं- आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण और आत्म संयम की प्रबल भावना। एक आचार, एक विचार और एक समाचारी के लिए तेरापंथ प्रख्यात है। वह संघ स्वस्थ और चिरंजीवी होता है, जिसका प्रत्येक सदस्य स्वस्थ संतुष्ट हो, प्रसन्न हो। मर्यादाओं के निर्माण के पीछे आचार्य श्री भिक्षु का यही पवित्र दृष्टिकोण रहा था। उन्होंने लिखा- न्याय, संविभाग और समभाव की वृद्धि के लिए मैंने ये मर्यादाएं लिखी है।

**समर्पण, श्रद्धा, भक्ति का प्रतीक है मर्यादा: तेजदीप सिंह**

ज्वाइंट सेक्रेटरी जरनल एडमिस्ट्रेशन पंजाब सिविल सेक्रेटरी तेजदीप सिंह ने कहा तेरापंथ धर्मसंघ तेजस्वी संघ है, यह तैजस की आराधना का केन्द्र हैं। उसकी तेजस्विता के स्रोत हैं– आत्मानुशासन, आत्म नियंत्रण और आत्म संयम की प्रबल भावना। एक आचार, एक विचार और एक समाचारी के लिए तेरापंथ प्रख्यात है। वह संघ स्वस्थ और चिरंजीवी होता है, जिसका प्रत्येक सदस्य स्वस्थ संतुष्ट हो, प्रसन्न हो। मर्यादाओं के निर्माण के पीछे आचार्य श्री भिक्षु का यही पवित्र दृष्टिकोण रहा था। उन्होंने लिखा– न्याय, संविभाग और समभाव की वृद्धि के लिए मैंने ये मर्यादाएं लिखी है। आपसी कलह और सौहार्द की कमी संगठन की जड़ों को कमजोर बनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र को साइबर अटैकों से बचाने के लिए बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण शुरू

**एनपीटीआई दे रहा है सरकारी व निजी संस्थानों के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** बिजली के क्षेत्र को साइबर अटैकों और ब्लैक आउट जैसी स्थिति से बचाने के लिए विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉरपोरेट कार्यालय सेक्टर 33 में एक सप्ताह के बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एनपीटीआई की महानिदेशक डा. तृप्ता ठाकुर के दिशा निर्देशन में साइबर सुरक्षा पर 7 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) में सलाहकार एवं वैज्ञानिक-जी ए. के. त्रिपाठी ने की। इस प्रशिक्षण में अदानी पावर, एमएनआरई, एनआईएसई, एनआईडब्ल्यूई, एसएसएस-एनआईबीई, एसईसीआई और इरेडा सीएसपीजीसीएल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत करीब 41 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भाग लेने वाले सबसे ज्यादा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से हैं जो पहली बार प्रशिक्षण ले रहे हैं। बेसिक लेवल साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर रिस्क मैनेजमेंट, मोड ऑफ अटैक, नेटवर्क सिक्युरिटी, एप्लीकेशन सिक्युरिटी और बेस्ट प्रक्टिस एंड अवेयरनैश जैसे साइबर सुरक्षा से जुडे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे। इन सत्रों के दौरान सभी प्रतिभागियों को साइबर सिक्युरिटी लैब में भी प्रक्टिकल ट्रैनिंग दी जाएगी। इन सत्रों में साइबर हमले के तरीकों के बारे में बताया जाएगा, जिसमें मैलवेयर (साफ्टवेयर को नुकसान पहुँचाना या अक्षम करना), फिशिंग (नकली संचार जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत डेटा प्रकट करने के लिए धोखा देते हैं), रैनसमवेयर (सॉफ्टवेयर जो फाइलों को लॉक करता है और उन्हें रिलीज करने के लिए भुगतान की मांग करता है) जो सिस्टम को ओवरलोड करके उन्हें अनुपयोगी बना देते हैं। बिजली के बुनियादी ढांचे पर ऐसे हमलों के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। एमएनआरई में सलाहकार एवं वैज्ञानिक-जी ए. के. त्रिपाठी ने बताया कि अक्षय ऊर्जा पावर प्लांटों को साइबर अटैकों से बचाना बहुत जरूरी है।

# सारे ही पांच तत्व के पुतले हैं



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आज इन्सान को यही पैगाम दिया जा रहा है कि अपना मूल पहचान। यह पहचान अगर स्थापित हो जायेगी फिर चाहे पगड़ी है, चाहे टोपी है इससे कोई सरोकार नहीं है। फिर हज़रत मोहम्मद जी की जय बुलाता है या फिर राम जी की जय बुलाता है इससे कोई सरोकार नहीं है। फिर नीले लिबास ओढ़े हुए हैं या सफेद ओढ़े हुए हैं कोई भी लिबास, किसी भी रंग का पहना हुआ है फिर इससे कोई सरोकार नहीं है। संस्कृत बोलता है या फारसी बोलता है या उर्दू बोलता है इससे कोई सरोकार नहीं है। ये सारी चीजें, ये सारी जो पहचाने हैं, ये सारे जो अस्तित्व हैं ये फिर धूमिल पड़ जाते हं फिर प्रमुखता से वो आत्मभाव हमारा प्रबल हो जाता है। वही आत्मभाव कि-

इक्को नूर है सभ दे अन्दर नर है चाहे नारी ए। ब्राह्मण खतरी वैश हरिजन इक दी खलकत सारी ए।

और

एक नूर ते सभु जगु उपजिआ, कउन भल को मंदे। लोगा भरमि न भूलहु भाई। खालिकु खलक खलक महि खालिकु पूरि रहिओ सब ठांई।

तथा

कुआँ तो एक है पानी भरे अनेक, बर्तनों में भेद है, पर पानी सब में एक।

कि वाकई ही जो एक ही है जो सब घट में है, हर घट में है, जेसे-

माटी एक अनेक भांति करि साजी साजनहारे।

ना कछु पोच माटी के भांडे, ना कछु पोच कुंभारे।

कुम्हार भी जिसके हाथों नेये सुराही, ये घड़े बनाये हैं, अलग-अलग आकार दिये हैं, अलग-अलग रुप दिये हैं वो कुम्हार भी एक ही है उसी के हाथों ने सुराही बनाई, उसी के हाथों ने घड़े बनाये और मिट्टी भी एक ही इस्तेमाल की कि कुम्हार भी एक और मिट्टी भी एक।

पांच तत्व का पुतला नानक मेरो नाई।

सबमें पांच तत्व लगे हुए हैं, सारे ही पांच तत्व के पुतले हैं, इसकी संयोजन में जो हमारे जिस्म हैं, ये पांच तत्व से बने हुए हैं।

## पंचांग

बुधवार, 5 फरवरी, 2025, सूर्योदयः 07:07 ए एम, सूर्यास्तः 06:04 पी एम, चन्द्रोदयः 11:20 ए एम, चन्द्रास्तः 01:30 ए एम, फरवरी 06, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः अष्टमी - 12:35 ए एम, फरवरी 06 तक, नक्षत्रः भरणी - 08:33 पी एम तक, योगः शुक्ल - 09:19 पी एम तक, करणः विष्टि - 01:31 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 12:35 ए एम, फरवरी 06 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः मेष - 02:16 ए एम, फरवरी 06 तक, राहुकालः 12:35 पी एम से 01:57 पी एम, गुलिक कालः 11:13 ए एम से 12:35 पी एम, यमगण्डः 08:29 ए एम से 09:51 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:57 पी एम, अमृत कालः 04:00 पी एम से 05:31 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** इस बार अपने परिश्रम से मदद प्राप्त कर पाएंगे। छात्रों और श्रमिक वर्ग के लिए दिन शुभ नहीं है, किन्तु आपको अपने लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं की प्राप्ति के प्रति गतिशील रहना चाहिए।

**वृषः** नौकरीपेशा वाले लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे।

**मिथुनः** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसको आप आसानी से पूरा कर पाएंगे, योजनायें सफल होंगी।

**कर्कः** आर्थिक स्थिति में कुछ बड़े बदलाव होने के योग हैं। जिनसे आप खुश भी रहेंगे। आपकी महत्वाकांक्षा बढ़ी हुई रहेगी।

**सिंहः** आज आप भावनात्मक रूप से परेशान हो सकते हैं। परिवार में झगड़े बढ़ सकते हैं और सहयोगियों के साथ विवाद संभव है।

**कन्याः** आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जायेगा। आपको कुछ नई चीज़ों से जुड़ाव महसूस होगा।

**तुलाः** आपको प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलेगी। नवीन वस्त्र आभूषण क्रय करने का मन बनेगा।

**वृश्चिकः** नौकरी, करियर और पैसों के लिहाज से दिन अच्छा है। नई नौकरी या प्रमोशन की कोशिश में है, तो आपकी कोशिशें पूरी हो सकती हैं।

**धनुः** आप लंबित कार्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे। सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोगों के लिए कुछ विशेष उपलब्धि संभव है।

**मकरः** रिश्तों में मधुरता आयेगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**कुंभः** प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी। बिजनेस में नए कॉन्टैक्ट बनेंगे।

**मीनः** आज आप मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

# मोतीलाल नेहरु खेलकूद विद्यालय राई को 9वीं बार ग्रीन स्कूल अवार्ड से किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई को 9वीं बार ग्रीन स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा इंडिया हैबिटैट सेंटर दिल्ली में किया गया! विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की महानिदेशक सुनीता नारायण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की वहीं प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता और थ्री इडियट्स फिल्म के प्रेरणास्रोत सोनम वांगचुक विशिस्ट अतिथि के तौर पर क्रय्कर्म में मौजूद रहे! देशभर से करीबन 15000 स्कूलों ने इसमें हिस्सा लिया।

स्कूल के एसटीपी संयंत्र में पानी के पुनर्चक्रण के लिए टिकाऊ जल प्रथाओं के लिए स्कूल को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। स्कूल को पहले भी स्टर्लिंग पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

स्कूल का प्रतिनिधित्व प्रधानाचार्य एवं निदेशक मौशमी घोषाल ने किया। मौसमी घोषाल, इको क्लब प्रभारी श्रीमती दिनेश कुमारी, श्रीमती अर्चना मलिक और पांच इको क्लब के छात्र सदस्य पुरूस्कार लेने समारोह में पहुंचे! सुश्री सुनीता नारायण ने स्कूल द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि मोतीलाल नेहरु खेलकूद विधालय राई भविष्य में भी सतत विकास में योगदान देना जारी रखेगा।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में रोहित बल के साथ सबसे शानदार फैशन उत्सव का आयोजन

अम्बाला। फैशन, ग्लैमर, चमक-धमक और उत्सवों की एक बेजोड़ दुनिया ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 के उद्घाटन संस्करण में गुरुग्राम में जीवंत हो उठी। यह शानदार आयोजन भारत के एकमात्र सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के असाधारण जीवन का उत्सव था। रोहित बल के साथ इस उल्लेखनीय साझेदारी ने फैशन टूर को कई शानदार प्रस्तुतियों का साक्षी बनाया, जिसका अद्भुत समापन उनकी कलात्मक प्रतिभा, शिल्पकला और उस दृष्टिकोण के सम्मान के साथ हुआ जिसने भारतीय कॉउचर की परिभाषा को बदल दिया। फैशन आइकन सोनम कपूर ने इस विशेष शो में शोस्टॉपर बनकर रोहित बल के जीवन का जश्न मनाया।फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से इस टूर ने रोहित बल की बेमिसाल फैशन समझ, कला के प्रति उनके जुनून, कश्मीरी जड़ों और उनकी अद्वितीय शख्सियत को प्रमुखता से प्रस्तुत किया।

# 9 फरवरी को होने वाली सोनीपत हॉफ मैराथन को लेकर लोगों में उत्साह: डा. मनोज कुमार

## अब तक 22 हजार से ज्यादा लोग करवा चुके है अपना रजिस्ट्रेशन

**सोनीपत हॉफ मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने लघु सचिवालय में ली अधिकारियों व एसोसिएशन की बैठक**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा मैराथन के रूप में चलाई जा रही अनोखी पहल की इस कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा 09 फरवरी को दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में सोनीपत हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन में भाग लेने के लिए जिला के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है अब तक जिला के 22 हजार से ज्यादा लोग अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अधिकारियों व मण्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों के बड़े बच्चों को मैराथन के लिए रजिस्टेशन करवाना सुनिश्चित करें ताकि सभी इस मैराथन में भाग लेकर नशे के विरूद्ध इस लड़ाई के साक्षी बनते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लें और दूसरे लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मण्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी व मार्केट कमेटी के सचिव मण्डी में सभी आढतियों और अन्य लोगों का मैराथन के लिए रजिस्टेशन करवाएं ताकि मैराथन में अधिक लोगों की भागीदारी हो सके। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में स्थित बड़ी औद्योगिक इकाईयों के कर्मचारियों की मैराथन में भागीदारी सुनिश्चित करवाने के लिए इकाईयों के मालिकों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार करें और उन्हें मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनकी औद्योगिक इकाईयों में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को आयोजन स्थल तक लाने व ले जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उचित वाहनों का बदोबस्त किया जा चुका है। उन्होंने एसडीएम अमित कुमार को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर बनाई जा रही पार्किंग में जिला के सभी ब्लॉकों के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित करें ताकि लोगों को वापिस जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन सभी व्यवस्थाओं को देखने के लिए एक कमेटी गठित करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मैराथन रूट पर जगह-जगह सांस्कृतिक व अन्य स्टेज बनाएं गए है ताकि मैराथन को भव्य रूप दिया जा सके और मैराथन में दौडने वाले धावकों का हौंसला बढ़ाया जा सके। इन स्टेजों पर विभिन्न शिक्षण संस्थाएं अपने सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम आयोजित करेंगी।



**चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे**

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि एसोसिएशन आफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसिज (एम्स) द्वारा प्रमाणित रूट पर मैराथन के लिए पोर्टल पर 21 किलोमीटर फुल व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब (टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे।

**मैराथन का यह रहेगा रूट मैप**

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 09 फरवरी को आयोजित होने वाली सोनीपत हॉफ मैराथन मुरथल यूनिवर्सिटी से शुरू होकर मुरथल रोड़ से अग्रसेन चौक, महाराणा प्रताप चौक, बहालगढ़ रोड़ से होते हुए दिवान फार्म सेक्टर-7 तक होते हुए वापिस मुरथल यूनिवर्सिटी में समाप्त होगी।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला युवा अधिकारी नवीन गुलिया, सीआरपीएफ से महिला इस्पेक्टर वृषाली, आईटीबीपी से इस्पेक्टर अक्षय डाका व विरेन्द्र यादव सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के मद्देनजर धारा 163 लागू की: विक्रम सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 के दौरान 07 फरवरी से 23 फरवरी तक मेला परिसर में अप्रिय घटना से निपटने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 स्थलों को अस्थायी क्षेत्र घोषित किया गया है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लोग मेले के दौरान किसी भी प्रकार के हथियारों के साथ न आएं इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा लेकिन यदि कोई मेले के सुचारू संचालन में बाधा, गड़बड़ी या हस्तक्षेप पैदा करने का प्रयास करता है अथवा इसके अलावा, तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस युग में, ड्रोन जैसे मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) मेले में प्रयोग करता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अशांति और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को छोड़कर मेला परिसर के अंदर किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 परिसर को ड्रोन जैसे यूएवी (वीवीआईपी और वीआईपी की सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों/सीआईडी को छोड़कर) के लिए नो फ्लाई जोन के रूप में मेला संचालन के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

# जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे किए घोषित

चंडीगढ़। जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड , जो जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा है और भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी वाणिज्यिक बंदरगाह ऑपरेटर है, ने आज तीसरी तिमाही और 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए अपने परिणामों की घोषणा की।कंपनी ने 1,265 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया , जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए 670 करोड़ रुपये का रहा , जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 336 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है।तिमाही के दौरान, कंपनी ने 29.4 मिलियन टन कार्गो वॉल्यूम संभाला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। पारादीप में कोयला टर्मिनल में बढ़ी हुई क्षमता उपयोग, पीएनपी पोर्ट और लिक्विड स्टोरेज टर्मिनल, यूएई के योगदान से वॉल्यूम में वृद्धि हुई। पारादीप में लौह अयस्क टर्मिनल में कम कार्गो वॉल्यूम से वृद्धि आंशिक रूप से ऑफसेट हुई। तीसरे पक्ष की मात्रा में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 31प्रतिशत के साथ अधिक मजबूत रही तथा समग्र मात्रा में तृतीय-पक्ष की हिस्सेदारी एक वर्ष पूर्व के 39 प्रतिशत की तुलना में 49 प्रतिशत रही।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने लोगों को दिया धोखा : गुप्ता

## बोले शिक्षा का स्तर गिरा, स्कूलों में गायों का जमावड़ा, बदहाली से हर कोई परेशान

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चांदनी चौक मॉडल टाउन के चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला लौटने के बाद आम आदमी पार्टी पर हमला बोला और दावा किया कि दिल्ली के प्रत्येक व्यक्ति आम आदमी पार्टी से बुरी तरह ग्रस्त है। सरकार के वादे झूठ साबित हो रहे हैं। दिल्ली में शिक्षा स्तर गिर चुका है। स्कूलों में बदहाली चरम पर है। वहां गायों का जमावड़ा है। चांदनी चौक मॉडल टाउन के अंतर्गत आने वाले 50 बूथ मलिन बस्तियों में हैं जहां बदहाली ने लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है।

ज्ञानचंद गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई थी। प्रभारी होने के नाते वह वहां के भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल के साथ कई बूथ एरिया का दौरा करने गए। वहां लोगों से बात की तो आम आदमी पार्टी की सरकार का सच सबके सामने आ गया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के किसी भी कोने में जाया जाए तो सिर्फ बदहाली का मंजर नजर आता है। लोगों के कल्याण के लिए सरकार के पास विजन नहीं है। ऐसे में लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जो राजनीतिक स्थिति है उसे देखते हुए अब की बार दिल्ली में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। दिल्ली में 50 सीटें लेकर भाजपा सरकार बनाएगी। दिल्ली में जो काम करने का अवसर मिला 27 साल से उस सीट पर भाजपा जीती नहीं है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि मॉडल टाउन में भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेंगे। हमारे प्रत्याशी अशोक गोयल वहां से प्रत्याशी हैं। वहां पर प्रवासी कार्यकर्ता के नाते उनके साथ कपिल देव राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मंत्री, मध्यप्रदेश के कार्यकर्ता वहां से इस विधानसभा के लिए कार्य कर रहे थे। इस विधानसभा को जीतने की रणनीति बनाई। अब की बारीकी से वर्किंग हुई। हर चार बूथों पर एक विस्तारक पिछले पांच महीनों से कार्य कर रहे हैं।

आज दिल्ली के लोगों को याद दिलाया जा रहा है कि कैसे केजरीवाल का झूठ जो समय समय उसने झूठ बोल कर दिल्ली के लोगों को मूर्ख बनाया। केजरीवाल ने 2020 में कहा था आप मुझे चुन कर भेजिए मैं पांच साल के अंदर प्रदूषण खत्म कर दूंगा। आज दिल्ली की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। पांच साल में ऐसी कोई योजना नहीं बनाई कि कैसे यमुना का प्रदूषण खत्म किया जा सके। या दिल्ली के लोगों के लिए हवा के प्रदूषण को कैसे ठीक किया जाए। इसके उलट अरविंद केजरीवाल ने ब्लेम गेम शुरू कर दी। हरियाणा सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया कि सरकार ने यमुना में जहर घोल कर दिल्ली भेजा जा रहा है। इसका विरोध मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खुद यमुना का जल पीकर जताया है। पूर्व स्पीकर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की स्थिति कुछ ठीक हुई है। दिल्ली में कांग्रेस 7 सीट हासिल कर सकती है जबकि आम आदमी पार्टी का पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कोई वजूद बाकी नहीं रह गया है।

# कैंसर की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार कर रही है व्यापक प्रयास : आरती सिंह राव

### पंचकूला में राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसके इलाज के लिए एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राज्य में दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर के मरीजों को भी इलाज की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने आज विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक होने का सन्देश दिया। पंचकूला में आज कैंसर दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सेमिनार भी आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा रोडवेज की बसों में कैंसर के मरीजों को फ्री यात्रा तथा पेंशन की सुविधा दी है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में ऐसे मरीजों के लिए 9408 पास जारी किये गए और 3428 मरी?ों को मासिक पेंशन दी गई है। उन्होंने बताया कि आज विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में जागरूकता रैलियों, सेमिनारों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि

तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इनसे दूर रहकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार लेना चाहिए। प्रोसेस्ड और रेड मीट के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी व् योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम करने से कैंसर का खतरा कम होता है।

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने सेमिनार को सम्बोधित करते हुए कहा कि अम्बाला कैंट में स्थापित अटल कैंसर अस्पताल हरियाणा के अलावा प?ोसी राज्यों के रोगियों को भी उच्चतम स्तर की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। इसके अलावा ,पीजीआईएमएस रोहतक , नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट झज्जर तथा 5 कैंसर डे-केयर सेंटरों पर भी कैंसर मरी?ों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग स्कीम के अंतर्गत लगभग 75 लाख लोगों की कैंसर के लिए प्राथमिक जांच की जा चुकी है।

# 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स ने पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ के अध्ययन दौरे पर आए 2024 बैच के आईएएस प्रोबेशनर्स के एक समूह ने आज पंजाब राजभवन में पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की।

बातचीत के दौरान राज्यपाल ने युवा अधिकारियों का स्वागत किया और सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रोबेशनर्स के एक समूह से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे।

प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समर्पण, अत्यधिक जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करके लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में एक व्यावहारिक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें नए अधिकारियों से प्रशासनिक भूमिकाओं में कदम रखने के दौरान जिम्मेदारियों और अपेक्षाओं को मजबूत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री के. शिव प्रसाद, राज्यपाल के प्रधान सचिव,श्री विवेक प्रताप सिंह, उपायुक्त, चंडीगढ़ श्री निशांत कुमार यादव, आईएएस, श्री ललित जैन, निदेशक, गृह मंत्रालय (जनगणना और नागरिकता); और श्री नवीन रत्तू, उप मंडल मजिस्ट्रेट, चंडीगढ़ शामिल थे।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में श्री के. शिव प्रसाद एसीएस टू गवर्नर पंजाब, श्री विवेक प्रताप सिंह प्रिंसिपल सेक्रेटरी टू गवर्नर पंजाब, श्री निशांत कुमार यादव, आईएएस डिप्टी कमिश्नर, चंडीगढ़, श्री ललित जैन निदेशक एमएचए निदेशक (जनगणना और नागरिकता) और श्री नवीन रत्तू एसडीएम चंडीगढ़ शामिल थे।

# कालका में सट्टा खिलाते 2 युवक काबू, 2 मामलो में 5290 कैश बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में जिला में जुआ खेलने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिस मामले में थाना प्रभारी कालका उप निरीक्षक प्रीतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लोगों को अंको के खेल में फंसाकर जुआ खेलने के लिए उकसा रहे 2 युवकों को अलग-अलग मामलों में काबू किया है।

**पहला मामला :** पुलिस को को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति कालका बस स्टैंड के पास लोगो को आवाज लगाकर जुआ में किस्मत आजमाने के लिए उकसा रहे है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने एएसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एक पुलिस कर्मचारी को फर्जी ग्राहक बनाकर बताए गए स्थान पर भेजा जहां मौका पर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपी से 3370 रुपए की नगदी व जुआ खेलने में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद किए। आरोपी की पहचान देवा उर्फ शिवा पुत्र दलीप कुमार वासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कालका जिला पंचकूला के रुप में हुई है।

**दूसरा मामला :** दूसरे मामले में सब इंस्पेक्टर अभिषेक ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र उदयसिंह वासी कालका को भी इसी तर्ज पर कालका अनाज मंडी से काबू किया है। आरोपी से 1920 रुपये व जुआ उपकरण बरामद किए। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ थाना कालका में जुआ अधिनियम की धारा 13 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

# विद्या, विवेक और सुर, माँ सरस्वती की देनः मौदगिल

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** आज बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर सेक्टर 30 ए राजकीय सरकारी विद्यालय में माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण कर पूजा अर्चना और श्लोक गायन के साथ बसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया।

चंडीगढ़ के पूर्व मेयर देवेश मौदगिल ने वीणा वादिनी विद्या दाइनी माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया इस अवसर पर सोसाइटी फॉर डिवाइन रेकी मैडिटेशन के अध्यक्ष जसजोत सिंह अलमस्त , प्रधानाचार्य इंदु बब्बर, अध्यक्ष भारत विकास परिषद पूर्वी-1 नीलम गुप्ता , अध्यक्ष प्रयोग फाउंडेशन नितेश महाजन, और अनु सिंगला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूजा अर्चना एव श्लोक श्रवण उपरांत पूर्व मेयर देवेश मौदगिल ने सम्बोधित करते हुए बसंत पंचमी के त्योहार उसकी विशेषता और महत्व पर कहा के बसंत पंचमी का त्यौहार माँ सरस्वती को समर्पित है।

# स्मॉल फ्लैट्स में रहने वालों को नहीं मिलेगा मालिकाना हक : केंद्र सरकार का बड़ा झटका

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**क्या है स्मॉल फ्लैट्स योजना?**

चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों को पुनर्वास योजना के तहत स्मॉल फ्लैट्स आवंटित किए थे। इन फ्लैट्स में रहने वाले लोग वर्षों से मालिकाना हक की मांग कर रहे थे, ताकि वे इन घरों को अपने नाम पर रजिस्टर करा सकें।

**चंडीगढ़।** शहर के हजारों गरीब परिवारों को झटका लगा है, क्योंकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पुनर्वास योजना के तहत मिले स्मॉल फ्लैट्स का मालिकाना हक नहीं दिया जाएगा। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत इन फ्लैट्स के निवासियों को मालिकाना अधिकार दिया जा सके।

**झूठे वादों पर भड़के लोग, भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी :** बापूधाम सेक्टर-26 की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण लाल ने कहा कि इन फ्लैट्स को पुनर्वास योजना के तहत आवंटित किया गया था, और वर्षों से गरीब परिवार यहां बस चुके हैं। लेकिन अब, केंद्र सरकार के इस फैसले से लोगों के सिर पर बेघर होने का खतरा मंडराने लगा है।

स्मॉल फ्लैट्स के मालिकाना हक को लेकर पिछले साल भाजपा नेता अरुण सूद ने हर कॉलोनी में प्रचार किया था और लड्डू बंटवाकर लोगों को यह विश्वास दिलाया था कि जल्द ही उन्हें पूर्ण मालिकाना हक मिलेगा। लेकिन अब यह चुनावी वादा एक ढकोसला साबित हो रहा है।

कृष्ण लाल, जो लंबे समय से इस मुद्दे पर संघर्ष कर रहे हैं, ने कहा कि सांसद मनीष तिवारी ने हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ी है, और इस बार भी वे उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोगों को झूठे सपने दिखाए और अब जब सच्चाई सामने आ रही है, तो गरीब लोग उनके खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

**अब आगे क्या? :** इस मुद्दे को लेकर प्रशासन और केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ सकता है। स्मॉल फ्लैट्स में रहने वाले लोग भाजपा के खिलाफ खुलकर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। अब देखना होगा कि क्या केंद्र सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगी या फिर यह विवाद और गहराएगा।

# विश्व पंजाबी कांग्रेस लाहौर का पुनर्गठन, फख्र ज़मान चेयरमैन और डॉ. सुगरा सदफ़ अध्यक्ष बनीं

**डॉ. दीपक मनमोहन सिंह बने इंडियन चैप्टर के अध्यक्ष और सहजप्रीत सिंह मांगट बने महासचिव**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** विश्व पंजाबी सम्मेलनों के आयोजन के लिए सबसे पुराना और सबसे महत्वपूर्ण संगठन, विश्व पंजाबी कांग्रेस, जिसका प्रधान कार्यालय लाहौर में है, का आज पुनर्गठन किया गया। पाकिस्तान के पूर्व केंद्रीय मंत्री फखर जमान को दोबारा चेयरमैन चुना गया जबकि डॉ. सुगरा सदफ को अध्यक्ष बनाया गया है।

डॉ. सुगरा सदफ लंबे समय तक पंजाब भाषा और संस्कृति के निदेशक रहे हैं और अब इसे लाहौर में साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। इस्लामाबाद स्थित एक महान लेखक डॉ. अमजद अली भट्टी इसके उपाध्यक्ष हैं और लाहौर में साहित्यिक और सामाजिक गतिविधियों में अहम भूमिका निभाने वाले अध्यक्ष खालिद इजाज मुफ्ती को महासचिव बनाया गया है।इसके अलावा मोहम्मद जमील को संयुक्त सचिव, एमआर शाहिद को प्रेस सचिव, सैयद जकी जैदी को समन्वयक और मियां रहमत को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया है।

विश्व पंजाबी कांग्रेस के अध्यक्ष फख्र ज़मान द्वारा विश्व पंजाबी कांग्रेस के भारतीय चैप्टर का भी पुनर्गठन किया गया है। पंजाब और दुनिया भर में विश्व पंजाबी सम्मेलनों के अग्रणी डॉ. दीपक मनमोहन सिंह को भारतीय चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। डॉ. दीपक मनमोहन सिंह को पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में प्रोफेसर पंजाबी, डायरेक्टर वर्ल्ड पंजाबी सेंटर पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला और कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। उनके साथ ही प्रमुख पंजाबी लेखक और कवि सहजप्रीत सिंह मांगट को इस संगठन का महासचिव बनाया गया है। विश्व पंजाबी कांग्रेस के मुख्य समन्वयक भी रहे। सहजप्रीत सिंह मांगट ने भारत की ओर से लाहौर में हुए पिछले कई सम्मेलनों का नेतृत्व किया है और इन सम्मेलनों को सफल बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ल्ड पंजाबी कांग्रेस इंडियन चैप्टर के बाकी पद और नियुक्तियां अध्यक्ष और महासचिव को दे दी गई हैं और अगले कुछ दिनों में ये नियुक्तियां कर दी जाएंगी।

सहजप्रीत सिंह मांगट ने कहा कि अब तक 34 सम्मेलन हो चुके हैं, 34वां सम्मेलन हाल ही में लाहौर में हुआ। अब 35वां सम्मेलन 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक अमृतसर में होगा जिसमें अन्य देशों के अलावा पाकिस्तान पंजाब से लगभग 40 लेखक और लेखिका भाग लेंगे।

# भारतीय जनता पार्टी के झूठ का पर्दाफाश : हरमेल केसरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** आज जब चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने संसद की पटल के ऊपर सवाल रखा की क्या चंडीगढ़ में भारत सरकार के द्वारा कॉलोनी में दिए गए मकान का मालिकाना हक सरकार उन्हें दे सकती है तो इस पर मंत्रालय ने सीधे शब्दों में जवाब दिया और कहा कि कॉलोनी में रहने वाले लाइसेंसी है या यह मकान उनहें पटटे/लीज होलड बेसिस पर दिए गए है। जिनका मालिकाना हक उनहे नहीं दिया जाएगा

आज भारतीय जनता पार्टी के उसे झूठ का पर्दा फाश हो गया जब कुछ वर्ष पहले पूर्व सांसद किरण खेर और भाजपा के साथियों ने लड्डू बांट कर पूरे शहर के अंदर यह डिंडोरा पीटा था कि अब कॉलोनी में रहने वाले लोगों को उनके मकान का मालिकाना हक मिल गया है लेकिन आज भारत सरकार के द्वारा संसद में दिए गए जवाब से यह पता चल गया कि किस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने लड्डू बांटकर इस बात की खुशी मनाई और लोगों को मूर्ख बनाया ।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने अपने जवाब में कहा कि ऐसा कोई भी प्रावधान ही नहीं है जिसमें लोगों को कॉलोनी में दिए गए मकाननों का मालिकाना हक दिया जाए।

चंडीगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने केवल हमेशा लोगों को मूर्ख बनाकर और झूठी वाहा वाही लूटने का काम किया है।

# हेरिटेज कमेटी की बैठक में लकी ने चिंता जताई

**प्रशासनिक परिषद की बैठक में नगर निगम को फंड देने का किया आग्रह**

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एच. एस. लक्की ने आज प्रशासनिक सलाहकार परिषद की बैठक में हेरिटेज कमेटी की भूमिका पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समिति का काम केवल कैपिटल कॉम्प्लेक्स तक सीमित रहना चाहिए, लेकिन यह चंडीगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों को सुलझाने में बाधा बन गई है। लक्की ने आगे कहा कि समिति की वर्तमान संरचना अक्सर जनहित के मामलों में रुकावट डालती है, इसलिए निर्णय लेने की प्रक्रिया में इस समिति में व्यापक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है।

जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए, लक्की ने प्रशासन से शहर के लंबे समय से लम्बित मुद्दों को जल्दी सुलझाने की अपील की। उन्होंने खासकर लाल डोरा के बाहर की संरचनाओं को नियमित करने की मांग की, यह तर्क देते हुए कि गांवों को नगर निगम में शामिल करने के बाद लाल डोरा का मतलब खत्म हो गया है। उन्होंने बिना योजना के विकास की चुनौतियों के लिए लैंड पूलिंग को एकमात्र व्यावहारिक समाधान बताया, यह कहते हुए कि यह न केवल अनियोजित विकास को रोकने में मदद करेगा बल्कि सभी पक्षों के लिए फायदेमंद होगा।

# नगर कौंसिल के अधिकारी दिखे एक्शन मोड में, अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

**बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ का संदेश - नहीं होने दिया जाएगा शहर में कोई अवैध निर्माण**

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग





**लोगों ने की नगर कौंसिल द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा**

नगर कौंसिल द्वारा अवैध निर्माण पर की जा रही कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले नगर कौंसिल द्वारा अवैध निर्माणों पर कुछ खास कार्यवाही नहीं की जा रही थी, लेकिन अब निरंतर की जा रही कार्रवाई की, प्रशंसा करनी भी बनती है। लोगों ने कहा कि अगर नगर कौंसिल के अधिकारी ऐसे ही अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे तो एक दिन जीरकपुर एक खूबसूरत शहर बन सकता है। उन्होंने कहा कि अब हमें पूरी उम्मीद है कि जो वीआईपी रोड पर अवैध रूप से पीजी बन रहे हैं उन पर भी नगर कौंसिल अधिकारियों द्वारा ईमानदारी का सबूत देते हुए ऐसी ही कार्यवाही की जाएगी।

**जीरकपुर ।** नगर कौंसिल जीरकपुर के अधिकारी पिछले कुछ दिनों से एक्शन मोड पर नजर आ रहे हैं और खुलेआम हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ करवाई करते दिखाई दे रहे हैं क्योंकि शहर में चारों तरफ अवैध निर्माण ही देखने को मिलते हैं।

जीरकपुर की फ्रेंड्स एनक्लेव में एक अवैध रूप से बनाई जा रही दुकान का लेंटर करीब डेढ़ वर्ष पहले नगर कौंसिल द्वारा तोड़ा गया था। दुकान मालिक द्वारा फिर से बीते शनिवार को उस दुकान पर लेंटर डाल दिया गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद नगर कौंसिल जीरकपुर की टीम जिसमें बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़, एटीपी सरबजीत सिंह, एंक्रोचमेंट टीम के रविंदर पाल सिंह, इंस्पेक्टर अशोक तथा अन्य मुलाजिम मौजूद थे। उन्होंने दुकान पर पीला पंजा चला दिया और जेसीबी की मदद से उसी दुकान का फिर से लेंटर तुड़वा दिया गया। इसके बाद अधिकारियों द्वारा दुकान मालिक को यहां पर फिर से निर्माण न करने की चेतावनी भी दी क्योंकि जिस जगह पर यह दुकान बनाई जा रही थी उस जगह पर दुकान का नक्शा पास ही नहीं हो सकता।

**पिछले हफ्ते भी टीम द्वारा तोड़ा गया था एक अवैध निर्माण :** नगर कौंसिल अधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं। इनके द्वारा पिछले हफ्ते स्थानीय कालका रोड पर भी अवैध निर्माण को तोड़ा गया था, जिसमें एक होटल मालिक द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके एक कमरा बनाया गया था, जिसके ऊपर बिजली का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। शिकायत मिलने के बाद नगर कौंसिल की टीम द्वारा उस कमरे को ध्वस्त कर दिया गया था।

# हिमाचल 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में होगा स्थापित : मुख्यमंत्री

ज्वालामुखी, श्री नैना देवी, चिंतपूर्णी और बाबा बालकनाथ मंदिर का किया जा रहा सौंदर्यीकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन के दूसरे एवं अंतिम सत्र में हमीरपुर, ऊना तथा सिरमौर जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए उनसे सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश को 31 मार्च 2026 तक देश का हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाएं गए हैं। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में 32 मेगावाट की पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल, 2024 को जनता को समर्पित की गई थी। इसके अतिरिक्त, ऊना जिले के भंजाल में 5 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना 30 नवंबर, 2024 से शुरू की गई, जबकि 10 मेगावाट की अघलौर सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही हाईड्रोपावर के दोहन पर भी कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ग्रीन हाईड्रोजन का देश का पहला प्लांट नालागढ़ में स्थापित करने जा रही है। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं प्रदेश में समृद्धि लाएंगी।

बैठक में ऊना जिला के चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि इससे राज्य की आय में भी बढ़ौतरी होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पौंग डैम से जिला ऊना के लिए पानी की आपूर्ति करने के लिए योजना बनाने तथा क्षेत्र में चैक डैम बनाकर पानी की आपूर्ति करने की मांग की। उन्होंने शहीद अमोल कालिया के नाम पर सड़क के लिए 17 करोड़ रुपए प्रदान करने तथा 7 पंचायत घरों के निर्माण के लिए 1.15-1.15 करोड़ रुपए देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने अंब अस्पताल की 50 बिस्तरों की क्षमता को बड़ाकर 100 करने की मांग की।

गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायकों को मजबूत बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिसके लिए वह उनके आभारी है। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार विधायक बने तो विधायक निधि 7 लाख रुपए थी जो आज बड़कर 2 करोड़ हो चुकी है लेकिन भाजपा विधायकों का बहिष्कार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 की आपदा के दौरान बेहतरीन कार्य किया, जिसके लिए विश्व भर में उनकी प्रशंसा हुई है। उन्होंने अपने क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज तथा गगरेट अस्पताल के भवनों में अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए धन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इसके साथ ही स्वां नदी की सहायक नदियों के चैनलाइजेशन की मांग की और बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए गौशाला के संचालन का आग्रह किया।

कुटलैहड़ से विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री का भियांभी सड़क के निर्माण के लिए 37 करोड़ रूपए, चपलाह सड़क के लिए 10.40 करोड़ रूपए तथा अघलौर में 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने गोबिंद सागर झील से पीने के पानी और सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण का आग्रह किया। उन्होंने डुमखर पुल के निर्माण के लिए धन उपलब्ध करवाने और थानाकलां-भाखड़ा सड़क को चौड़ा करने की मांग की। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने और क्षेत्र में पर्यटन को बड़ावा देने का आग्रह किया।

हमीरपुर जिला के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री का भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए हाल ही में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पुलिस चौकी लदरौर तथा उप-तहसील जाहू के भवन का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। इसके साथ ही भोरंज अस्पताल के नए भवन तथा जाहू में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह के निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भोरंज कॉलेज के समीप एक क्रशर के कारण पानी की एक परियोजना बंद हो गई है और दूसरी बंद होने की कगार पर है। इसके अलावा उन्होंने सीर खड्डु पर डैम बनाने का आग्रह किया।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह राणा ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से संधोल सड़क व पटलांदर सड़क के सुदृढ़ीकरण के कार्य के साथ-साथ टाउन हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने सुजानपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के नालों की चैनलाइजेशन और सिंचाई सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ खेल का आधारभूत ढांचा मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने गौशालाओं के लिए विधायक निधि से चारे का प्रावधान करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की।

सिरमौर जिला के नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने नाहन चिकित्सा महाविद्यालय को अन्य भूमि पर स्थानांतरित करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ-साथ नाहन बाई-पास के निर्माण व नाहन शहर में पार्किंग की व्यवस्था के लिए समुचित धन उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों को घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने काला अंब औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क को पूरा करने के लिए धन उपलब्ध कराने की मांग की।

विधानसभा उपाध्यक्ष एवं रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय कुमार ने अपने चुनाव क्षेत्र के सभी कार्यालयों का पुनर्गठन करने की मांग की। उन्होंने रेणुका झील की डिसिल्टिंग के लिए योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रेणुका जी बांध बनने के कारण सात किलोमीटर सड़क डैम में डूब जाएगी, ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए यहां टनल का निर्माण किया जाए। बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव, विभागाध्यक्ष, संबंधित उपायुक्त तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### राज्य सरकार पर्यटन को दे रही बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है और प्रदेश के चार मंदिरों ज्वालामुखी, नैना देवी, चिंतपूर्णी और बाबा बालकनाथ मंदिर का प्रथम चरण में सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके बाद प्रदेश के अन्य मंदिरों का सौंदर्यीकरण पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ई-वाहनों के संचालन को बड़ावा दे रही है और 327 इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए भी टेंडर प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। उन्होंने प्रदेश में ई-वाहनों के चार्जिंग स्टेशन की स्थापना पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने जिला ऊना के कुटलैहड़ में गोबिंद सागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

# शिमला में ड्रग माफिया पर बड़ी कार्रवाई शाह गैंग के 10 सदस्य गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** शिमला पुलिस ने अंतरराज्यीय चिट्टा तस्कर संदीप शाह गैंग के सदस्यों को पकड़ा है। पुलिस ने मनी ट्रेल की जांच के आधार पर गैंग के 10 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने शिमला जिला में विभिन्न जगहों पर गैंग के ठिकानों पर छापेमारी की।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निखिल सेन, मनूज ठाकुर, अमन शोबता, कपिल चंदेल, सुशील वर्मा, आयान चौहान और सुशील शर्मा समेत दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं। यह शिमला जिला के शिमला, ठियोग, कोटखाई, रोहडू चिड़गांव के विभिन्न जगहों से गिरफ्तार हुए है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह ड्रग्स माफिया न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत में अपना नेटवर्क चला रहा था। शाह गैंग ने एक संगठित सप्लाई चेन तैयार की थी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन बुकिंग का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने मनी ट्रेल का पता लगाते हुए इन आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

**29 बैंक खातों में जमा करीब 4 करोड़ रुपए फ्रीज :** शिमला पुलिस की इस कार्रवाई में अब तक गैंग के मुख्य सरगना सहित कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह कार्रवाई क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गैंग का सगरना सन्दीप शाह पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर था उसने आधुनिक तकनीकों को इस्तेमाल करके करीब 200 लोगों का सिंडिकेट तैयार किया था।

जो मिलकर तस्करी नेटवर्क में उसके लिए काम करते थे। बीते दिनों सरगना को पकड़ने के बाद अब पुलिस इसी सिंडिकेट से जुड़े पैडलरों को दबोच रही है। इसके अलावा पुलिस गिरोह से जुड़े 29 बैंक खातों में जमा करीब 4 करोड़ रुपए की राशि भी फ्रीज कर दी है। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह 25 से 30 करोड़ रुपए की नशा तस्करी को अंजाम दे चुका है।

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि नशा तस्कर संदीप शाह सिंडिकेट के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े दस और लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में गहन जांच के बाद लेनदेन के मिले तथ्यों के आधार पर इन लोगों की गिरफ्तारी की गई है। आने वाले दिनों में इस मामले से जुड़े कई और लोगों की गिरफ्तारी होगी।

## ट्रक और बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**नाहन (अप्रस)।** चंडीगढ़-कालाअम्ब-पांवटा साहिब-देहरादून नैशनल हाइवे-07 पर ट्रक और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला सदर पुलिस थाना नाहन के अंतर्गत शंभूवाला के समीप सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास पेश आया। पुलिस के अनुसार अब्दुल खालिक (43) पुत्र शौकत अली निवासी विक्रमबाग बाइक पर संजीवन सिंह के साथ विक्रमबाग की तरफ लौट रहा था। इसी बीच नाहन की तरफ से आ रहे ट्रक ने अचानक ही गलत दिशा में आकर उपरोक्त बाइक को टक्कर मार दी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में नशे में धुत युवक एसडीएम के घर घुसा

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में देर रात एक युवक नशे में एसडीएम के सरकारी आवास में घुस गया। घटना पमंडल रोहडू में रात करीब 10.55 बजे की है। एसडीएम विजय वर्धन ने बताया कि वे अपने गंगटोली स्थित सरकारी आवास में थे, जब उन्होंने घर के बाहर किसी के चलने की आवाज सुनी। जब वे बाहर निकले तो देखा कि एक व्यक्ति परिसर के पीछे की तरफ से मुख्य गेट की ओर जा रहा था। एसडीएम ने उसे रुकने का इशारा किया और दीवार फांदकर अंदर आने का कारण पूछा, लेकिन वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें साफ दिखाई दिया कि युवक ने आवास के पीछे की ओर से लगभग 7-8 फीट ऊंची दीवार फांदकर आया था। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान अंकुश (29), निवासी बिजोरी, पोस्ट ऑफिस सीमा, तहसील रोहडू, जिला शिमला के रूप में बताई। एसडीएम की शिकायत पर रोहडू पुलिस स्टेशन में धारा 332(सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### ऊना में अस्पताल में आग

**अंब (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गायनी वार्ड में अचानक आग लग गई। गायनी वार्ड के दो कमरों के बीच स्थापित बिजली के कंट्रोल पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण पूरा वार्ड धुएं से भर गया। घटना के समय वार्ड में तीन दर्जन से अधिक गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु और प्रसूताएं महिलाएं मौजूद थी। अस्पताल में तैनात होमगार्ड जवानों और नर्सिंग स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला और हाईटेक इमरजेंसी के पीछे स्थित दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चौहान सहित अन्य डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया। इससे पहले पहले ही बिजली की आपूर्ति बंद करने से बड़ा हादसा टल गया है और आग से क्षतिग्रस्त उपकरणों को हटाया दिया गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने क्षतिग्रस्त उपकरणों को तत्काल बदलने के निर्देश जारी किए हैं। घटना में सभी मरीज और उनके परिजन सुरक्षित हैं। यह घटना अस्पताल की बिजली व्यवस्था की जांच की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

### मुख्यमंत्री 05 को सोलन जिला के प्रवास पर

**सोलन (अप्रस)।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 05 फरवरी, 2025 को सोलन जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू 05 फरवरी, 2025 को दोपहर 02.10 बजे जिला सोलन के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंझोली में मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री तदोपरांत दोपहर बाद 02.45 बजे ग्राम पंचायत दभोटा में 01 मेगावाट के ग्रीन हाईड्रोजन संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू तत्पश्चात दभोटा में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### हर्षवर्द्धन चौहान 05 को जिला सोलन के प्रवास पर

**सोलन (अप्रस)।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान 05 फरवरी, 2025 को जिला सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। हर्षवर्द्धन चौहान 05 फरवरी, 2025 को दोपहर 01.00 बजे से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ नालागढ़ के मंझोली स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहेंगे।

### इग्नू ने प्रवेश और पुनः पंजीकरण की तारीख बढ़ाई

**शिमला ( अप्रस)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2025 सत्र के लिए सभी बैचलर, मास्टर, डिग्री, डिप्लोमा व सर्टीफिकेट कोर्सिज में नए प्रवेश के लिए और बैचलर व मास्टर डिग्री कोर्सिज में अगले वर्ष व सैमेस्टर में पुन: पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी, जिसके लिए लिंक इग्नू की वैबसाइट पर उपलब्ध है। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. जोगिंद्र कुमार यादव ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इग्नू के किसी भी अध्ययन केन्द्र या इग्नू क्षेत्रीय केंद्र शिमला के दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

# एसजेवीएन ने टीबी उन्मूलन जागरूकता सत्र और नि-क्षय शिविर लगाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** एसजेवीएन ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टीबी उन्मूलन पर शुरू किए गए 100 दिवसीय गहन अभियान के तहत कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में जागरूकता सत्र एवं नि-क्षय शिविर (स्क्रीनिंग कैम्प) का आयोजन किया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (मा सं) श्री चन्द्र शेखर यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सत्र और नि-क्षय शिविर (स्क्रीनिंग कैंप) का उद्देश्य कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में ठेकेदारों द्वारा तैनात संविदा कर्मियों के बीच टीबी की रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ाना रहा और सु?त टीबी संक्रमण के उपचार के रिस्क और लाभों का आकलन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इससे शीघ्र निदान को भी बढ़ावा मिलेगा और निवारक उपचार की सुविधा मिलेगी।

शिमला से जिला टीबी अधिकारी डॉ विनीत लखनपाल, चिकित्सा अधिकारी और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ सहित पांच सदस्यीय टीम ने स्क्रीनिंग और परामर्श सत्र आयोजित किए। नि-क्षय शिविर के दौरान, संविदारत कर्मचारियों और उनके परिजनों को नि:शुल्?क चिकित्सा परामर्श और उपचार प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम

# भाजपा विधायकों की 1863 करोड़ रूपये की परियोजनाओं की रिपोर्ट नाबार्ड को भेजी

भाजपा विधायकों के 28 विधानसभा क्षेत्रों की 421 करोड़ रूपये की 62 डीपीआर स्वीकृत

परियोजनाओं की 210 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट्स नाबार्ड को स्वीकृति के लिए भेज दी गई है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश सरकार के एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के उस बयान को निराधार एवं तथ्यहीन बताया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि दो साल से विपक्ष के विधायकों की डीपीआर ही नहीं बनी।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सभी 28 विधायकों की 1 जनवरी, 2023 से 3 फरवरी, 2025 तक 1863 करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं की 210 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट्स नाबार्ड को स्वीकृति के लिए भेज दी गई है तथा इनमें से 28 विधानसभा क्षेत्रों की 421 करोड़ रूपये की 62 डीपीआर स्वीकृत की जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में विपक्ष के अधिकांश विधायकों द्वारा इस फंड का भरपूर लाभ उठाया है तथा वे अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा तक पहुंचने में सफल हुए हैं।

## पोस्ट ऑफिस में महिला के पर्स से 50 हजार रुपए निकाल युवक फरार

**नगरोटा बगवां (अप्रस)।** मंगलवार को पोस्ट ऑफिस नगरोटा बगवां में एक युवक महिला के पर्स से 50 हजार रुपए निकाल कर फरार हो गया। युवक पोस्ट ऑफिस से बाहर निकलते समय सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहा है जोकि गांधी मैदान की तरफ तेज गति से जाते दिखाई दिया। युवक ने ग्रे रंग का हुड तथा सिर पर कैप लगा रखी थी ताकि उसका चेहरा सही दिखाई न दे। जानकारी के अनुसार उक्त महिला पोस्ट ऑफिस में बतौर एजेंट लोगों की आरडी इत्यादि जमा करवाने का काम करती है तथा मंगलवार सुबह उसने अपने ग्राहक के 50 हजार रुपए निकलवाए तथा अपने पर्स में डाल लिए।

इसी बीच महिला ने पर्स अपनी बाजू में लटकाया तथा जैसे ही वह दूसरे काऊंटर पर अन्य दस्तावेज जमा करवाने लगी तो पहले से ही महिला का पीछा कर रहे उस युवक ने मौका देख कर महिला के पर्स की जिप खोली और 50 हजार रुपए की गड्डी निकाल ली। महिला के शोर मचाने पर पोस्ट ऑफिस कर्मी सीसीटीवी फुटेज देखने लगे तो मौका पा कर वह युवक फरार हो गया। डीएसपी कांग?ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस के पास शिकायत आई है तथा पुलिस पोस्ट ऑफिस व आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# हिमाचल में एसएमसी शिक्षक करेंगे हड़ताल, 21 से सचिवालय के बाहर धरना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में बोर्ड परीक्षाएं शुरू होनी है, लेकिन इससे पहले प्रदेश में बीते 13 सालों से नियमितीकरण की राह देख रहे एसएमसी (स्कूल मैनेजमेंट कमेटी) शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है और 21 फरवरी से हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। इन शिक्षकों ने सरकार को चेताया है कि अगर 21 फरवरी से पहले सरकार ने एसएमसी अध्यापकों को नियमित करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया तो वह कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे, जिसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार होगी। सरकार यदि समय रहते कोई फैसला नहीं लेती तो एस शिक्षक आर पार की लड़ाई लड़ेंगे और जेल जाने में भी गुरेज नहीं करेंगे।

**नहीं किया गया नियमित :** शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान एसएमसी शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने स्क्ष्क्र के माध्यम से एसएमसी अध्यापकों को नियमितीकरण करने की मंजूरी दी थी। एक साल होने को है, लेकिन सरकार इस दिशा में एक कदम भी नहीं बड़ाया है। उनका कहना था कि सरकार ने समय मांगा उन्होंने समय दिया लेकिन अब सरकार को दो साल से ज्यादा का समय हो गया है और स्क्ष्क्र को मंजूरी मिले भी एक साल होने को आ गया है परंतु एक भी एसएमसी को नियमित नहीं किया गया है।

**सचिवालय के बाहर दिया जाएगा धरना :** संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि चुनावों के वक्त कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी बातें की थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद एसएमसी अध्यापकों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। जिसके खिलाफ इन टीचरों ने ने आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। स्स्ष्ट टीचर 21 फरवरी से सरकार के खिलाफ सचिवालय के बाहर धरने पर बैठेंगे और जब तक मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन चलेगा। भले ही इसके लिए अध्यापकों को लाठी खानी पड़े या फिर जेल जाना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2400 से ज्यादा एसएमसी शिक्षक सेवाएं दे रहे हैं।

# हिमाचल में मौसम ने बदली करवट, रोहतांग सहित ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी, कई भागों में बारिश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला/केलांग।** शिमलाहिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। मंगलवार सुबह से अटल टनल रोहतांग सहित जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर के ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। अटल टनल के दोनों छोर में बर्फबारी होने से पुलिस प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को इस तरफ आवाजाही नहीं करने की हिदायत दी है।

वहीं, सूखे जैसे हालात से परेशान प्रदेश के किसान-बागवानों को भी बारिश का बेसब्री से इंतजार है। शिमला में भी बूंदाबांदी हुई। वहीं बर्फ के बीच पर्यटकों ने अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल के पास खूब मस्ती की। किन्नौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और निचले क्षेत्र में बारिश हो रही है। कांगड़ा जिले के संसारपुर टैरेस और आसपास के गांवों में तेज बारिश दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 4 फरवरी को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। 5 फरवरी को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। 8, 9 और 10 फरवरी को ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। सप्ताह के शेष दिनों में राज्य में शुष्क मौसम रहने की संभावना है। वहीं, अगले दो दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद अगले 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। फिर अगले 3-4 दिनों के दौरान राज्य में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। वहीं 6 और 7 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना है।

**चंबा में बारिश-बर्फबारी से राहत :** जिला मुख्यालय चंबा में दोपहर के समय बारिश का क्रम आरंभ हुआ। वहीं, जनजातीय क्षेत्र भरमौर-पांगी की ऊपरी चोटियों में हल्का हिमपात होने से ठंड में इजाफा हो गया। शहर में खरीददारी व अन्य कार्यों के सिलसिले में पहुंचे लोगों को अचानक शुरू हुई बारिश से बचने के लिए दुकानों की ओट लेनी पड़ी।

### इन जिलों में बारिश-बर्फबारी

विभाग के अनुसार 4 फरवरी से 5 फरवरी की शाम/मध्य रात्रि तक कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी, जबकि किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिले सहित कांगड़ा, चंबा, शिमला, मंडी, सिरमौर और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम बर्फबारी की संभावना है। इन जिलों के शेष भागों में कई स्थानों पर हल्की तथा कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं सोलन, हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान पर्यटन स्थलों कुफरी, नारकंडा, मनाली, सोलंग घाटी, डलहौजी और सिस्सू और निकटवर्ती क्षेत्रों में भी बर्फबारी हो सकती है

# शिक्षा विभाग ने 50 निजी स्कूलों को भेजे कारण बताओ नोटिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए आवेदन न करने वाले 50 निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों को दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जिला में कुल 220 छोटे-बड़े निजी स्कूल चल रहे हैं, जिसमें से 170 ने मान्यता रिन्यू के लिए आवेदन किया था। इसमें केवल 35 स्कूलों की मान्यता रिन्यू हो पाई है, जबकि 135 स्कूलों के दस्तावेज अधूरे पाए गए हैं। इन स्कूलों को भी पूरे दस्तावेज के साथ 500 रुपए जुर्माना भरना होगा।

उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा राज कुमार पराशर ने बताया कि जिले के 50 निजी स्कूलों ने मान्यता रिन्यू के लिए आवेदन ही नहीं किया है। इन स्कूल प्रबंधकों को 10 दिन के नोटिस जारी कर मान्यता रिन्यू के लिए आवेदन न करने का जवाब देना होगा। इस बीच कोई जवाब न देने पर इन स्कूल प्रबंधनों की सूची तैयार कर उन्हें डिफाल्टर लिस्ट में शामिल किया जाएगा। इसके बाद संबंधित स्कूलों की मान्यता को रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। हर साल विभाग की ओर से निजी स्कूलों से नवीनीकरण संबंधित औपचारिकताएं ली जाती हैं। शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके लिए अंतिम तिथि मार्च तक रखी गई है।

शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मोहिंद्र चंद पिरटा ने बताया कि स्कूलों को नोटिस जारी किए जाएंगे। वहीं आवेदन करने वाले सभी स्कूलों को शिक्षा विभाग के पास अपने पूरे दस्तावेज जमा करवाने होंगे। विभाग की ओर से दस्तावेजों की छंटनी के बाद मान्यता देने की अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आवेदन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें आवेदन न करने पर मान्यता रद्द भी की जाएगी।

### कैबिनेट सब कमेटी ने नए जिले, तहसील बनाने पर किया मंथन

# सिरसा जिले के चार गांव कालांवाली तहसील से होंगे बाहर

**सोनीपत का एक गांव अब पानीपत जिले में होगा शामिल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** हरियाणा में नए जिले, तहसील, सब तहसील सजित करने के लिए हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह की सब कमेटी की बैठक में मंगलवार को दो प्रस्तावों को पारित करके मुख्यमंत्री को भेजने का फैसला किया गया।

कमेटी ने जिला सिरसा के गांव रंगा, लहंगेवाला, मत्तड़ और अलीकां को कालांवाली तहसील से निकालकर सिरसा तहसील में शामिल करने तथा जिला सोनीपत के गांव ज्वारा को गोहाना से जिला पानीपत में जोडने के अपनी सिफारिश की। अंतिम मंजूरी के लिए इन प्रस्तावों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में सदस्य के रूप में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि नए जिले, तहसील, सब तहसील के संबंध में अब तक 27 प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि पहले प्राप्त गत बैठक में अनुशंसा प्रदान किए गए 4 प्रस्तावों को भी अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा जा चुका है।

पंवार ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उपायुक्तों को गांव के नाम बदलने, उप-तहसील, नए तहसील, उपमंडल व जिला बनवाने के संबंध में लंबित प्रस्तावों की रिपोर्ट को जल्द से जल्द सब-कमेटी के पास भेजने के निर्देश दिए जाएं। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव कमलेश भादू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण मार्शल आर्ट कार्यशाला का समापन

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में प्राचार्या खुशीला के मार्गदर्शन में कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगड़ा की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 28 फरवरी से चल रही सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण मार्शल आर्ट कार्यशाला' का मंगलवार को सफलता पूर्वक समापन किया गया। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगड़ा ने आवश्यक आत्मरक्षा तकनीक सीखने के प्रति छात्राओं की प्रतिबद्धता की सराहना की तथा उन्हें इन कौशलों को और निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की कन्वीनर प्रोफेसर रेनू कुमारी ने कार्यक्रम की जानकारी दी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक नवीन कोहली एवं उनकी टीम के द्वारा इस साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला मे जो छात्राओं को सिखाया गया उसको विस्तारपूर्वक बताया। समापन कार्यक्रम में आत्म रक्षा का शिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं ने स्टेज पर बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया और कुछ छात्राओं ने मंच के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में ताइक्वांडो नवीन कोहली को प्रशंसा पत्र एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विश्व कैंसर दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

# कैंसर दुनिया भर में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है: एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 4 फरवरी।** नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ के एसएमओं डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कैंसर के प्रति लड़ाई में एकजुटता को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस पर आज नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसएमओं व अन्य डॉक्टरों ने कैंसर के बारे में जानकारी दी।

विश्व कैंसर दिवस के मुख्य उद्देश्य हैं-कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, कैंसर के कारणों और लक्षणों के बारे में शिक्षित करना, कैंसर के निदान और उपचार में सुधार करना, कैंसर के प्रति लड़ाई में एकजुटता को प्रोत्साहित करना।

एसएमओं ने बताया कि कैंसर दुनिया भर में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है।

कैंसर के सबसे आम प्रकार हैं: फेफड़े, स्तन और पेट का कैंसर।

कैंसर के कारणों में शामिल हैं: धूम्रपान, अस्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि की कमी, कैंसर का निदान और उपचार समय पर और उचित तरीके से किया जा सकता है तो इसके परिणामस्वरूप जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

**कैंसर से बचने के लिए कई तरीके हैं जिनमें से कुछ प्रमुख हैं**

**जीवनशैली में बदलाव–** धूम्रपान छोड़ें- धूम्रपान कैंसर के कई प्रकारों का कारण बनता है, इसलिए धूम्रपान छोडना बहुत जरूरी है। स्वस्थ आहार- ताजे फल, सब्जियां, और साबुत अनाज खाने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**शारीरिक गतिविधि:** नियमित व्यायाम करने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**वजन नियंत्रित रखें:** अधिक वजन होने से कैंसर के खतरे बढ़ सकते हैं, इसलिए वजन नियंत्रित रखना जरूरी है।

**स्वास्थ्य जांच:** नियमित स्वास्थ्य जांच से कैंसर के शुरुआती चरणों में पता लगाया जा सकता है। कैंसर स्क्रीनिंग से कैंसर के शुरुआती चरणों में पता लगाया जा सकता है।

यदि आपके परिवार में कैंसर का इतिहास है, तो आपको नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए।

**अन्य उपाय:** सूरज की रोशनी से बचने से त्वचा कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**वैक्सीनेशन:** कुछ प्रकार के कैंसर के लिए वैक्सीन उपलब्ध हैं, जैसे कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन। कैंसर के बारे में जागरूकता-कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने से लोगों को कैंसर के खतरों के बारे में पता चल सकता है और वे इसके बचाव के लिए कदम उठा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के तत्वाधान में जैन चेरिटेबल ग्रुप के द्वारा व अम्बाला वासी दीपक जैन परिवार के सहयोग से जगाधरी कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमन सोई ने की तथा संचालन राजीव सूद ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ णमोकार महामंत्र का उच्चारण कर किया गया। जितेन्द्र सोही ने जानकारी देते हुये बताया कि जैन चेरिटेबल ग्रुप द्वारा प्रभु की कृपा से अनेक प्रकार धार्मिक व सामाजिक कार्य किये जा रहे है, इसी श्रंखला में ग्रुप द्वारा हर रविवार को असहाय व जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करने का निर्णय लिया है और इसी कड़ी में यह भोजन वितरण कार्यक्रम सभी सतीश राव परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। पुनीत गोल्डी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के लिये भोजन के रूप में सब्जी, रोटी व मिठाई की व्यवस्था की गई, जिसको लगभग 60 लोगों ने ग्रहण किया। उन्होंने समाज से आग्रह करते हुये कहा कि यह बहुत ही पुण्य का कार्य है और सभी समाजों के लोगों को इसमें सहयोग देना चाहिये तथा अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन व अपनों की पुण्यतिथि आदि अवसरों पर सहयोग दें ताकि यह कार्य निरंतर चलाया जा सके। इस अवसर पर प्रियंका अग्रवाल, अश्वनी, मुकेश नागपाल, विनोद अरोड़ा, अमन भण्डारी, पुनीत जैन, मोन्टी डांग, विकास जैन, पारस, शिवम, शुभम, यश, निपुन, रजत, के. के. जैन, नीरज जैन, सौरभ सैनी, अमित सुध आदि ने सहयोग दिया।

### सुखदेव ढांड बने युवा कांग्रेस यंग इंडिया के करनाल, कुरुक्षेत्र एवं अंबाला जिला प्रभारी



**पूंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुखदेव ढांड को भारतीय युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल सीजन-05 का करनाल, कुरुक्षेत्र एवं अंबाला जिला प्रभारी बनाया गया है। इसको लेकर उन्होंने युवा सासंद राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, महासचिव एवं सांसद कुमारी शैलजा, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला, भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूरनचन्द कोको, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव इंचार्ज हरियाणा मनीष चौधरी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक प्रभारी हरियाणा प्रदीप मान पैरी, यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम सीजन-05 के प्रभारी निगम भंडारी और धर्मेंद्र रिटौली का धन्यवाद किया। सुखदेव ढांड ने कहा कि संगठन की ओर से जो भी जिम्मेवारी मिली है, उसे वे पूरी मेहनत, लगन, कर्मठता व ईमानदारी से निभाएंगे।

### समाधान शिविर में सुनी शिकायतें




**सिरसा (अप्रस/राजेन्द्र कुमार)।** मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ बलजीत सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

डीडीपीओ बलजीत सिंह ने बताया कि समाधान शिविर में मौके पर तीन शिकायतें पंजीकृत की गई जिनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर के अलावा उनके कार्यालय में आने वाली समस्याओं को भी प्राथमिकता से लें और उनका निवारण करें ताकि आमजन को सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का निवारण करवा सकते हैं।

### पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल में एनएसएस शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 4 फरवरी।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरल में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को नैतिक मूल्यों, स्वच्छता, स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौशिक ने की। प्रधानाचार्य कौशिक ने छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज में आदर्श स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्कार, अनुशासन और परोपकार से ही एक सशक्त समाज की नींव रखी जा सकती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नसीब सिंह ने छात्राओं को राष्ट्र प्रेम, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि अच्छी आदतें ही व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाती हैं। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, धर्मपाल शर्मा, कुलदीप सहारण, नवाब सिंह, दलबीर सिंह, कंपल भारद्वाज, रेखा रानी, गीता सहल, जसविंद्र कौर सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए एनएसएस टीम और छात्राओं की सराहना की।

# फूड इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 4 फरवरी।** हरियाणा में करनाल के कुंजपुरा के खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने इंस्पेक्टर राजीव कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। खराब गेहूं के कट्टे बदलवाने की एवज में इंस्पेक्टर ने डिपो होल्डर से रिश्वत मांगी थी।

पीड़ित ने एसीबी को शिकायत कर दी और एसीबी ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता विकास कुमार ने बताया कि गेहूं बदलने को लेकर मामला शुरू हुआ था। हमारे डिपुओं पर गेहूं खराब आई थी। मैने इंस्पेक्टर राजीव को गेहूं की खराब सप्लाई के बारे में जानकारी दी थी। जिस वेयर हाउस से कट्टे आए थे, उसका अधिकारी भी मेरे पास आया था। मैंने उसको बताया था कि 160 कट्टे में गेहूं खराब है और जितने कट्टों में गेहूं ठीक होंगे, उसको बांट दिया जाएगा, जो खराब कट्टे होंगे, उसको बदलना होगा।

वेयर हाउस के अधिकारी भी गया था राजीव के घर शिकायतकर्ता ने बताया कि वेयर हाउस वाला अधिकारी भी राजीव के घर भी था। राजीव ने कट्टे चेंज करवाने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से पांच हजार रुपए पहले दे दिए थे और बाकी पैसे देने के लिए आज में कुंजपुरा खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में देने के लिए आया था। जैसे ही इंस्पेक्टर ने रिश्वत के पैसे पकड़े, तो तुरंत एसीबी ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया।

15 रुपए क्विंटल के हिसाब से करनी चाही सेटिंग विकास ने बताया कि बीते दिनों इसी इंस्पेक्टर ने चार डिपो की चेकिंग भी की थी और चेकिंग के बाद कहा था कि सभी डिपो से 10-10 हजार रुपए चेकिंग के नाम पर दिलवा देना। मैंने रिश्वत के पैसे दिलवाने से मना कर दिया था। इसके अतिरिक्त गेहूं की सप्लाई पर भी 15 रुपए क्विंटल के हिसाब से सेटिंग करनी चाही थी, लेकिन उसने 12 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से सेटिंग की थी। यह इंस्पेक्टर 15 दिन पहले ही कुंजपुरा में आया है।1 माह पहले हुए थे एएफएसआ सहित 3 कर्मचारी हुए थे बता दें कि, कुंजपुरा के इसी कार्यालय से एक माह पहले ही एसीबीकी टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के एएफएसओ राजेंद्र सिंह, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक नीरज वधवा व रिटायर सेवादार को बीती 2 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी भी अभी जेल में बंद है। इन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद इंस्पेक्टर राजीव कुमार को यहां पर तैनात किया गया था।

# चुलकाना के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर किया जागरूक: जगपाल सिंह

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 4 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को चुलकाना गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं। इस दौरान नशा मुक्त अभियान के जिलाधिकारी जगपाल सिंह ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनों को तो खत्म करता ही है साथ ही साथ हमें अंदर से खोखला भी बनाता है। आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

वही नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है। नशा का आदी होना आसान है परंतु इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुशिकल है। नशा व्यक्ति के शरीर के लिये तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**सिरसा (अप्रस)।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 08 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

### हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करना बंद करे: तेजवीर पंजेटा

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा



**कुरुक्षेत्र, 4 फरवरी।** आज हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला महासचिव बरखा राम जास्ट की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों एवं अन्य समस्याओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक सुरेंद्र शर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हए ब्लाक तेजवीर पंजेटा ने कहा कि हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करना बंद करें और तुरंत रिटायर्ड कर्मचारी संगठन को बुलाकर रिटायर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करें क्योंकि रिटायर्ड कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को पूरा करवाने हेतु लंबे समय से हरियाणा सरकार से मांग कर रहा है। जिला सचिव बरखा राम जास्ट ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समय रहते रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया तो रिटायर्ड कर्मचारी संगठन सरकार के विरुद्ध जोरदार संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेगा।बैठक में मांग की गई है कि रिटायर्ड कर्मचारियों 65,70, 75 वर्ष की आयु उपरांत 5-10-15 प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाए, मेडिकल1000 की बजाय 3000 रुपए दिया जाए। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ब्लॉक लाडवा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 4 फरवरी।** आज फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला कुरुक्षेत्र इकाई के शिस्ट मंडल ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री संतोष कुमारी से शिष्टाचार भेंट की एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिवादन किया। जिसमें शिष्ट मंडल का नेतृत्व जिला प्रधान राजीव चावला ने किया, संरक्षक समिति के सदस्य श्री बी डी गाबा व सतपाल शर्मा उपस्थित रहे। जिला प्रधान राजीव चावला ने प्राइवेट स्कूलों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत करवाया व उनके निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की। संतोष कुमारी ने जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करने के लिए आश्वासन देते हुए कहा की प्राइवेट स्कूलों को भविष्य में कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी।

प्रधान राजीव चावला ने भी विश्वास दिलाया कि एसोसिएशन भी उनके साथ मिलकर चलेगा व सभी आदेशों की पालना की जाएगी। इस अवसर पर विनोद शर्मा, बालकिशन, आशुतोष गौड़, कुलबीर पंजेटा, सुभाष जिंदल व डॉक्टर अमन पंजेटा आदि उपस्थित रहे।

# 'हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान' का समापन

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 4 फरवरी।** योग विज्ञान विभाग, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद द्वारा आयोजित ÷हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान÷ का आज भव्य समापन । यह अभियान 29 जनवरी से 4 फरवरी 2025 तक चला, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और विभिन्न विभागों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व की सराहना करते हुए योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप नारा ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने इस अभियान के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुँचाने की प्रेरणा दी और विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने योग के प्रचार प्रसार के लिए और योग के क्षेत्र में भी रोजगार प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और व्यस्त जीवन में स्वास्थ्य बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में योग एक सशक्त माध्यम है, जो बिना किसी आर्थिक व्यय के व्यक्ति को संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि वे अपने परिवारों और समाज में योग का प्रचार-प्रसार करें।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह राजपूत ने बताया कि सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण योग प्रक्रिया है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित रखने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आज 350 विद्यार्थियों और 20 प्राध्यापकों ने एक साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संवर्धन का एक सशक्त साधन है, जो अनावश्यक आर्थिक व्यय से बचाते हुए जीवन को सुखमय बनाता है।

सूर्य नमस्कार अभ्यास का संचालन करा रहे सहायक प्राध्यापक आचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को योग के माध्यम से अपने जीवन को संवारने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में आहार, विहार और विचारों की अशुद्धता के कारण असाध्य रोग उत्पन्न हो रहे हैं, जिससे व्यक्ति का संपूर्ण जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे योग और सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, ताकि उत्तम स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली प्राप्त कर सकें।

योग विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. सुमन पूनिया ने इस सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी की सहभागिता से यह कार्यक्रम दिव्य और भव्य रूप से संपन्न हो सका। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी योग विज्ञान विभाग इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि योग को जन-जन तक पहुँचाया जा सके।







# पंजाब के दो पूर्व पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

**32 साल पुराने मामले में सीबीआई कोर्ट ने सुनवाई सजा, आतंकी कहकर मारा था**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 फरवरी।** अमृतसर में 32 साल पहले (1992 में) हुए बलदेव सिंह उर्फ देबा और कुलवंत सिंह के फर्जी एनकाउंटर मामले में मोहाली की विशेष सीबीआई अदालत ने आज (4 फरवरी को) दो पूर्व पुलिसकर्मियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

दोषियों में तत्कालीन एसएचओ मजीठा पुरुषोत्तम सिंह और एएसआई गुरभिंदर सिंह शामिल हैं। इन्हें हत्या और साजिश रचने के आरोप में सजा सुनाई है, जबकि इंस्पेक्टर चमन लाल और डीएसपी एसएस सिद्धू को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। हालांकि, फर्जी एनकाउंटर के समय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दावा किया था कि उक्त दोनों कट्टर आतंकवादी थे, जिन पर इनाम घोषित किया गया था।



वे हत्या, जबरन वसूली, डकैती आदि के सैकड़ों मामलों में शामिल थे। हरभजन सिंह उर्फ शिंदी यानी पंजाब की बेअंत सिंह सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह के बेटे की हत्या में भी शामिल था। हालांकि, हकीकत में उनमें से एक सेना का जवान था और दूसरा 16 साल का नाबालिग था।

इस मामले की जांच सीबीआई ने 1995 ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू की थी। सीबीआई की जांच में सामने आया कि बलदेव सिंह उर्फ देबा को 6 अगस्त 1992 एसआई मोहिंदर सिंह और हरभजन सिंह, तत्कालीन एसएचओ पीएस छहरटा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने गांव बसेरके भैनी में उसके घर से उठाया था। इसी तरह लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा फोर्ड निवासी गांव सुल्तानविंड को भी 12 सितंबर 1992 को प्रीत नगर अमृतसर में उसके किराए के घर से कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के साथ पकड़ा गया था, जिसका नेतृत्व एसआई गुरभिंदर सिंह, तत्कालीन एसएचओ पीएस मजीठा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने किया था।

**पुलिस ने फर्जी मुकाबला दिखाकर की थी हत्या:** जानकारी के मुताबिक अमृतसर जिले के भैणी बासकरे के फौजी जवान बलदेव सिंह देवा को जब वह छुट्टी आया हुआ था। पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया था। इसके बाद झूठा पुलिस मुकाबला दिखाकर उसकी हत्या कर दी थी। दूसरा मामला 16 साल के नाबालिग लखविंदर सिंह की हत्या से जुड़ा हुआ था। उसे भी इसी भी तरह घर से उठाकर मारा था। लेकिन इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। काफी समय तक परिवार वाले उनकी तलाश करते रहे। उन्होंने इस मामले में अदालत तक जंग लड़ी। इसके बाद इन मामलों की जांच पर पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

**सालगिरह मुबारक**



Two hearts, one love, countless memories. Happy anniversary, sahillvi-you amazing souls! Your journey together is a treasure, and we're lucky to witness it




## पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत पहुंचीं
### 8 वर्षों से श्मशान में मोक्ष प्राप्ति के इंतजार में थीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 4 फरवरी।** पाकिस्तान में कराची के पुराने गोलिमार क्षेत्र के हिंदू श्मशान घाट में वर्षों से अस्थि कलशों में रखीं 400 हिंदू मृतकों की अस्थियां सोमवार (3 फरवरी) को अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर के रास्ते भारत पहुंचीं। ये अस्थियां करीब 8 साल से श्मशान में रखी थीं। परिजन को इन्हें गंगा में प्रवाहित करने का इंतजार था।

महाकुंभ योग में भारत का वीजा मिलने के बाद रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा हुई। इसके बाद परिजन ने अस्थियों को अंतिम विदाई दी, ताकि मोक्ष के लिए इन्हें गंगा में विसर्जित किया जा सके।

इससे पहले, बुधवार (29 जनवरी) को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुराने कराची के गोलिमार श्मशान घाट पहुंचे थे, जहां अस्थि कलशों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। जिन परिवारों को अपने प्रियजनों की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित करनी थीं, वे श्मशान घाट पहुंचे, क्योंकि भारत में अस्थि विसर्जन के लिए श्मशान घाट की पर्ची और मृतक का मृत्यु प्रमाणपत्र अनिवार्य था।


कराची के निवासी सुरेश कुमार अपनी मां सील बाई की अस्थियों को हरिद्वार ले जाने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बीते सप्ताह तब राहत की सांस ली, जब उन्हें पता चला कि भारत सरकार ने 400 हिंदू मृतकों की अस्थियों के लिए वीजा जारी कर दिया है। उनकी मां की मृत्यु 17 मार्च 2021 को हुई थी और परिवार ने उसी समय भारत के वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन मंजूरी मिलने में काफी देरी हुई। सुरेश ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ का इंतजार करने का फैसला किया था, जो हर 144 साल में एक बार आता है।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)